अधिकतम तापमान 16.00* » न्यूनतम तापमान 7.00* » सूर्योदय 7:15 » सूर्यास्त 17:39 » डॉलर 81.29 » यूरो 88.14 »

# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष-07, अंक-207 | रविवार 15 जनवरी 2023 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 3 .00 रुपये

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

dainikbhaskarup.com

क्यूआर कोड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर




**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1949 में केएम. करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने, इस दिन को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# हमारे सैनिकों का अनुशासन भीष्म पितामह की तरह : रक्षा मंत्री

भास्कर ब्यूरो



देहरादून। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे जवानों का अनुशासन भीष्म पितामह की तरह है। भारतीय सेना अनुशासन और दृढ़ प्रतिज्ञा का पर्याय है। सशस्त्र बलों के जवानों के साहस और बलिदान के कारण हमारे नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं और अपना सिर ऊंचा करके चलते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों से सीधा संवाद मेरी प्राथमिकता रही है। शनिवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने यहां शहीद जसवंत सिंह मैदान में हुई वेटरन रैली में बतौर मुख्य अतिथि ये बातें कहीं। इस दौरान रक्षा मंत्री ने 'सॉल ऑफ स्टील' अल्पाइन चैलेंज अभियान की भी शुरुआत की। इससे पूर्व उन्होंने गढ़ी कैंट चीड़ बाग स्थिति शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने शौर्य स्थल पर उत्तराखंड के वीरगति प्राप्त योद्धाओं को पुष्प चक्र अर्पित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, पूर्व राज्यसभा सदस्य तरुण विजय मौजूद रहे। रक्षा मंत्री सिंह ने वेटरन की भीष्म पितामह से तुलना करते हुए कहा कि समाज के लिए संकल्पित पूर्व सैनिक बड़े से बड़ा काम कर सकते हैं। उत्तराखंड के वीरों की देश को जब-जब जरूरत पड़ी तो उन्होंने अपना योगदान बढ़ चढ़ कर दिया है। कारगिल युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाने में उत्तराखंड के जवानों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्र की वेदी पर जब आहुतियां पड़ने लगीं, तो क्या देहरादून, क्या पिथौरागढ़, क्या उत्तरकाशी, क्या उधम सिंह नगर, यानी समस्त उत्तराखंड के जवान अपनी जान हथेली पर लेकर खड़े हो गए थे।

**उत्तराखंड के जवानों का जोश और साहस सबसे ऊंचा है- राजनाथ सिंह**

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे उत्तराखंड के जवानों का जोश और उनका साहस सबसे ऊंचा है। इनके सामने बड़ी ऊंची से ऊंची चीजें भी बौनी पड़ जाती हैं। इस देश को जब-जब भी जरूरत पड़ी है तो उत्तराखंड के जांबाज बहादुरों ने अपने अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की। उनके बलिदान व त्याग को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। वीर चंद सिंह गढ़वाली के अलावा अन्य वीरों की बहादुरी की गाथा सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों के हौसलों ने हमेशा दुश्मनों को चित किया है। दुश्मन के पास पहले अधिक हथियार होते थे लेकिन हमारे जवान के विश्वास के सामने वो हमेशा चित हुए। आज भारत का कद ऊंचा हुआ है। आज भारत बोलता है तो सारी दुनिया आंख खोलकर सुनती है। आज भारत की शक्ति को बखूबी दुनिया देख रही है। हमारे बहादुर जवान देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हर संकट से उबार सकते हैं। देश में विभिन्न क्षेत्र के लोग राष्ट्र कार्य में योगदान दे रहे हैं।

### रक्षा मंत्री ने दून के चीड़बाग में शौर्य स्थल का किया उद्घाटन

देहरादून। रक्षा मंत्री शनिवार को वेटर्न्स डे पर देहरादून पहुंचे। उन्होंने यहां गढ़ी कैंट-चीड़बाग में शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। सेना की ओर से जसवंत मैदान पर वेटर्न्स डे रैली का कार्यक्रम किया गया है। रक्षा मंत्री इसमें शामिल होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जौलीग्रांट एयरपोर्ट से डीएसओ हेलीपैड पहुंचे और यहां से सड़क मार्ग होते हुए गढ़ी कैंट- चीड़बाग में शौर्य स्थल पहुंचे और यहां उन्होंने शौर्य स्थल का उद्घाटन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री शहीद जसवंत सिंह मैदान (पूर्व में महिंद्रा ग्राउंड) में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को संबोधित करने के साथ सोल आफ स्टील एल्पाइन चैलेंज का भी उद्घाटन करेंगे, जो भारतीय सेना और क्लाव ग्लोबल (विशेष बलों के दिग्गजों की ओर से संचालित एक संगठन) की अपनी तरह की एडवेंचर स्पोर्ट्स की संयुक्त पहल है।

# जोशीमठ भू-धंसाव : 782 भवनों में आईं दरारें, पानी का प्रवाह बढ़ा

देहरादून। जोशीमठ भू-धंसाव से आई आपदा में शनिवार को पानी का डिस्चार्ज बढ़कर 240 एलपीएम पहुंच गया है। अभी तक 782 भवनों में दरारें आई हैं और असुरक्षित क्षेत्रों से 223 परिवार को विस्थापित किया जा चुका है। आपदा विभाग का कहना है कि बारिश और बर्फबारी के चलते बढ़ोतरी हुई है। इसके अन्य कारणों के लिए संस्थानों से बातचीत की जाएगी। शनिवार को सचिव आपदा प्रबन्धन डा.रंजीत कुमार सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि जोशीमठ की जेपी कॉलोनी में पानी का डिस्चार्ज शुक्रवार को 190 एलपीएम था जो अचानक बढ़कर 240 एलपीएम हो गया है। इसके लिए संस्थानों से बात कर कारण को जाना जाएगा। यह पानी बारिश और बर्फबारी से भी बढ़ा होगा। डा. सिन्हा ने बताया कि विस्थापित परिवारों के लिए मॉडल टेंपररी शेल्टर बनाए जा रहे हैं। ऐसी जमीन जो सुरक्षित हैं ये शेल्टर बनाए जाएंगे। सीआरबीआई की ओर से अप्रूव्ड कंपनी घर बनाएगी जो 400 रुपये/स्क्वायर फीट के हिसाब से होगा। उन्होंने बताया कि कितना मुआवज़ा दिया जाएगा। इसके लिए सर्वे चल रहा है, उसके हिसाब से ही तय होगा। आपदा प्रबंधन की टीम जोशीमठ का रविवार को दौरा करेगी। इसमें आपदा अपर सचिव, जियोलॉजिस्ट और केंद्रीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रति परिवार विस्थापन के लिए अग्रिम के रूप 125 परिवारों को 1 करोड़ करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि वितरित की गई है।

# मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई का छापा, दिल्ली के डिप्टी सीएम बोले-स्वागत है

- **जांच एजेंसी ने कहा- अफसर सिर्फ कागज लेने गए थे**

भास्कर ब्यूरो



नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को ट्वीट कर दावा किया कि सीबीआई ने उसके दफ्तर पर छापा मारा है। उन्होंने टीम का स्वागत किया। इधर, जांच एजेंसी ने छापे की बात से इनकार करते हुए कहा- हमारे अफसर उनके दफ्तर से कुछ कागज लेने गए थे।

सिसोदिया ने अपने ट्वीट में लिखा- सीबीआई उनके घर पर पहले भी छापा मार चुकी है। उनके गांव भी पहुंच चुकी है। सीबीआई को उनके खिलाफ ना कुछ मिला है, ना कुछ मिलेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है। उन्होंने ईमानदारी से बच्चों की शिक्षा के लिए काम किया है। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित आबकारी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। एजेंसी ने सिसोदिया समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने इस केस में सिसोदिया से कई घंटे पूछताछ की थी और उनके आधिकारिक आवास पर छापे मारे थे।

**चार महीने पहले सीबीआई ने खंगाला था सिसोदिया का बैंक लॉकर**

दिल्ली की शराब नीति में गड़बड़ी के मामले में जांच में जुटी सीबीआई ने चार महीने पहले डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी पूरी की। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 4 की पंजाब नेशनल बैंक में मनीष सिसोदिया का बैंक लॉकर है। सीबीआई की टीम ने बैंक में 45 मिनट तक लॉकर की जांच की।

## कारोबारी के घर एएसआई की छापेमारी



100 करोड़ से अधिक की पुरातात्विक सामग्री बरामद

उत्तर। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के देगंगा में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की टीम ने एक कारोबारी के घर छापेमारी कर 100 करोड़ से अधिक की पुरातात्विक महत्व की सामग्री बरामद की है। कारोबारी का नाम असदुज्जमां है। पुरातत्व विभाग में एडमिनिस्ट्रेशन जनरल एंड वेलफेयर ट्रस्टी विप्लव रॉय ने एक अन्य महिला अधिकारी के साथ मिलकर शुक्रवार शाम असदुज्जमां के घर छापेमारी की थी।

शनिवार को एएसआई की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि विप्लव रॉय और महिला अधिकारी को पति-पत्नी बनाकर छापेमारी की योजना बनाई गई थी। दोनों को चंद्रकेतुगढ़ में पता चला था कि असदुज्जमां के घर बड़ी मात्रा में पुरातात्विक महत्व के सामान रखे हुए हैं। दोनों जब असदुज्जमां के घर पहुंचे तो अपना परिचय दिल्ली निवासी बताया और यह भी बताया कि वह गंगासागर आए हैं। उन्हें पुरातत्व से जुड़ी सामग्रियों के संग्रह का शौक है। वह देखना चाहते हैं कि असदुज्जमां के पास क्या-क्या है।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव पंचतत्व में विलीन

- **बेटी शुभांगिनी और बेटे शांतनु ने दी मुखाग्नि पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर**

एजेंसी



नर्मदापुरम। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव पंचतत्व में विलीन हो गए। शनिवार शाम मप्र के नर्मदापुरम जिला स्थित उनके पैतृक गांव आंखमऊ में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ।

उनकी बेटी शुभांगिनी और बेटे शांतनु ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शरद यादव की पार्थिव देह शनिवार दोपहर चार्टर्ड विमान के जरिए दिल्ली से भोपाल लाई गई। यहां राजा भोज विमानतल पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा समेत कुछ अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।







## साप्ताहिक बंदी में बंद रखें दुकानें

**बदायूँ।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी सतेन्द्र कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शुक्रवार नगर पालिका बिसौली में साप्ताहिक बन्दी सुनिश्चित कराये जाने हेतु कार्यवाही की गयी है। उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा नगर बिसौली में शुक्रवार का दिन साप्ताहिक बन्दी हेतु निर्धारित किया गया है।

# योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूरे देश को दिशा दिखाने का कर रहा काम: सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह

## कारोबारी बेखौफ होकर जिले में स्थापित करें अपना उद्यम:सांसद


भास्कर ब्यूरो

**बागपत।** खंड विकास कार्यालय पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम पहुचे सांसद डॉ.सत्यपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुंडाराज, माफियाराज समाप्त किया है। यही कारण है कि अब उद्यमी बेखौफ होकर अपने कारोबार कर रहे हैं। जनपद में होने वाली इन्वेस्टर्स समिट के लिए उन्होंने कारोबारियों से निडर होकर जनपद में इन्वेस्ट करने की अपील भी की। दरअसल, बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह खंड विकास कार्यालय पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे थे। यहां पर उन्होंने गरीब लोगों को कम्बल वितरण करते हुए मकर सक्रांति की भी शुभकामनाएं दी। सांसद डॉ.सत्यपाल सिंह ने इस



दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रदेश में गुंडाराज, माफियाराज समाप्त हुआ है। जिस तरह से आकाश में ध्रुव तारा सभी को दिशा दिखाने का काम करता है, उसी तरह उत्तर प्रदेश भी हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश को दिशा दिखाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कारोबारियों के लिए सभी तरह की सुविधाएं देने का काम इस समय प्रदेश में किया जा रहा है। बागपत में होने जा रही इन्वेस्टर्स समिट के लिए उन्होंने उद्यमियों से अपील की कि वे बेखौफ होकर अपना कारोबार स्थापित करें। उनके लगाए गए कारोबार से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने सभी लोगों को मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी।

## पहासू क्षेत्र के नौ पंचायत सहायकों ने दिया इस्तीफा




**पहासू।** ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की जनसमस्याओं, मूल निवास, जन्म प्रमाण पत्र, खसरा खतौनी आदि समस्याओं का निस्तारण करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिवालयों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई थी। जिसमें ब्लांक के नौ ग्राम पंचायतों के सहायकों ने इस्तीफा दे दिया है। एडीओ पंचायत सुरेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि नौ ग्राम पंचायत चौढेरा, नारऊ, अहमदवास, स्यारली, रुंन्सी,बनैल, सालाबाद, नगला सारंगपुर,बरौला के पंचायत सहायकों ने अपने इस्तीफे दे दिये है। सभी रिक्त ग्राम पंचायतों के पदों भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही सभी रिक्त पदों को भरने के बाद ग्रामीणों की जनमस्याओ का निस्तारण सचिवालयों में किया जाने लगेगा।

# डीएनपीजी गुलावठी कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया खिचड़ी का वितरण, लोगों ने भी की प्रशंसा

## विद्यादान के साथ अन्नदान सर्वाधिक परोपकारी कार्य: प्रो. त्यागी

भास्कर ब्यूरो

**गुलावठी।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुलावठी में जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कैंप लगाकर खिचड़ी-प्रसाद का वितरण किया, वहीं डीएनपीजी गुलावठी के स्टूडेंट्स ने प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी एवं कॉलेज स्टाफ के समस्त लोगों की मौजूदगी में खिचड़ी का वितरण कर प्रशंसनीय कार्य किया। डीएनपीजी कॉलेज के स्टूडेंट्स द्वारा प्रसाद बांटने के कार्य पर लोगों ने भी छात्र-छात्राओं के कार्य की सराहना की। साथ ही कॉलेज प्राचार्य एवं स्टाफ के मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की।

देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी द्वारा मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर लोगों को खिचड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी सहित समस्त स्टाफ ने



महाविद्यालय के बाहर पंडाल लगाकर विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी ने कहा कि विद्यादान के साथ अन्नदान सर्वाधिक परोपकारी कार्य है।

स्टूडेंट्स को शिक्षा ग्रहण करने के साथ पुण्यकार्यों की भी सीख लेनी चाहिए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कृत विभाग के हरिदत्त शर्मा ने स्वस्तिवाचन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के लोग व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

## सार सुर्खियां

### करोड़ों की सुख संपत्ति को छोड़कर दीक्षा ग्रहण करेंगे संभव जैन



बागपत। जनपद के बड़ौत नगर में प्राचीन काल से जैन समाज एवं संस्कृति का प्रमुख केंद्र रहा है, यहां जन्म लेने वाले सैकड़ों महापुरुषों ने संन्यास ग्रहण कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उसी श्रंखला में नगर निवासी संभव जैन पुत्र रोहित जैन ( रोहित स्वीट ) आगामी 26 जनवरी बसंत पंचमी के दिन जैन भागवती दीक्षा होने जा रही है। शनिवार को स्थानकवासी जैन समाज मंडी बड़ौत द्वारा जैन स्थानक में प्रेस वार्ता का आयोजन कर दीक्षा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।पत्रकरों से बातचीत के दौरान दीक्षार्थी वैरागी संभव जैन ने कहा कि कोरोना महामारी ने संपूर्ण विश्व को जीवन की नश्वरता का बोध कराया है और उसी समय एक दुकान पर बैठे आदमी को कुछ लोगों ने गोली मार दी और उसकी मौत हो गई तो उसी समय में मुझे भी वैराग्य उत्पन्न हुआ और मैं जैन साधु दीक्षा लेने के मार्ग की ओर बढ़ा। इस धार्मिक और आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर मैं पूरे विश्व को एक संदेश अहिंसा और करुणा का देना चाहता हूं। इस कार्य में मेरे पिता रोहित जैन, दादा हरीश जैन, चाचा राहुल जैन, मां दीपा जैन का पूर्ण सहयोग एवं सहमति है।इस दौरान वैरागी संभव जैन के पिता रोहित जैन, स्थानकवासी समाज के अध्यक्ष शिखर चंद जैन, महामंत्री संजय जैन, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, मूलंचन्द जैन, राहुल जैन, भारत, भूषण जैन, प्रवीण जैन, अनुज जैन भी उपस्थित रहे।

### विधायक ने मलिन बस्ती में जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**सिकंदराबाद।** स्थानीय विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने मकर संक्रांति पर्व पर जहां मलिन बस्तियों में कंबल वितरित किए ,वही आवास पर खिचड़ी का वितरण किया। मकर संक्रांति पर्व पर शनिवार की दोपहर स्थानीय विधायक ठाकुर लक्ष्मी राज सिंह ने नगर के मोहल्ला खत्री वाड़ा में मलिन बस्ती में जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया । दौरान उन्होंने वासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य करने के लिए प्रसिद्ध है।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश चंद्र शर्मा,गिरिराज सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष पिंकी वोहरा, नगर खा मंत्री नरेंद्र सैनी, अरुण प्रजापति राजू सैनी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उद्यान से जुड़ी चार फर्मों पर 85 हजार रुपए का जुर्माना



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने चार फर्मों पर 85 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। उद्यान कार्यों में लापरवाही करने पर यह कार्रवाई की गई है। जुमार्ने के रकम की वसूली इन फर्मों के मासिक बिलों के भुगतान में से कटौती कर की जाएगी। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने शहर की हरियाली को दुरुस्त करने के लिए उद्यान विभाग को अभियान चलाने का निर्देश दिया है, जिसमें पार्कों, ग्रीन बेल्ट, रोड साइड ग्रीनरी आदि शामिल हैं। सीईओ के निर्देश पर उद्यान विभाग की टीम सेक्टरों में मौके पर जाकर निरीक्षण कर रही है। रोड साइड ग्रीनरी का भी जायजा ले रही है। खामी मिलने पर लापरवाही करने वाली फर्मों पर कार्रवाई भी कर रही है। उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर गामा वन व टू का निरीक्षण किया। इन दोनों सेक्टरों में हॉर्टिकल्चर से जुड़े कार्य मानकों के अनुरूप नहीं मिले। सिंचाई न होने की वजह से सेक्टर में लगे पौधे व घास सूख रही है। पार्कों में कई जगह गड्ढे मिले। ग्रीन बेल्ट में झाड़ियों की सफाई नहीं की गई है। पेड़-पौधों के थांवले की निराई-गुड़ाई के कार्य नहीं हो रहे हैं, जिसके चलते उद्यान विभाग की तरफ से राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 30 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इसी तरह उद्यान विभाग की टीम ने बीटा वन व टू का भी निरीक्षण किया। इन दो सेक्टरों में भी पार्कों, ग्रीन बेल्ट व अन्य हॉर्टिकल्चर कार्यों का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा, जिसके चलते बाबा कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। सेक्टर अल्फा वन व टू के निरीक्षण के दौरान भी यही सब खामियां मिलीं। पाथवे का मरम्मत नहीं किया जा रहा। पार्कों की बाउंड्री वॉल की रंगाई-पुताई नहीं की गई है। कार्य स्थल पर अनुबंध के अनुरूप श्रमिक नहीं मिले, जिसके चलते मिलेनियम एग्रीटेक पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

### डीएम ने निमार्णाधीन मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण

**बदायूँ।** विकासखण्ड बिसौली के ग्राम बगरैन में प्रस्तावित भूमि 8333.00 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 465.01 लाख रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। कार्य पूर्ण करने की तिथि 17 मार्च 2023 है। शुक्रवार को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने ग्राम बगरैन पहुंचकर निमार्णाधीन स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं मानक के अनुसार किया जाए। बाउंड्री वॉल पर प्रकाश व्यवस्था की जाए। अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण करके समय से हस्तांत्रित किया जाए। मैदान का समतलीकरण कराकर ट्रैक बनाया जाए। थर्ड पार्टी से निर्माण कार्य का सत्यापन करा लिया जाए। यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 के परियोजना प्रबन्धक ने अवगत कराया है कि बाउन्ड्रीबॉल प्लास्टर कार्य पूर्ण एवं मल्टीपरपज हॉल के आगे के भाग का स्लैव कार्य पूर्ण प्लास्टर प्रगति पर मल्टीपरपज हॉल का चिनाई कार्य ट्रस लेवल पर मुख्य भवन में पी०सी०सी० कार्य पूर्ण एवं मल्टीपरपज हॉल की सी०सी० का कार्य पूर्ण एवं ट्रर्स कार्य प्रगति पर रू0 218.50 लाख का यू0सी0 18 जुलाई 2022 एवं रू0 250.00 लाख का यू०सी० 06 दिसम्बर 2022 को प्रेषित किया जा चुका है।

# पिछली सरकारों ने किसानों के विरोध में कभी नहीं किय काम, भाजपा सरकार में हो रहा किसानों का उत्पीड़न: नरेश टिकैत

भास्कर ब्यूरो

**बड़ौत।** भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि खेती घाटे का सौदा होती जा रही है। सरकार का इस तरफ ध्यान नहीं है।प्रदेश सरकार ने पांच साल में 25 रुपये प्रति कुंतल ही बढ़ाए है,जबकि लागत में चार गुना वृद्धि हो गई। नरेश टिकैत शनिवार को नगर में रालोद नेता अरूण तोमर उर्फ बोबी के प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। फसलों के दाम बढ़ नहीं रहे। बिजली की दरे बढ़ रही है।



किसानों को फसलों का उचित दाम नहीं मिलता। पंजाब में किसानों को फ्री बिजली मिल रही है। किसानों को फसलों को बचाने के लिए आंदोलन करने पड़ रहे हैं। दिल्ली-सहारनपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर में किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

बकौल नरेश टिकैत पिछली सरकारों ने किसानों के विरोध में कभी काम नहीं किए। उन सरकारों में भी किसान आंदोलन करते थे। किसानों की मांग मानी जात थी,लेकिन इस सरकार में किसानों की मांग मनाने के बजाए उन पर मुकदमें दर्ज किए जा रहे है। प्रदेश में कई किसान संगठन किसानों की लड़ाई लड़ रहे है,लेकिन कुछ लोग किसानों के हमदर्द बनने का नाटक कर जयचंद का रौल अदा कर रहे है। इस मौके पर बिनौली प्रमुख कुलदीप तोमर, सुभाष चौहान, नरेश ठेकेदार,पूर्व प्रधान श्रीपाल सिंह,बबलू, श्याम बाबू बाल्मिकी, गौरव बड़ौत आदि मौजूद रहें।

# तिलक कार्यक्रम आज से शुरू



भास्कर ब्यूरो

**बड़ौत।** दीक्षा महोत्सव के मुख्य संयोजक डॉ अमित राय जैन ने बताया कि रविवार से नगर में जैन समाज की ओर से दीक्षार्थी को तिलक किया जाएगा। 16 तारीख को मंडी स्थानकवासी जैन समाज की ओर से विधिवत तिलक की रस्म संपन्न होगी। 18 जनवरी को अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर में तिलक का कार्यक्रम संपन्न होगा। 22 जनवरी को दीक्षार्थी के द्वारा सन्यास के समय पहने जाने वाले वेशभूषा के कपड़ों पर केसर के पवित्र चिन्ह अंकित किए जाएंगे। 24 जनवरी को महिला संगीत संध्या का कार्यक्रम संपन्न होगा। 25 जनवरी को दीक्षार्थी को मेहंदी लगाई जाएगी। 26 तारीख को प्रातःकाल में दीक्षार्थी को घर से विदाई का वीर तिलक होगा। उसके पश्चात शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल ऋषभदेव सभागार पहुंचेगी। वहां पर जैन मुनि तपस्वी धन्ना मुनि महाराज दीक्षार्थी को दीक्षा का पाठ प्रतिज्ञाबद्ध होकर पढ़ाएंगे।

# लूट/चोरी की योजना बनाते हुए तीन आरोपी गिरफतार

भास्कर ब्यूरो

**छतारी।** थाना क्षेत्र में इन दिनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चल रहे अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार की रात्रि करीब नौ बजे तीन आरोपी अवैध असलहा, एक टैम्पो सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिए है।

थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराधियों को पकड़ने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार की रात्रि करीब नौ बजे एक खास मुखबिर से सूचना मिली कि तीन बदमाश क्षेत्र में लूट व चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए नगलिया के आम के बाग में बैठे हुए है। सूचना को सही मानते हुए मय पुलिस टीम ने



मौके पर जाकर तीनों आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पुछताछ में तीनों आरोपीयों ने अपने नाम प्रेमशंकर पुत्र हुकुम सिंह निवासी गांव भोजपुर नारी थाना अतरौली अलीगढ़,अजय उर्फ विजय पुत्र ज्ञानप्रकाश निवासी ग्राम सुखरावली थाना महुआ खेड़ा अलीगढ़, कपिल कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र उर्फ सुशील निवासी मौहल्ला होली चौंक किशनपुर थाना क्वार्सी अलीगढ़ बताया है। पकड़े हुए तीनों आरोपीयों पर मौके से एक तमंचा तीन सौ बोर मय जिंदा कारतूस,दो नाजायज चाकू, एक टैम्पो न0-वढ813उळ8580( सीज शुदा अन्तर्गत धारा 207एमवी एक्ट) बरामद किया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपी शातिर किस्म के बदमाश है व इन तीनों पर काफी सारे मुकदमे अलग अलग थानों में दर्ज हैं। तीनों आरोपीयों पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

# मकर संक्रांति पर नगर में जगह जगह बांटा प्रसाद

## प्रसाद वितरण के दौरान पूर्व विधायक बिमला सोलंकी भी रही मौजूद

भास्कर ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** मकर संक्रांति के मौके पर नगर भर में जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं व्यापारियों ने भंडारे लगाकर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। मंदिरों में हवन पूजन किए गए। श्रद्धालुओं ने खिचड़ी और वस्त्र आदि दान किए। इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 2 दिन मनाया जा रहा है कुछ श्रद्धालु 14 जनवरी को तो कुछ 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाएंगे जबकि ज्यादातर लोगों ने शनिवार को 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति का पर्व मनाया है इस मौके पर नगर के हनुमान चौक पर समाजसेवी पंडित राकेश शर्मा



द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया इस दौरान भाजपा की पूर्व विधायक विमला सिंह सोलंकी भी मौजूद रहीं। वहीं भाजपा कैंप कार्यालय पर नगर अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया ,सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर पर गोवर्धन सेवा समिति द्वारा स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया ,बड़ा बाजार ने हरिओम पंसारी द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।इस दौरान श्रद्धालुओं ने अन्य वस्त्र आदि भी दान किए। इस दौरान समाजसेवी मनोज सिद्ध भी मौजूद रहे।

# जनकल्याणकारी दिवस के रुप में मनाया जाएगा बहन मायावती का जन्मदिन : श्रीपाल

## बहनजी के जन्मदिन पर बसपा कार्यकर्ता नगरीय निकाय चुनाव में बसपा को जिताने का संकल्प लेंगे : देवेंद्र भारती



भास्कर ब्यूरो

**हापुड़।** लज्जापुरी स्थित हापुड़ विधानसभा सदर के पूर्व प्रत्याशी श्रीपाल के कार्यालय पर बसपा कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयरन लेडी बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र भारती ने कहा कि जिले भर के बसपा कार्यकर्ता एकत्रित होकर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का जन्मदिन 15 जनवरी को बुलंदशहर रोड स्थित उर्मिला सेलिब्रेशन हॉल में सुबह 10 बजे से हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। इसी के साथ ही बसपा कार्यकर्ता आगामी नगरीय निकाय चुनाव में बसपा को पूर्ण बहुमत दिलाने के लिए संकल्प लेंगे। विधानसभा सदर के पूर्व प्रत्याशी श्रीपाल ने कहा कि आयरन लेडी बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इसके लिए जनपद के सभी बसपा कार्यकताओं को सूचित कर दिया गया है।

बैठक में मंडल कोर्डिनेटर सतीश प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष ऐके कर्दम, जिला महासचिव डॉ. विनोद कार्तिक, विधानसभा अध्यक्ष मुकेश आजाद, राजकुमार सागर, सतीश कश्यप, महेश टायर वाले सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार किसानों का शोषण कर पूंजीपतियों को पहुचा रहीं फायदा: रामपाल धामा

**बिनौली (भास्कर ब्यूरो)।** रालोद के किसान संदेश अभियान के तहत शनिवार को बुढेडा गांव में कार्यकताओं की सभा हुई। जिसमें वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताया।सभा में जिलाध्यक्ष रामपाल धामा ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। विडंबना ये है कि पेराई सत्र शुरू हुए दो माह बीत चुके हैं, लेकिन प्रदेश सरकार ने अभी तक मूल्य घोषित नही किया है। निजी मिल मालिकों से सरकार की मिलीभगत के चलते मूल्य घोषित नही किया जा रहा है। करोड़ों रुपए बकाया भुगतान भी निजी मिले दबाए बैठी हैं। उन्होंने कहा रालोद अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद जयंत सिंह किसानों के हकों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जयवीर तोमर एडवोकेट ने कहा कि रालोद ने हमेशा किसान, मजदूर व वंचितों के लिए काम किया है। प्रमेंद्र तोमर ने कहा कि बेसहारा गौवंश व आवारा पशु फसलों को भारी नुकसान कर किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहे हैं। सरकार के पास इनको काबू करने का कोई प्लान नही है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल धामा का ढोल नगाड़ों व फूलमालाओं से जोरदार स्वागत भी किया। विजेंद्र भाटी के संचालन में हुई सभा मे डॉ.योगेश जिन्दल, राजू तोमर सिरसली, विकास बाछोड, ओमवीर तोमर, श्रीकांत धामा, वीरेंद्र बैंसला, मोहित मुखिया, बबली तोमर, नरेश त्यागी, महेन्द्र, मोनू फौजी, बसन्त आदि मौजूद रहे।


## ग्राम पंचायत रुन्सी विकास खंड पहासू जनपद बुलन्दशहर

**विज्ञापन**

पत्रांक- मीमो/ शासनादेश संख्या-4376/33-3-2022-989/2021, दिनांक- 04.01.2022 के अन्तर्गत पंचायत सहायक/ एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नलिखित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आमंत्रित किये जाते है।

>> कुल रिक्त पद - 01

>> ग्राम पंचायतवार व वर्गवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट www.panchayatirajup.nic.in पर उपलब्ध है।

>> आवेदन तिथि 17.01.2023 से 02.02.2023 तक

**पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय-सारिणी**

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराये जाने की अवधि | 14 जनवरी, 2023 से 16 जनवरी, 2023 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय के आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 17 जनवरी, 2023 से 02 फरवरी, 2023 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने की अवधि | 03 फरवरी, 2023 से 08 फरवरी, 2023 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराये जाने की अवधि | 09 फरवरी, 2023 से 16 फरवरी 2023 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण संस्तुति | 17 फरवरी, 2023 से 24 फरवरी, 2023 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कराये जाने की अवधि | 25 फरवरी, 2023 से 27 फरवरी, 2023 तक |

**आवेदन की प्रक्रियाः-** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रुप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42 / 2021 /1235/33-3-2021-989. दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रुन्सी विकास खंड पहासू**
**जनपद बुलन्दशहर**

# ऑटो एक्सपो-2023: वीकेंड का शो रहा हाउसफुल, लगभग एक लाख पहुंचे दर्शक

## वीकेंड के साथ मकरसंक्रांति की छुट्टी होने की वजह से दिल्ली एनसीआर से बड़ी संख्या में परिवार के साथ पहुंचे लोग












**राजेश गौतम**

- आम जनता के लिए खुलते ही उमड़ी भीड़, इंट्री गेट पर दर्शकों की लगी लंबी कतार
- चमचमाती गाड़ियों का दीदार करने के लिए बड़ी मशक्कत करते नजर आए दर्शक
- ऑटो एक्सपो प्रदर्शनी में चमचमाती गाड़ियों के साथ फोटो व सेल्फी के लिए युवाओं में दिखा क्रेज

**ग्रेटर नोएडा।** एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में चल रहा ऑटो एक्सपो द मोटर वाहन शो-2023 शनिवार को आम जनता के लिए खोल दिया गया। इसी के साथ दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। उम्मीद से कहीं अधिक दर्शक आने से वीकेंड शो हाउसफुल रहा। एक्सपो मार्ट के अंदर व बाहर चारों तरफ लोग ही लोग दिखाई दे रहे थे।

पवैलियन में चमचमाती गाड़ियों का दीदार करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों के ठंड में पसीने छूट गए। वीकेंड पर लगभग एक लाख लोग पहुंचे। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चर्स (सियाम) द्वारा 11 से 18 जनवरी तक आयोजित ऑटो एक्सपो द मोटर वाहन शो शनिवार को आम दर्शकों के लिए खोल दिया गया।

वीकेंड के साथ मकरसंक्रांति की छुट्टी होने की वजह से दिल्ली एनसीआर से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ ऑटो शो देखने पहुंचे। ऑटो एक्सपो का जुनून हर आयु वर्ग के लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। युवाओं के साथ बुजुर्ग भी पहुंचे। शो शुरू होने के निर्धारित समय सुबह 11 बजे से पहले ही लोगों का आना शुरू हो गया था। दोपहर 12 बजे तक इंट्री गेट व टिकट काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लग गई। पॉर्किंग भी लगभग फुल हो गई थी। ऑटो एक्सपो के अंदर की बात करें तो सभी वाहन निमार्ता कंपनियों के पवैलियन में खड़े होने की जगह नहीं मिल रही थी। हालत यह थी कि चमचमाती गाड़ियों का दीदार करने के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ा।


### परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने की मौज मस्ती

ऑटो एक्सपो में परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने गाड़ियों का दीदार करने के साथ जमकर मौज मस्ती की। फूड कोर्ट में जहां लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया, वहीं कुछ वाहन निमार्ता कंपनियों द्वारा तैयार किए फन प्वाइंट में बच्चों ने मौज मस्ती की।

### गाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाने की होड़-

ऑटो एक्सपो शो में पहुंचे दर्शक इस पल को यादगार बनाने के लिए चमचमाती गाड़ियों के साथ फोटो व सेल्फी लेने में सबसे ज्यादा व्यस्त रहे। यही नहीं कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से घर बैठे परिजनों को भी ऑटो एक्सपो में सजी गाड़ियों को दिखाने को लेकर युवाओं में जबरदस्त क्रेज दिखाई दिया।



# भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ में आयोजित बैठक में एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने लिया भाग




**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह व महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ बैठक में प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ श्रीचंद शर्मा ने प्रदेश की छः सीटों के स्नातक व शिक्षक एम.एल.सी चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही इन सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने हेतु रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों समेत चुनाव में लगे हुए लोगों के साथ बैठक की गयी।

# साइबर अपराध से बचने के लिए ईपीसीएच ने किया जागरूकता सेमिनार का आयोजन




**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** साइबर अपराध का ग्रॉफ तेजी से बढ़ रहा है। साइबर ठग हर रोज किसी न किसी को अपना शिकार बना रहे हैं। इसको देखते हुए हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। हस्तशिल्प निर्यातक साइबर अपराध से अपने बिजनेस की सुरक्षा कैसे करें, इस बारे में उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट रक्षित टंडन ने साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने व्यक्तिगत जानकारियों की हैकिंग, रैनसमवेयर जैसे प्रमुख बिजनेस खतरों, डेटा ब्रीच, प्रमुख बिजनेस खतरों, सिम स्वैपिंग, वित्तीय धोखाधड़ी और इस तरह की अन्य चीजों का उदाहरण पेश किया। उन्होंने यह भी बताया कि साइबर अपराध से कैसे बचा जा सकता है और इसे रोकने के उपायों के लिए सुझाव भी दिए, जैसे कारगर एंटी वायरस सॉफ्टवेयर के उपयोग से वायरस और मैलवेयर से सुरक्षा, ऑपरेटिंग सिस्टम और इंटरनेट सुरक्षा के लिए अपडेटेड सॉफ्टवेयर का होना जरूरी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी निजी जानकारियों को लॉक रखा जाना चाहिए। वहीं साइबर सेल के अधिकारी अंकित वर्मा ने बताया कि साइबर अपराध से संबंधित घटनाएं बढ़ रही हैं, क्योंकि साइबर अपराधी लोगों की कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल नामक एक ऑनलाइन पोर्टल स्थापित किया है, जिसमें व्यक्ति किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इस मौके पर ईपीसीएच के महानिदेशक राकेश कुमार ने बताया कि इस आयोजन के दौरान आशीष तिवारी, आईपीएस – एसएसपी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश पुलिस; राकेश कुमार, सहायक डीजीएफटी सीएलए कानपुर; अंकित वर्मा, साइबर सेल, उत्तर प्रदेश पुलिस; रक्षित टंडन, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ; अवधेश अग्रवाल, सहयोजित सदस्य – सीओए ईपीसीएच और अध्यक्ष – आईएचजीएफ दिल्ली फेयर स्प्रिंग 2023 रिसेप्शन कमेटी; मुकेश बंसल, संयुक्त संयोजक – क्षेत्रीय समिति मध्य क्षेत्र, ईपीसीएच; राजेश रावत, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक ईपीसीएच और फिरोजाबाद के प्रमुख निर्यातक व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे का यथार्थ अस्पताल ने किया निःशुल्क इलाज



**ग्रेटर नोएडा।** यथार्थ अस्पताल ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नौ साल के बच्चे यश का निःशुल्क इलाज कर मानवता की मिसाल पेश की है। घायल बच्चे को पुलिस, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व किसान यूनियन के सहयोग से भर्ती कराया गया था। बच्चे को जिस समय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उस समय उसके परिजन नहीं थे। पेडियेट्रिक इंटेनसिविस्ट डॉ. कुशाग्र गुप्ता की अध्यक्षता में आपातकालीन डॉक्टरों की टीम ने बच्चे का तुरंत इलाज शुरू किया। जीवन रक्षक उपाय के रूप में श्वास की नली डाली गयी और सभी सहायक उपचार किए गए। बच्चा दो दिन तक मैकेनिकल वेंटिलेटर पर रहा। सीटी स्कैन में दोनों तरफ के जबड़े का फ्रैक्चर पाया गया और खोपड़ी के बायीं ओर की सिर की हड्डी टूट के दिमाग में घुस चुकी थी। मरीज की हालत को देख कर सर्जनों की एक टीम बनाई गयी जिनमें न्यूरोसर्जन डॉ. पुनीत राणा व डॉ. अंकित और मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. सौरभ कुमार रावत शामिल थे। बच्चे को तुरंत मस्तिष्क और चेहरे की सर्जरी के लिए ले जाया गया। दोनों सर्जरी को एक साथ करना चुनौतीपूर्ण था, परन्तु बच्चे की जान बचाने के लिए आवश्यक था।

# ट्रक ने बुलेट में मारी टक्कर, छात्र की मौत

ग्रेटर नोएडा। बीटा–टू कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर अल्फा–वन के गेट नंबर एक के सामने हुए हादसे में बीटेक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। मृतक छात्र की पहचान विकास के रूप में हुई है। घायल छात्र का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बिहार का रहने वाला छात्र विकास ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर–201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 627/एस0टी0–एस0डी0एम0/2020 दिनांक 05.10.2020 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक मृतक स्व0 श्री जयराम पुत्र श्यामपाल निवासी ऊंची दनकौर,परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता स0 | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 601 | 49म, 57 66/1म 66/2म, 161म | स्व0 श्री जयराम पुत्र श्यामपाल निवासी ऊंची दनकौर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमती सुमरती | पत्नी | 75 वर्ष |
| | | | | श्री जितेन्द्र | पुत्र | 38 वर्ष |
| | | | | श्रीमती प्रीति | पुत्री विवाहित | 30 वर्ष |
| | | | | श्री धमेन्द्र | पुत्र | 26 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है। अथवा क्षेत्रफल कम किया जात है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समक्षा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेस्वे औ0 वि0 प्राधिकरण


# लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय कांफ्रेंस का हुआ आयोजन




**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। तकनीक के माध्यम से हो रहे आधुनिक बदलाव पर विस्तार से कांफ्रेंस में चर्चा किया गया। कॉन्फ्रेंस का शुरूआत करते हुए लॉयड समूह के प्रेसिडेंट मनोहर थहरानी ने कहा कि आज तकनीक के बिना जीवन सरल नहीं है, आज हम अपने आसपास तकनीकी वस्तुओं से गिरे हुए हैं, जो सही इस्तेमाल से हमारे दैनिक जीवन को सुगम बनाता है। कॉन्फ्रेंस में आए अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर डॉ राजीव अग्रवाल ने किया। राजीव अग्रवाल ने बताया कि लॉयड कॉलेज ने आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर आने वाले समय में अपने कॉलेज में तकनीक में नए प्रयोगों को बढ़ावा देगा। हम अपने छात्रों को वर्तमान समय की चुनौतियों पर नए सुझाव के लिए प्रेरित करेंगे। राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में आए रितेश अग्रवाल एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट बिरलासोफ्ट ने बताया कि आज औद्योगिक जगत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग ,आईओटी जैसे तकनीकों के माध्यम से तेजी से विकास हो रहा है,जिसमें मुख्य रुप से शैक्षणिक जगत से आने वाले शोध पत्रों के द्वारा हमें अहम जानकारियां मिलती है। कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ विश्वास त्रिपाठी रजिस्टर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने बताया कि आज स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के माध्यम से कई लाइलाज बीमारियों का भी इलाज उचित तरीके से किया जा रहा है, विश्वास त्रिपाठी ने बताया कि आज सूक्ष्म स्तर पर जाकर हम शारीरिक बीमारियों को जांच कर सकते हैं यह भी तकनीक के माध्यम से ही संभव है। विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर जनरल एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा कैंपस डॉक्टर अजय राणा ने भी कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि आज हम सभी को सकारात्मक तरीके से बदलाव को स्वीकार करना होगा और छात्रों युवाओं को तकनीक के सहारे ही मौजूद चुनौतियों का हल ढूंढना होगा। नेशनल कांफ्रेंस के सचिव डॉ अरुण प्रताप श्रीवास्तव ने बताया कि 21वीं सदी तकनीकी सदी है, और आज इस कांफ्रेंस के माध्यम से हम लोग 56 पेपर प्रस्तुत करेंगे जिससे उम्मीद करते हैं कि समाज और राष्ट्र में व्याप्त चुनौतियों का हल ढूंढने में मदद होगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर डीन एकेडमिक डॉक्टर एलन राव, डॉक्टर काकोली राव ,डॉक्टर हर्षिता टुली,डॉ मनीष सारस्वत,रवि कालरा इरफान खान, सफदर अली, कृपाअंशु तिवारी, रोहित कुमार, डॉ विक्रम सिंह सहित सैकड़ों छात्र और शिक्षक मौजूद रहे।

# आबादी तोड़े जाने से किसानों में रोष, एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने मिला प्रतिनिधिमंडल

**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र के पतवारी, इटेड़ा, हैबतपुर, छोटी मिलक, रोजा याकूबपुर, बिसरख आदि गांवों के किसानों की आबादियों को प्राधिकरण द्वारा तोड़े जाने से लोगों में रोष है। शनिवार को इसके विरोध में किसान सभा गौतमबुद्ध नगर का एक प्रतिनिधि मंडल एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर रविशंकर छबि से मिला और ज्ञापन सौंपा। किसानों नेताओं ने अवगत कराया कि प्राधिकरण के कुछ अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने निजी हित के लिए किसानों से 6 फीसद व 10 फीसद आबादी के प्लॉटों को औने पौने दाम पर खरीद कर अन्य किसानों की वाजिब लीजबैक भूमि में नियोजित करा लिया है एवं किसानों की लीजबैक भूमि में गलत तरीके से तोड़फोड़ कर कब्जा कर रहे हैं, जिससे किसानों में भारी रोष है। इस संबंध में पहले से ही प्राधिकरण स्तर पर 6 फीसद प्लाट आवंटन घोटाले के संबंध में जांच चल रही है, इसलिए प्राधिकरण द्वारा पुलिस बल मांगे जाने से पूर्व तोड़फोड़ की जाने वाली इमारतों व आबादियों के संबंध में उनकी विधिक जानकारी अवश्य कर ली जाए। किसान नेता रूपेश वर्मा का कहना है कि गलत तरीके से आबादी तोड़े जाने से किसानों व पुलिस के बीच संघर्ष व हिंसा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रतिनिधि मंडल की बात सुन एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने इस संबंध में तोड़फोड़ के लिए चिन्हित संपत्तियों के संबंध में उनकी विधिक स्टेटस की जांच करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट परमेंद्र भाटी, नीरज भाटी एडवोकेट, मनोज, सुरेश, सतपाल, महाराज सिंह, राम सिंह सतबीर, विजयपाल आदि शामिल रहे।


## ग्राम पंचायत स्यारली विकास खंड पहासू जनपद बुलन्दशहर

**विज्ञापन**

पत्रांक- मीमो/ शासनादेश संख्या-4376/33-3-2022-989/2021, दिनांक- 04.01.2022 के अन्तर्गत पंचायत सहायक/ एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नलिखित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आमंत्रित किये जाते है।

>> कुल रिक्त पद - 01

>> ग्राम पंचायतवार व वर्गवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट www.panchayatirajup.nic.in पर उपलब्ध है।

>> आवेदन तिथि 17.01.2023 से 02.02.2023 तक

**पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय–सारिणी**

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराये जाने की अवधि | 14 जनवरी, 2023 से 16 जनवरी, 2023 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय के आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 17 जनवरी, 2023 से 02 फरवरी, 2023 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने की अवधि | 03 फरवरी, 2023 से 08 फरवरी, 2023 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराये जाने की अवधि | 09 फरवरी, 2023 से 16 फरवरी 2023 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण संस्तुति | 17 फरवरी, 2023 से 24 फरवरी, 2023 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कराये जाने की अवधि | 25 फरवरी, 2023 से 27 फरवरी, 2023 तक |

**आवेदन की प्रक्रियाः–** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रुप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42 / 2021 /1235/33-3-2021-989. दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत स्यारली विकास खंड पहासू**
**जनपद बुलन्दशहर**



## ग्राम पंचायत अहमदवास विकास खंड पहासू जनपद बुलन्दशहर

**विज्ञापन**

पत्रांक- मीमो/ शासनादेश संख्या-4376/33-3-2022-989/2021, दिनांक- 04.01.2022 के अन्तर्गत पंचायत सहायक/ एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नलिखित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आमंत्रित किये जाते है।

>> कुल रिक्त पद - 01

>> ग्राम पंचायतवार व वर्गवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट www.panchayatirajup.nic.in पर उपलब्ध है।

>> आवेदन तिथि 17.01.2023 से 02.02.2023 तक

**पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय–सारिणी**

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराये जाने की अवधि | 14 जनवरी, 2023 से 16 जनवरी, 2023 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय के आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 17 जनवरी, 2023 से 02 फरवरी, 2023 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने की अवधि | 03 फरवरी, 2023 से 08 फरवरी, 2023 तक |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराये जाने की अवधि | 09 फरवरी, 2023 से 16 फरवरी 2023 तक |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण संस्तुति | 17 फरवरी, 2023 से 24 फरवरी, 2023 तक |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कराये जाने की अवधि | 25 फरवरी, 2023 से 27 फरवरी, 2023 तक |

**आवेदन की प्रक्रियाः–** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रुप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42 / 2021 /1235/33-3-2021-989. दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत अहमदवास विकास खंड पहासू**
**जनपद बुलन्दशहर**

दैनिक भास्कर

# शामली



अवैध कॉलोनी की निशानदेही और कब्जा मुक्ति अभियान रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगा तथा प्राथमिकता के आधार पर सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया जाएगा।
**-प्रशांत अवस्थी,** तहसीलदार शामली

# सरकारी जमीन पर अवैध कालोनी, चला प्रशासन का बुल्डोजर

## भैंसवाल रोड स्थित सरकारी भूमि पर दीवार बनाकर काटी जा रही थी अवैध कालोनी

- प्रशासनिक टीम ने पुलिस के साथ ध्वस्त की दीवारें, हटवाया कब्जा

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** जिले में कुकरमुत्तों की तरह पनप रही अवैध कालोनियों पर जिला प्रशासन का बुल्डोजर चल गया। जिला प्रशासनिक टीम ने भैंसवाल रोड पर सरकारी भूमि पर अवैध रूप से काटी गई कालोनियों की दीवार व नींव को बुल्डोजर से ध्वस्त करा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रोपर्टी डीलरों में हडकंप की स्थिति बनी रही।

शामली के भैंसवाल रोड पर सरकारी भूमि खसरा नंबर-342/0.0510 हे0(उसर भूमि श्रेणी 6-4) को सम्मिलित कर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। भूमि पर अवैध रूप से दीवार बनाई जा रही थी।

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जनपद में लगातार अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के क्रम में शनिवार को तहसीलदार शामली प्रशांत अवस्थी द्वारा राजस्व व पुलिस विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के अनुसार सरकारी भूमि खसरा नंबर-342 को चिन्हित करते हुए लगभग 300 वर्ग मीटर भूमि से अवैध कॉलोनी का अतिक्रमण हटवाया गया और भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। मौके पर तहसीलदार के साथ राजस्व व पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही।





**इन्होंने कहा**
जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध कॉलोनी की निशानदेही और कब्जा मुक्ति अभियान रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगा तथा प्राथमिकता के आधार पर सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया जाएगा।
**-प्रशांत अवस्थी,** तहसीलदार शामली

## अतिक्रमण पर चला पालिका प्रशासन का पीला पंजा

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** नगर के मुख्य मार्ग पर सीओ कार्यालय और कोतवाली के निकट दोनों ओर फुटपाथ पर अतिक्रमण किया गया था। जहां खोखे रखकर और पटरी दुकानें लगाकर सामान बेचा जा रहा था। शनिवार को थाना दिवस में पहुंची डीएम जसजीत कौर के संज्ञान में मामला आया, जिस पर डीएम ने तत्काल अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद नगरपालिका के सफाई लिपिक रविंद्र कुमार व लेखपाल शमशेर सिंह अपनी टीमों के साथ जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई शुरू की, तो अतिक्रमणमारी कुछ दिनों मोहलत देने की गुहार लगाने लगे। इस दौरान टीम ने टिन शेड को तुड़वा दिया, जबकि खोखे और पटरी दुकानों को हटवा दिया गया। हालांकि, कुछ लोगों को अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए समय भी दिया गया।

# सोते हुए बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान

- चिकित्सकों ने मृत घोषित किया, परिवार में कोहराम

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** घर में सो रहा एक साल का मासूम बालक संदिग्ध हालत में घायल हो गया। परिजनों ने लहूलुहान बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार बालक के ऊपर भारी सामान गिरने से उसकी मौत हुई है, वहीं परिजनों का कहना है कि बालक पर किसी जानवर ने हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिम्भालका निवासी सुधीर उर्फ भूरा का एक साल का बच्चा था। बताया जाता है कि शनिवार को बालक घर में सो रहा था, तभी उसके रोने की आवाज सुनी तो परिजन उसके पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बालक लहूलुहान हालत में है, जिससे परिजनों में हडकंप मच गया। परिजन बालक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जहां परिजन बता रहे है कि बालक के ऊपर किसी जानवर ने हमला कर लहूलुहान कर दिया, वहीं चिकित्सकों का कहना है कि बालक के ऊपर कोई भारी सामान गिरा है, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के बालक का अंतिम संस्कार कर दिया।

## अवैध कब्जाधारियों पर जुर्माने के नोटिस चस्पा

**भास्कर ब्यूरो, कैराना।** गांव मामौर क्षेत्र में खाद के गड्ढों व नवीन परती की भूमि से प्रशासन ने अवैध कब्जा हटवाया था। भूमि के दोनों के कब्जाधारियों द्वारा जुर्माने की रकम अदा नहीं करने पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। गांव पंजीठ निवासी समरयाब ने मामौर में खाद के गड्ढो की 0.0400 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा करके प्राइवेट स्कूल बना रखा था। इसके अलावा मामौर में ही नवीन परती की 0.0410 हैक्टेयर भूमि पर मेहरबान निवासी पटनी परतापुर हाल निवासी मामौर ने अवैध कब्जा करके मकान बना रखा था। पांच माह पहले राजस्व विभाग ने धारा-67 के तहत वाद दायर करके दोनों कब्जाधारियो से भूमि को कब्जामुक्त करा लिया था। इसके बाद 29 अगस्त 2022 को तहसीलदार (न्यायिक) हेमचंद शर्मा द्वारा मेहरबान पर 19 हजार 625 रुपये तथा समरयाब पर 19 हजार 220 रुपये जुर्माना लगाया गया था।



# सूर्यदेव के दर्शन न होने से सर्द हुआ वातावरण

## दिनभर चलती रही ठंडी हवाएं, शीतलहर के चलते घरों में दुबके लोग

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** शनिवार की सुबह एक बार फिर घने कोहरे ने पूरे वातावरण को अपनी आगोश में ले लिया। कोहरे का आलम यह था कि कुछ दूरी का भी साफ नजर न आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा वहीं कोहरे के साथ-साथ शीतलहर ने भी जनजीवन को बेहाल करके रख दिया। पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए, जिस पर लोग घरों से बाहर नहीं निकले। बाजारों में भी कम ग्राहक देखे गए। पिछले कई दिनों से कोहरे से तो लोगों को राहत मिली हुई थी लेकिन शीतलहर व ठंड ने लोगों को ठिठुरा रखा है। शनिवार को मकर संक्रांति के पर्व पर कोहरे ने भी अपना जबरदस्त असर दिखाया। हालांकि देर रात ही आसमान में कोहरा छाने लगा था लेकिन शनिवार सुबह तो कोहरे ने पूरे शहर को ही अपनी आगोश में ले लिया। हालत यह थी कि कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आ रहा था जिसके कारण लोगों खासतौर पर वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। चालकों को अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलने की बजाय रेंगना पडा। कोहरे के साथ-साथ शीतलहर ने भी आम जनजीवन पर भी असर डाला, लोग घरों से बाहर नहीं निकले। पूरे दिन आसमान में कोहरा छाया रहा, इसके बाद भगवान सूर्य देव ने अपने दर्शन दिए। ठंड से बचाव के लिए लोग चाय, काफी, गर्म पानी का सेवन कर रहे हैं, बाजारों में भी चाय की दुकानों पर लोगों की भीड लगी रही। लोगों में बारिश की आशंका बनी रही। मौसम के खराब रहने के चलते बाजारों में चहल पहल भी कम ही नजर आयी। ठंडी हवाओं के चलते लोग अपने-अपने घरों में ही दुबके रहे। बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम होने के कारण दुकानदार भी अलाव पर हाथ तापते नजर आए। चार दिन तक ऐसा ही मौसम होने की संभावना जतायी जा रही है।

# छात्राओं का पीछा करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

## विरोध करने पर अभियुक्तों ने की थी परिजनों से मारपीट, वायरल हुआ था वीडियो

भास्कर ब्यूरो

**थानाभवन।** वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए मनचलों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। सोशल मीडिया में एक वीडियो काफी वायरल हो रही थी जिसमें थानाभवन क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके परिवार की दो लड़कियां थानाभवन कस्बे के स्कूल से पढ़कर ऑटो से गांव वापस लौट रही थी रास्ते में मनचलों द्वारा उनका बाइक पर सवार होकर पीछा कर छींटाकशी की जा रही थी। जिसका छात्राओं ने वीडियो भी बनाया था। पीछा ना करने का विरोध करने पर उक्त मनचलों ने परिजनों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वही मनचले द्वारा सोशल मीडिया में वांछित होने पर भी एक वीडियो वायरल कर पुलिस को चिढ़ाने का काम किया गया था। अब पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसिफ पुत्र जमशेद व सद्दाम पुत्र यासीन व ओसाफ पुत्र जमशेद व सलमान पुत्र गुफरान निवासी मसावी को मसावि राजवाहे की पुलिया से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चारों मनचलों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मनचलों की वायरल वीडियो काफी चर्चा का विषय बनी हुई थी।



**यमुना घाट पर श्रद्धालुओं का टोटा**

कैराना। क्षेत्र में मकर संक्रांति पूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। यमुना घाट पर ठंड के कारण श्रद्धालुओं की संख्या कम नजर आई। शनिवार को मकर संक्राति के अवसर पर महिलाओं ने अपने परिवार के बर्जुगों का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए उन्हें रेवडी, मिष्ठान, मूंगफली व वस्त्र आदि भेंट किए।

# किसानों की समस्या समाधान की मांग की

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** रालोद अध्यक्ष जयंत चैधरी के निर्देश पर शनिवार को गांव हाथी करौदा में किसान संदेश अभियान के तहत किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गयी। शनिवार को गांव हाथी करौदा में किसान संदेश अभियान के तहत किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अपनी समस्याओं गन्ना भुगतान 14 दिनों में करने, आवारा पशुओं की समस्या का हल करने, बिजली बिलों की समस्या के समाधान की मांग की वहीं गन्ने का लाभकारी मूल्य जल्द घोषित करने की मांग की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य उमेश पंवार ने कहा विगत वर्ष विधानसभा चुनाव से पूर्व गन्ना मूल्य पेराई सत्र से पहले ही घोषित कर दिया गया था जबकि इस वर्ष पेराई के तीन माह उपरांत भी गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधान धर्मवीर सिंह व संचालन प्रभात मलिक ने किया। बैठक में हरेंद्र वर्मा, सुनील मलिक कुडाना, चेयरमैन ओमपाल सिंह बाजू रामदास, चीनू गोसाई, चंद्र कश्यप, अश्वनी मलिक, भूरा, सतपाल सिंह, देवेंद्र आदि भी मौजूद रहे।




## सार सुर्खियां

### निजी रास्ते व तालाब से कब्जा हटवाने की मांग

कैराना। गांव मवी निवासी अशोक व ओमवीर सिंह ने डीएम को पत्र देकर बताया कि उन्होंने गांव में उनकी रास्ते की निजी भूमि स्थित है। आरोप है कि व्यक्ति ने भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे आवागमन में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कब्जा हटवाने की मांग की है। वहीं मोहल्ला आलकलां निवासी चै. इदरीस ने डीएम को पत्र देते हुए बताया कि मायापुर रोड पर तालाब स्थित है। आरोप है कि तालाब पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। पूर्व में तालाब के कब्जाधारियों से राजस्व वसूली के आदेश भी हुए थे, लेकिन न वसूली हुई और न ही तालाब कब्जामुक्त हो सका। उसने तालाब कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

### थाना दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

कैराना। शनिवार को कोतवाली परिसर में वर्ष-2023 का प्रथम थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें डीएम जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा पहुंचे। इस अवसर पर ठंड के कारण फरियादियों की संख्या कम ही देखने को मिली। अधिकारियों के समक्ष केवल पांच ही फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। डीएम जसजीत कौर ने कहा कि थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों को समस्याओं के समाधान के लिए भटकने नहीं देना है। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध कब्जों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम शिवप्रकाश यादव, सीओ अमरदीप मौर्य व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी आदि मौजूद रहे।

### निशानेबाज अवनीश ने मध्यप्रदेश में जीता कांस्य पदक

शामली। गांव लिलौन स्थित मुनव्वर मंसूरी रायफल क्लब के निशानेबाज चै. अवनीश कुमार ने 9 से 14 जनवरी तक मध्यप्रदेश में आर्मी के एएमयू सेंटर द्वारा इंडियन ओपन कंपीटिशन एयर वेपन शूटिंग चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया। चैम्पियनशिप में आर्मी सेंटर एवं स्टेट सिविलयंस शूटरों ने भी भाग लिया। चैम्पियनशिप में निशानेबाज चै. अवनीश ने एयर पिस्टल आईएसएसएफ जूनियर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उत्तर प्रदेश एवं शामली जिले का नाम रोशन किया है।

### एएसपी ने किया थाने का निरीक्षण

कांधला। शुक्रवार रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने अभिलेखों की जांच की और लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए कहा। साथ ही थानांतर्गत हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर पर निगरानी रखने के निर्देश दिए है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कस्बे के मुख्य चौराहों पर पहुंचकर संदिग्ध वाहनों और संदिग्ध लोगो की तलाशी अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

### किसान के घर से सारे पशु चोरी

कांधला। क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी इंसार ने बताया कि उसका मकान गांव के बाहरी छोर पर बना हुआ है और इसी मकान में वह अपने परिवार के साथ रहता है। इंसार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह शुक्रवार रात्रि रोजमर्रा की भांति अपने पशुओं को अंदर बांधने के बाद सो गया। जब सुबह पशुओं को चारा डालने के लिए उठा तो पीड़ित के लाखो रुपयों की कीमत के तीन दुधारू पशु चोरी कर लिए गए थे। पशुओं के चोरी होने का पता चलते ही पीड़ित और पीड़ित परिवार के पैरो के नीचे से जमीन खिसक गई। पीड़ित ने घटना की जानकारी मोहल्लेवासियो को दी।

### बंदरों के हमले में बालिका घायल

कांधला। कस्बे में बंदरो ने आतंक मचा रखा है। आए दिन बंदर किसी न किसी को हमला कर घायल कर रहे है। शनिवार को कस्बे के मौहल्ला शेखजादगान निवासी कामिल की पंद्रह वर्षीय पुत्री चांदबीबी छत पर बैठी हुई थी, तभी बंदरो के एक झुंड ने चांदबीबी पर हमला कर दिया। बंदरो द्वारा किए हमले से बचने के लिए चांदबीबी भागते समय छत से नीचे गिर गई। छत से नीचे गिरने से चांदबीबी गंभीर रूप से घायल हो गई।

### पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप

कांधला। मौहल्ला रायजादगान निवासी शर्मिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने तीन बच्चे और पति सहित रहती है। पीड़ित महिला का पति शराबी है। पीड़िता मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। शनिवार को पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर पीड़िता और बच्चों के साथ मारपीट करता है और घर में रखा समान भी बेचकर शराब पी जाता है। शनिवार को आरोपी में घर में रखा समान बेच दिया और विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### महिला शिक्षकों ने की पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग

शामली। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने शनिवार को प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन कैराना सांसद प्रदीप चैधरी को सौंपा। संघ की जिलाध्यक्ष रश्मि चैधरी ने कहा कि उप्र शासन द्वारा अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक, कर्मचारियों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर नई पेंशन योजना लाग की गयी है, जो शिक्षक कर्मचारी समाज को स्वीकार नहीं है। उन्होंने बताया कि शिक्षक आंदोलन, ज्ञापन एवं वार्ता के माध्यम से सरकार का ध्यान बार-बार आकृष्ट कराया गया लेकिन पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गयी जबकि कई प्रदेश सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू भी कर दी गयी है। उन्होंने प्रधानमंत्री से शिक्षकों, राज्य व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन को बहाल किए जाने की मांग की। इस मौके पर रेशमा, शाहिस्ता खान सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रही।

### अवैध शराब समेत दो गिरफ्तार

झिंझाना। पुलिस ने मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित गांव टपराना ईदगाह के पास से चेकिंग के दौरान नसीर पुत्र शराफत निवासी गांव टपराना को दस लीटर कच्ची शराब एवं पांच सौ ग्राम यूरिया के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर गांव टपराना से ही शोएब पुत्र अखलाख टपराना को दस लीटर कच्ची शराब एवं पांच सौ ग्राम यूरिया बरामद किया है।

### श्मशान की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

कैराना। गांव तितरवाड़ा निवासी संजय गौड़, अंकुर शर्मा, नरेश, विनोद, जितेंद्र, सतपनाल, रवि आदि ने शनिवार को थाना दिवस में डीएम को पत्र दिया। बताया गया कि गांव में श्मशान घाट की भूमि पर करीब 30 वर्षों से कुछ लोगों का अवैध कब्जा चल रहा है। इस कारण से शवों के अंतिम संस्कार के लिए भी ग्रामीणों को तीन किमी. दूरी पर दूसरे श्मशान घाट जाना पड़ता है। उन्होंने अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

### दोस्त की डीपी लगाकर 20 हजार ठगे

कैराना। अज्ञात जालसाज ने वाट्सऐप डीपी पर मित्र का फोटो लगाकर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ति ने कोतवाली में तहरीर दी है। मोहल्ला बिसातियान निवासी पवन कुमार जैन ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे उसके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई थी, जिसके वाट्सऐप पर बागपत निवासी उसके दोस्त की डीपी लगी हुई थी। मैसेज के माध्यम से उससे इमरजेंसी बताकर 20 हजार रुपये देने की बात कही। इसके बाद उसने अपने मित्र की डीपी देखकर धनराशि फोन-पे नंबर पर भिजवा दी। बाद में उसने अपने दोस्त से संपर्क किया, तो ठगी की जानकारी हुई।

**मंदिरों में पूजा-पाठ, गरीबों को दिया दान, जगह-जगह वितरित हुआ खिचडी का प्रसाद**

# सूर्य के उत्तरायण प्रवेश पर मनाया गया मकर संक्राति पर्व, गरीबों को दान पुण्य

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** भगवान सूर्य के दक्षिण से उत्तरायण में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला पर्व मकर संक्रांति जिले में धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह खिचडी के प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं लोगों ने मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर गरीबों को दान देकर पुण्य कमाया।दिल्ली रोड स्थित स्वर्ग आश्रम में लोगों को खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर अध्यक्ष ईश्वर प्रकाश गर्ग, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र, सचिव अशोक कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष पुनीत द्विवेदी, एवं दिनेश भारद्वाज, शरद द्विवेदी, आमोद दिवेदी, संजय पांचाल, देवेंद्र पप्पू, कुलदीप, संजय वर्मा, प्रदीप, विनय पांचाल, सूरज चैधरी, रवि संगल आदि रहे। अखिल भारतीय हिंदू शक्ति दल की महिला जिला कार्यकारिणी की ओर से कुष्ठ आश्रम में सर्दी से बचाव के लिए कुष्ठ रोगियों को कंबल का वितरण किया गया वहीं खिचड़ी सामग्री (दाल चावल आदि) एवं नगद धनराशि प्रदान की गई। नाला पटरी पर रश्मि ब्यूटी पार्लर के बाहर खिचडी और छाछ का वितरण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रश्मि गर्ग, सचिव स्नेहा गर्ग, उर्मिला गोयल, पूजा बंसल, संगीता जिंदल, सरोज गोयल आदि मौजूद रही। लायंस क्लब शामली द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सिटी ग्रीन शामली पर आयोजित किया गया जिसमें हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अनिल कुछल, मयंक जैन, रमन बत्रा, डा. प्रदीप गोयल, डा. अशोक सिंघल, राकेश कुछल, डा. मोहनलाल गुप्ता, डा.किशन गोपाल, मनोज शर्मा, नवीन अग्रवाल, एडवोकेट मुकेश गर्ग, सुभाष संगल, कमल जैन आदि उपस्थित रहे। वहीं अग्रसेन पार्क में भी श्री रामलखन सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सीडीओ शंभूनाथ तिवारी, पूर्व चेयरमैन अरविन्द संगल,, समिति संरक्षक डा. राज तायल रहे। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्पांजलि एवं महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विजय कौशिक, अनिल कुमार, सतीश कुमार, वीरेन्द्र मित्तल, राजकुमार तायल, अवनीश संगल, सोनू, मनोज गोयल, श्रवण संगल, संजय ऐरन, राजकुमार बालियान, सुमित गोयल, मानकचंद गर्ग, सचिन, पंकज वालिया, गिरीश चंद, अशोक गोयल, राजकमल मित्तल, शिवम, अमित, शिव कुमार, अजय गर्ग आदि भी मौजूद रहे। दिल्ली रोड बस स्टैंड के निकट खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सुरेश राणा, अरविंद पहलवान, मनोज कुमार, सतीश कुमार, ऋषि पाल सोराण, अवनीश पप्पू, चैधरी विनोद, वार्ड सुपरवाइजर प्रवीण कुमार, नीरज चंदेल, प्रमोद कुमार कंडेरा आदि मौजूद रहे। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने माँ सरस्वती एवं भगवान सूर्य की उपासना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। आचार्य संजीव कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, अनीता मलिक, वंदना, सुरभि मित्र आदि मौजूद रहे। झिंझाना में खिचड़ी, चाय एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मैन बाजार में प्रशांत गर्ग, आशीष मित्तल, राकेश वर्मा, विपिन गुप्ता, अभिनव गर्ग, अमित गोयल, राहुल प्रेमी, भारत वर्मा एवं शिव मंदिर पर अनुज गुप्ता, नरेश चंद शर्मा, रीतु गुप्ता, अमृत गुप्ता, अंचित गुप्ता, प्रवीण, वीशु, शिवकुमार, सुरेशपाल कश्यप एवं बस स्टैंड पर राहुल गोयल, राजपाल कश्यप, राजकुमार शर्मा, रवि शर्मा का सहयोग रहा। चौसाना के मुख्य बाजार में पुलिस एवं व्यापारियों ने शिविर लगाकर खिचड़ी, गुड, मूंगफली आदि का प्रसाद वितरण किया। सर्वप्रथम चौकी प्रभारी सचिन पूनिया ने खिचड़ी के प्रसाद का हनुमान मंदिर में भोग लगाया एवं भगवान से देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर अनुभव गर्ग, कंवर पाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, मनोज गोस्वामी, शंकर गोस्वामी, उदयवीर ,अतुल कुमार, अंशुल पुनिया ,भूपेंद्र सिंह ,राहुल कुमार मौजूद रहे।





# जिलाधिकारी व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी जनता की शिकायतें

भास्कर ब्यूरो,



सैदनगली। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने पहुंचकर समाधान दिवस में जन-शिकायतों को सुना। अधिकारियों ने त्वरित निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने थाने पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए किसी भी फरियादी को बार-बार दौडाया ना जाए। कहा कि अधिकतर शिकायतों का निस्तारण थाना स्तर पर ही कर दिया जाए उन्हें जिला स्तर पर पहुंचने का मौका ही न दिया जाए। कहा कि यदि थाना स्तर से शिकायतों का निस्तारण हो जाएगा तो इससे पीड़ित को अनावश्यक दौड़ना नहीं पड़ेगा और वह खर्चों से भी बच जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि चकरोड, तालाब, चारागाह व ग्राम समाज की जमीन की भूमि पर अवैध कब्जे और पैमाइश संबंधी कोई शिकायत लम्बित नहीं रहनी चाहिए। अभियान चलाकर ऐसी जमीनों को पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कब्जा मुक्त कराया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं से सम्बन्धित जो भी शिकायतें आती हैं उनको प्राथमिकता पूर्वक सुना जाए और उन्हें उचित न्याय दिलाया जाए महिलाओं के अपराध संबंधी की गई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। वहीं, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# अपनी जिमेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें पदाधिकारी व कार्यकर्ता: डॉ.ढिल्लो

भास्कर ब्यूरो,

जोया। मंसूरी पब्लिक इंटर कालेज पर हुई बैठक में स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि इस चुनाव को हमें पूरी ताकत के साथ लडऩा है। उन्होंने चुनाव प्रचार के लिए टोलियों का गठन किया।



शनिवार को आयोजित बैठक में शिक्षक विधायक ने चुनाव के संबंध में जोया ब्लॉक के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया। कहा कि बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के विजय रथ को रुकने नहीं देना है।

इसके लिए पदाधिकारी-कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें। समस्त मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा की नीतियां के बारे में बताएं तथा पार्टी प्रत्याशी डॉ.जयपाल सिंह व्यस्त के पक्ष में मतदान करने की अपील करें।

इससे पूर्व शिक्षक विधायक ने चुनाव संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में चौधरी भूपसिंह जिला संयोजक स्नातक चुनाव, हाजी बब्बू मंसूरी जिला सह संयोजक, राम सिंह सैनी, शुभम चौधरी, विजय वीर सिंह, मदन वर्मा, योगेंद्र सिंह, सोनू भैया, अतुल चौधरी, तिलक राज, सतपाल, जीशान अली पाशा, वासित शमीम, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद शजर आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में लेखपालों के न मिलने पर सीओ ने जताई कड़ी नाराज़गी

भास्कर ब्यूरो,

बढ़ापुर। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर जन समस्याएं सोनी इसके साथ ही सीओ ने लेखपालो को मौके पर न पाकर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए उपस्थित कर्मचारियों को तत्काल शिकायतो के निस्तारण के लिये आदेशित किया।

शनिवार को थाना स्तर पर आयोजित समाधान दिवस में सीओ संग्राम सिंह पहुंचे। सीओ के पहुचने से पहले ही कुछ लेखपाल समाधान दिवस से अपने हल्के में जा चुके थे। समाधान दिवस में आई शिकायतो के बारे में जानकारी करने के लिये सीओ संग्राम सिंह ने समाधान दिवस का रजिस्टर चेक किया जिसमें शनिवार को केवल 6 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसमे नूरपुर अरब, मुकंदपुर राजमल, ठाकुरान, चकउदयचंद, भगवानपुर,एवं रसूलपुर मिठ्ठे की शिकायतें शामिल थी।

# गैंगस्टर के दो आरोपियों को गिरतार कर भेजा जेल



भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों ने फौजी की पत्नी के साथ लूटपाट की थी।

काबिलेगौर है कि 28 अप्रैल 2021 को बाइक सवार बदमाशों ने गांव कूवी निवासी रूबी चौधरी के साथ लूटपाट की थी। रूबी चौधरी के पति फौजी हैं। पुलिस ने अमरोहा नगर के मोहल्ला मेहमदी सराय निवासी अरबाज उर्फ अक्षय और कटरा बख्तावर निवासी तस्लीम उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश किया गया था। इस मामले में दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। फिलहाल दोनों जमानत पर जेल से बाहर थे। देहात थाना पुलिस ने बाद में दोनों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। जिसमें वह फरार चल रहे थे।

एसओ देहात सतेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को फरार चल रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वह क्षेत्र में लूट व चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

# गोकशी के तीन आरोपियों को तीन तीन साल की कैद, जुर्माना

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। गोक शी करते हुए पकड़े गए तीन युवकों को अदालत ने तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। उन पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दो दोषी जनपद सम्भल के रहने वाले हैं। जबकि एक युवक को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।



डिडौली कोतवाली में तैनात रहे दारोगा मोईन खान 10 मई 2021 की रात को हमराह के साथ रात्रि गश्त पर थे। उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव भवालपुर माफी के जंगल में बुंदू के खेत के पास कुछ लोग गोकशी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने मौके पर जाकर छापा मारा तो वहां से तीन युवकों को गोवंशीय पशु का कटान करते हुए पकड़ लिया था। जबकि एक मौके से भाग निकला था। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवकों ने अपना नाम इकबाल व रईस निवासी मंसूरपुर माफी थाना असमोली जनपद सम्भल तथा निसार अहमद निवासी भवालपुर माफी थाना डिडौली बताया था। मौके से पुलिस ने गोमांस व उपकरण बरामद किए थे। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए चौथे युवक शकील निवासी मंसूरपुर माफी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में सभी युवक जमानत पर जेल से बाहर आ गए। अब यह मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ सूर्य प्रकाश सिंह की अदालत में चल रहा था। शु' वार को अदालत ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए इकबाल, रईस और निसार अहमद को दोषी करार दिया। तीनों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रामभरोसे ने ने बताया कि अदालत ने साक्ष्य के अभाव में शकील को दोषमुक्त कर दिया है।

## सार सुर्खियां

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भारी मतदान कराएं: ऋषिपाल

अमरोहा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को आयोजित बैठक में स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष ऋषिपाल नागर ने कहा कि आगामी 30 जनवरी को एमएलसी चुनाव होना है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डॉ.जयपाल सिंह को भारी मतों से जिताने के लिए पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि सभी बूथ संयोजक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। बैठक में जिला महामंत्री राकेश वर्मा, चंद्रभान भाटी, प्रेमसिंह सैनी, नरेंद्र धारीवाली, पवनीत दिवाकर, मनन कौशल, विकास बाबू, जसवंत गुर्जर, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।



### शिव सेवा समिति ने किया खिचड़ी का वितरण

हसनपुर। शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा हर साल की भांति इस साल भी मंडी परिसर में मकर सं ांति का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। यहां खिचड़ी और चाय का वितरण किया गया। समिति उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मकर सं ांति पर्व पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भंडारा आयोजित किया गया, भंडारे में खिचड़ी समेत सर्द मौसम को देखते हुए चाय का वितरण प्रसाद स्वरुप किया गया है। इस अवसर पर सुशील कुमार रस्तोगी, अनुज शर्मा, मनोज कुमार, संजय कुमार अग्रवाल, डब्बू भैया, नईम खान, अनुराग अग्रवाल, प्रसुन्न अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



### उपज़िलाधिकारी ने किया कब्ज़ामुक्त भूमि का निरीक्षण

अफ़ज़लगढ़ । जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशों के चलते एक सप्ताह पूर्व उप जिलाधिकारी धामपुर द्वारा पालिका की करोड़ों रुपए की भूमि को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराया था एसडीएम धामपुर मनोज कुमार सिंह ने भूमि का निरीक्षण कर पालिका कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शनिवार को कालागढ़ अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित नचना नदी के समीप एसडीएम धामपुर मनोज कुमार सिंह ने नचना नदी के समीप पहुंच कर एक सप्ताह पूर्व भू माफियाओ से कब्जामुक्त कराई गई भूमि पर नगर पालिका अफजलगढ़ की ओर से अपना बोर्ड लगा दिया गया है। मौहम्मद तुफ़ैल ने बताया कि इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने ईओ कौशल कुमार सहित पालिका कर्मियों के साथ पहुंचे और चार बीघा भूमि का निरीक्षण किया। इसके बाद भूमि की हदबंदी का निरीक्षण किया तथा मौके पर मौजूद ईओ कौशल कुमार तथा अन्य पालिका कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं कब्जामुक्त भूमि की लगातार निगरानी करने की बात कही। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कौशल कुमार के आलावा संजीव अग्रवाल, लेखपाल बेनी राम सिंह, बृजमोहन, रोबिन अग्रवाल,साबिर हुसैन,शादाब अंसारी,फराहीम, इस्माइल आदि मौजूद रहे।



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शिक्षिका की मौत

भास्कर ब्यूरो,



हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक पर बैठी उसकी भतीजी (शिक्षिका) की मौके पर ही मौत हो गई। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर खादर निवासी नरेश पंवार पुत्र जबर सिंह शनिवार को हसनपुर नगर से दवाई लेने के लिए अपनी 20 वर्षीय भतीजी निम्मी पुत्री राजेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक हसनपुर-रहरा मार्ग मंगरौली गांव के नजदीक पहुंची, तो अचानक पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, उसकी भतीजी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर सीएचसी ले आई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। जबकि ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका बुरावली के एक इंटर कॉलेज में शिक्षिका थी। युवती की मौत से मां सुलेखा एवं परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। मामलें में हसनपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# वन विभाग ने उखाड़ी अवैध रूप से संचालित आरा मशीन

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। ईंट भट्ठा पर संचालित की जा रही अवैध आरा मशीन को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उसे उखड़वा कर थाने में जमा करा दिया है। साथ ही भट्ठा स्वामी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराली के जंगल का है। यहां पर चौधरी ब्रिक वर्क्स के नाम से ईंट भट्ठा संचालित है। शु' वार को वन दारोगा नेपाल सिंह अपने हमराह सुरेश राम के साथ गश्त कर रहे थे तो उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि भट्ठे पर अवैध रूप से आरा मशीन का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने टीम साथ लेकर मौके पर छापा मार दिया। इस दौरान आरा मशीन के पास पोपलर की लकड़ी का बारूदा भी बरामद हुआ। मौके से आरा मशीन का संचालन करने वाले लोग भाग निकले। टीम ने आरा मशीन को उखड़वा कर कब्जे में ले लिया तथा बाद में थाने में जमा कर दिया है। वन दारोगा ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी इस्माईल का नाम प्रकाश में आया था। जिसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। डिडौली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि यह आरा मशीन जनपद सम्भल के थाना असमौली क्षेत्र के शहबाजपुर कलां निवासी एक व्यक्ति संचालित कर रहा था। परंतु वन विभाग की टीम ने उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

# द्वारिकेश शुगर मिल के सौजन्य से एसडीएम व सीओ ने 500 ग़रीबों को बांटे कंबल

भास्कर ब्यूरो,

अफ़ज़लगढ़। ग़रीबो के लिए लगातार सितमगर हो रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर के सौजन्य से कंबल वितरण का आयोजन किया गया कार्य म में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला अधिकारी धामपुर मनोज कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अफ़ज़लगढ़ सर्वम सिंह व शुगर मिल के अध्याशी एसपी सिंह ने गरीबों को ठंड से बचाव के लिए 500 कम्बलों का वितरण कराया।

शनिवार को द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर परिसर में कम्बल वितरण कार्य म का आयोजन किया गया। इस दौरान द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर क्षेत्र के जरूरतमंदो को 500 कम्बल मुहैया कराये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी धामपुर मनोज कुमार सिंह ने कम्बल वितरण कार्यक्रम में द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर की सराहना करते हुए कहा कि इस पुण्य कार्य में सभी सामाजिक संगठनों को आगे आकर पहल करनी चाहिए गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सभी को सर्दी के मौसम में अपने आसपास मौजूद गरीब पड़ोसियों का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीनी मिल के अध्याशी एसपी सिंह ने कहा कि द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर हमेशा विभिन्न सामाजिक कार्य मों में हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है।

अफजलगढ़ पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने कहा कि उनके द्वारा भी समय-समय पर जरूरतमंदों को मदद की जाती है समाज के सक्षम वर्ग के लोगों से भी जरूरत मंदो की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया इस अवसर पर कार्य म की अध्यक्षता एसडीएम धामपुर मनोज कुमार सिंह तथा संचालन कुंदन सिंह ने किया इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह के आलावा झाड़सा विकी प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, पंकज सिसौदिया, महेंद्र सिंह, गन्ना महाप्रबंधक अजय कुमार ढाका, कुमेर सिंह शेखावत, अशोक कुमार, डाक्टर वीर सिंह सहित मिल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में लेखपालों के न मिलने पर सीओ ने जताई कड़ी नाराज़गी

भास्कर ब्यूरो,

बढ़ापुर। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पहुंचकर जन समस्याएं सोनी इसके साथ ही सीओ ने लेखपालो को मौके पर न पाकर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए उपस्थित कर्मचारियों को तत्काल शिकायतो के निस्तारण के लिये आदेशित किया।

शनिवार को थाना स्तर पर आयोजित समाधान दिवस में सीओ संग्राम सिंह पहुचे । सीओ के पहुचने से पहले ही कुछ लेखपाल समाधान दिवस से अपने हल्के में जा चुके थे। समाधान दिवस में आई शिकायतो के बारे में जानकारी करने के लिये सीओ संग्राम सिंह ने समाधान दिवस का रजिस्टर चेक किया जिसमें शनिवार को केवल 6 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसमे नूरपुर अरब,मुकंदपुर राजमल,ठाकुरान,चकउदयचंद,भगवापुर, एवं रसूलपुर मिठ्ठे की शिकायतें शामिल थी। उपरोक्त शिकायतों के हल्का लेखपाल से समस्या के बारे में जानकारी करने के उद्देश्यों से जब सीओ संग्राम सिंह ने हल्का लेखपाल को तलब किया तो कुछ लेखपाल मोके पर नदारद थे जिस कारण सीओ ने नाराजगी व्यक्त की। सीओ के आगमन की सूचना पर हलकों में पहुँच चुके लेखपाल भी वापस थाना बढ़ापुर की औऱ दौड़ पड़े। इस अवसर पर सीओ संग्राम सिंह ने समाधान दिवस में मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों को समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के लिये आदेशित किया। साथ ही ग्राम मुकंदपुर राजमल में चक मार्ग के विवाद को सुलझाने के लिये पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा।

# जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई मकर संक्रांति

## गुड़ खंडसारी व्यापार कमेटी ने किया खचड़ी भोज का आयोजन

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। श्रद्धा और भक्ति का पर्व मकर सं ांति शनिवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने सुबह स्नान कर पूजा अर्चना की और दान पुण्य भी किया। जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।



शहर में गुलडिया मार्ग स्थित मंडी समिति परिसर में गुड़ खंडसारी व्यापार कमेटी की ओर से मकर सं ांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमरोहा मंडी समिति के इंस्पेक्टर रामफूल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में मकर सं ांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। कार्य म के पश्चात सभी ने एक साथ बैठकर खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष शरद कुमार जैन, संरक्षक अरविंद अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, पंकज कंसल, अजीम मंसूरी, ओम प्रकाश चौहान, सुमित गोयल विपिन गोयल, अरुण जैन, जयप्रकाश चौहान, आशु शर्मा, विनोद टंडन, सुनील गोयल, बुंदू भाई, अली हसन, अथर मंसूरी, रोहित चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्य म का संचालन शुभम जैन द्वारा किया गया। इसके अलावा मोहल्ला कोट, बड़ा बाजार आदि स्थानों पर भी लोगों के द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया।

# संवाद

हर व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि आत्मा एक राजा के समान है, जो शरीर, इन्द्रियों, मन, बुद्धि से बिल्कुल अलग है। आत्मा इन सबका साक्षी स्वरुप है। - आदिगुरु शंकराचार्य

## पर्यावरण बचाने के लिए चिंतन

पर्यावरण बचाने के लिए सिर्फ और सिर्फ चिंतन ज़रूरी है। जिन सुन्दर और सुविधायुक्त भवनों में व्यवस्था की छत्रछाया हमेशा रहती है वहां बैठकर यह ज़रूरी काम बहुत आराम से किया जा सकता है। भवन के नाम के कारण भी प्रभाव उगना निश्चित है। जब खुशनुमा, सुगंधित माहौल में बात की जाएगी तो वह संजीदा चिंतन में बदल जानी स्वाभाविक है। आन्दोलन या उद्देश्य का नाम हिंदी में न रखकर अंग्रेज़ी में रखा जाए तो वास्तव में गहन प्रभाव पैदा होता है। बहुत गहरे बैठ, चिंतन कर योजनाओं का प्रारूप बनाया जाता है। ऐसे गहन चिंतन सत्र को आयोजित करने का एकमात्र उद्देश्य आज के पर्यावरण को किसी भी तरह बचाना ही नहीं, ज़्यादा समझदार हो चुकी आने वाली पीढियों के लिए जागरूक दुनिया तैयार करना होता है। जागरुकता, शरीर और दिमाग में घुस जाए तो हर असंभव काम संभव हो जाता है। महान संतुष्टि की बात यह है कि अनेक तरह के गुरु यानी सामान्य व्यक्ति बिल्कुल नहीं, इस पुनीत कार्य के चिंतन में व्यस्त हैं। यह प्रशंसनीय और दिलचस्प है कि ऐसे गहन विचार सत्रों में राजनीतिजी ज़रूर तशरीफ लाती हैं क्योंकि उनके बिना कुछ भी नहीं हो सकता। वह बात दीगर है कि पर्यावरण पर चिंतन से भी ज़्यादा गहन चिंतन मनन की ज़रूरत है। आम आदमी को क्या समझ कि पर्यावरण के लिए उचित चिंतन, किस आसन पर बैठकर, किस मुद्रा में, किस दिशा में देखकर कैसे किया जाता है। यहां वही लोग चिंतन करने आते हैं जिन्हें दुनिया अधिकृत चिंतक मानती है। वैसे हमारे आध्यात्मिक गुरु नदिया किनारे आध्यात्मिक संगीत समारोह आयोजित करते हैं। पर्यावरण दूषित करते हैं। इतना ही नहीं सरकारजी द्वारा बड़ी हिम्मत के बाद किया गया जुर्माना भी अदा नहीं करते। पर्यावरण पर चिंतन शिविर में, अपनी नहीं पड़ोसी की, अपने मोहल्ले की नहीं दूसरे मोहल्ले की, अपने शहर की नहीं पड़ोसी शहर की, अपने राज्य की नहीं किसी और राज्य की, अपने देश की नहीं दूसरे देशों की गलती माननी चाहिए। अपने प्रयासों की खूब तारीफ करनी चाहिए। प्रयास न किए हों तो संभावित प्रयास और देखे जाने वाले खवाबों की प्रशंसा करनी चाहिए। श्रेष्ठ चिंतन से जब हमारा मन निर्मल हो जाएगा तो हम सकारात्मक सोचने लगेंगे। निश्चित ही हमें लगने लगेगा कि हम ठीक राह पर हैं, उचित कर रहे हैं, नाहक परेशान होने की ज़रूरत नहीं है। मानव जीवन में सब मिथ्या है, जब जीवन मिथ्या है तो वातावरण, पर्यावरण और चिंताओं का वरण मिथ्या है। मन में यह सोच विकसित होते ही हमें बेहतर महसूस होना शुरू हो जाएगा। लगने लगेगा कि चिंतन बैठक से हमें बहुत लाभ हुआ है। आसपास का वातावरण सुधरा है यानी पर्यावरण को फायदा हुआ है। पर्यावरण बारे सामान्य संकल्प लेने से ही कई बार बहुत लाभ पहुंचता है। विधिवत संकल्प लेने से और अधिक फायदा होता है। उचित रंग के वस्त्र, सही उच्चारित मंत्र और शुभ मुहर्त में, बहुत से प्रिय लोगों के साथ समूह में विधिवत संकल्प यज्ञ करने से होने वाला लाभ निराला होता है।

## संविधान ब्रह्मवाक्य नहीं है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान पर हमारे विपक्षी नेता बुरी तरह से बिफर पड़े हैं। कांग्रेस के नेता उन्हें भाजपा सरकार का भोंपू बता रहे हैं और उन्हें उपराष्ट्रपति पद की प्राप्ति ममता-विरोध के फलस्वरूप बता रहे हैं और कुछ विपक्षी नेता उन्हें आपातकाल की जननी इंदिरा गांधी का वारिस बता रहे हैं। जैसे इंदिरा गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय की इज्जत को 1975 में तहस-नहस कर दिया था, वैसा ही आरोप धनखड़ पर लगाया जा रहा है। इस तरह के आरोप लगाने वाले यह बताएं कि इंदिरा गांधी की तरह धनखड़ को क्या किसी अदालत ने कटघरे में खड़ा कर दिया है? वे अपना कोई मुकदमा तो सर्वोच्च न्यायालय में नहीं लड़ रहे हैं। वे स्वयं प्रतिभाशाली वकील रहे हैं। वे प्रखर वक्ता भी हैं। उन्होंने यदि संसदीय अध्यक्ष सम्मेलन में संसद की सर्वोच्चता पर अपने दो-टूक विचार व्यक्त कर दिए तो यह उनका हक है। यदि वे गलत हैं तो आप अपनी बात सिद्ध करने के लिए जोरदार तर्क क्यों नहीं देते? आप तर्क देने की बजाय शब्दों की तलवार क्यों चला रहे हैं? संविधान की पवित्रता और मान्यता पर धनखड़ ने प्रश्न चिह्न नहीं लगाया है। उन्होंने जो मूल प्रश्न उठाया है, वह यह है कि सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च है या संसद सर्वोच्च है? देश के सारे न्यायालयों में तो सर्वोच्च न्यायालय सर्वोच्च है। इसमें किसी को कोई शक नहीं है। लेकिन वह संसद से भी ऊंचा कैसे हो गया? संसद चाहे तो एक ही झटके में सारे जजों को महाभियोग चलाकर पदमुक्त कर सकती है। संविधान ने ही उसे यह अधिकार दिया हुआ है। जहां तक संविधान के 'मूल ढांचे' का प्रश्न है, किस धारा में उसे अमिट, अटल, और अपरिवर्तनीय लिखा है? वसंत साठे और मैंने तो लगभग 30 साल पहले देश में अध्यक्षीय शासन लाने का अभियान भी चलाया था। मैं तो आजकल चुनाव पद्धति का भी विकल्प ढूंढ रहा हूं। आप मूल ढांचे पर आंसू बहा रहे हैं, संसद चाहे तो पूरे संविधान को ही रद्द करके नया संविधान बना सकती है। क्या हमारा संविधान सर्वोच्च न्यायालय ने बनाकर संसद को थमाया है? सर्वोच्च न्यायालय तो अपने न्यायालयों के और अपने ही कई फैसले रद्द करता रहता है। उसके अपने फैसलों में सारे जजों की सर्वानुमति नहीं होती है। **-डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

## प्रेरणाप्रद मोती



जो बनावट, धोखेबाजी और चालाकी को तिलांजलि देकर ईमानदारी को अपनी जीवन नीति बनाए हुए हैं, वे सबसे अधिक बुद्धिमान हैं।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे।
**वृष :** आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। बिजनेस करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा।
**मिथुन :** आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए दिन उनके अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे।
**कर्क :** आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं। जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।
**सिंह :** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे।
**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है।
**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। लोगों के सामने आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी।
**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए दिन अच्छा है।
**धनु :** दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ महूर्त जरूर देख लें, इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा।
**मकर :** आज अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव जमेगा।
**कुंभ :** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे।
**मीन :** आपका दिन सामान्य रहेगा। आप परिवार के सदस्यों से मधुर व्यवहार बनाएं रखें । ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नत किया जा सकता है। फिजूल खर्च से बचें। आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं।

# राम सब में और सभी राम में समाए हैं



शिव प्रकाश

भद्रं इच्छन्तः (लोक कल्याण) की भावना को लेकर ऋषियों की साधना, त्याग, तपस्या के परिणामस्वरूप भारत राष्ट्र का उदय हुआ। अपने प्रारंभ काल से ही भारत (भा+रत) अज्ञान के तिमिर को हटाकर ज्ञान के प्रकाश को विश्व में प्रसारित करने में संलग्न है। ऋषियों की इसी आकांक्षा पूर्ति के लिए जिन महापुरुषों ने अपने जीवन का आदर्श, इस राष्ट्र के सम्मुख प्रस्तुत किया है। मर्यादाओं के पालन एवं श्रेष्ठ आचरण के कारण ही समाज ने उनको भगवान की श्रेणी से विभूषित कर अपने जीवन के उद्धारक के रूप में स्वीकार किया है। उन्हें आज संपूर्ण विश्व प्रभु श्री राम के नाम से संबोधित कर रहा है। भारतीय संस्कृति लोक कल्याण कारक, समन्वय भाव से युक्त एवं चराचर जगत में एक ही परम तत्व के दर्शन कराने वाली है।

सभी भेदों से ऊपर उठकर हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं एवं प्रत्येक स्त्री मां के समान है, यह उदात्त विचार ही भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृतियों से भिन्न दर्शाता है। भारतीय संस्कृति के यह सभी संस्कार जिस पुरुष के जीवन में एक ही साथ प्रकट हुए, वह प्रभु श्रीराम का जीवन है। मां सीता की मुक्ति के लिए रावण से उनका युद्ध समस्त स्त्री जाति की मर्यादा की रक्षा के लिए था। रामेश्वरम में शिव की आराधना समस्त संप्रदायों में सद्भाव का मार्गदर्शन था। जिसको महाकवि तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम के मुख से कहलाया कि "शिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेहुँ नही भावा।" भारतीय संस्कृति का आदर्श भोग नहीं त्याग है। पिता दशरथ की आज्ञा पालन करने के कारण राम को सिंहासन त्याग करना पड़ा। सत्ता संघर्ष के इस कालखंड में राम का त्याग प्रेरणादायी है। उनको सिंहासन छूटने का दुख नहीं, वह प्रसन्नता से उसका त्याग करते हैं। राम कहते हैं कि-

**स्नेहं दयां च सौख्यं च, यदि वा जानकीमपि ।**
**आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो, नास्ति में व्यथा ।।**

(देश व समाज की सेवा के लिए स्नेह, दया, मित्रता यहां तक की धर्मपत्नी को छोड़ने में भी मुझे कोई पीड़ा नहीं होगी।) हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। स्वयं को जानना, अध्यात्म के मार्ग पर चलकर स्वयं को जानना (नर से नारायण) एवं अपने जीवन की यात्रा को पूर्ण करना, प्रभु श्री राम का जीवन इसका भी आदर्श है। हमारा देश विविधता से भरा देश है। भौगोलिक एवं जलवायु की भिन्नता के कारण हममें भी अनेक विविधताएं दिखाई देती हैं। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में, अयोध्या से चलकर श्रीलंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, माँ शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है। यही कारण है कि उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम राम सर्वत्र दिखाई देते हैं। भाषा की इतनी विविधताओं के बावजूद भी प्रभु राम के नाम पर अपने बच्चों के नाम रखना, सभी भाषाओं में रामायण की रचना, घर-घर में राम का साहित्य और उनकी लीलाओं का मंचन समाज के प्रत्येक वर्ग में उनकी स्वीकृति को दर्शाता है। अपने आदर्श व्यवहार के कारण राम सबमें एवं सभी राम में समाये हैं। इसी सत्य को गोस्वामी तुलसीदास जी ने "सिया राम मय सब जग जानी" कहकर गाया है।

गुलामी के कालखंड में हमारे देश के लोगों को अंग्रेज भारत के बाहर दास बनाकर लेकर गए। दुनिया के अनेक देशों में गिरमिटिया मजदूर कहलाने वाले यह भारतीय अपने पुरुषार्थ के कारण आज वहां पर भी प्रभावी बन गए हैं। उनमें से अनेक वहां के संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन देशों की सेवा भी कर रहे हैं। विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस एवं प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया। इस तरह प्रभु श्री राम; केवल भारत ही नहीं विश्व भर में फैले असंख्य भारतीयों के साथ-साथ विश्व भर के नागरिकों में मर्यादा पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, अमेरिकी एवं यूरोपी देशों सहित थाईलैंड, कंबोडिया, बर्मा, इंडोनेशिया, मलेशिया, जावा एवं बाली सहित दुनिया के अनेक देश इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं। **- लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**



विदेश ले जाते समय ये भारतीय अपने साथ रामायण, श्रीरामचरितमानस व प्रभु श्रीराम का विग्रह साथ लेकर गए थे। राम ने उनको संकटों में भी धैर्य से जीवन जीना सिखाया।

हमारी मान्यता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाली एक परम शक्ति है। वह शक्ति ही हम सभी में आत्मा के रूप में विद्यमान हैं। इस कारण अपने जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं में न फंसाकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए हम सभी अपनी जीवन लीला को उसी परम सत्ता में विलीन कर दें। शरीर का रंग, कद, भोजन, पहनने के वस्त्र, भाषा, जन्म के आधार पर जाति भेद, मान्यताएं आदि को समेटे हुए यह अरबों की जनसंख्या वाला समाज है। प्रभु श्रीराम द्वारा 14 वर्ष की वन गमन अवधि में, अयोध्या से चलकर श्रीलंका तक की यात्रा में वह सभी भेदों को मिटाते एवं समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई देते हैं। निषादराज गुहा के साथ मित्रता, माँ शबरी के हाथ के जूठे बेर, वानरों के साथ उनकी मित्रता सभी प्रकार के भेदभावों को नकारती हुई दिखती है।


# ऊष्मा, ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार है सूर्य



हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा है। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, ''जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। ''सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, ''मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है। ''गीता (8-24) में कहते हैं, ''अग्नि ज्योति के प्रकाश में शुक्ल पक्ष सूर्य के उत्तरायण रहने वाले 6 माहों में शरीर त्याग कर के ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।" उत्तरायण शुभ काल है। इस अवधि में यज्ञ, उपासना, अनुष्ठान और धर्म दर्शन से जुड़े साहित्य का पठन पाठन फलदायी माना जाता है।

ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, ''आदित्य ही प्राण हैं।" छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, "जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता



विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आवाहन करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे इन्द्र से संरक्षण, मरुतों से समृद्धि की कामना करते हैं और अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं। सूक्त का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है। ऋषि कहते हैं, ''सविता पश्चातात सविता - सविता हमारे पीछे हैं। ''फिर कहते हैं, ''पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात - सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें।" सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता सम्प्रति मकर राशि पर हैं। उनके स्वागत अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति के दिन तिल, गुड़, मूंग और खिचड़ी आदि का सेवन अच्छा माना जाता है। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, ''माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई। ''हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। ऋषि सूर्य के रथ का सुन्दर वर्णन करते हैं, ''सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, ''सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। ''वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। इसके बाद खूबसूरत ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" सूर्य प्रत्यक्ष हैं। पूर्वज ऋषि सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, ''यह विज्ञ सप्त तंतुओं - किरणों को कैसे फैलाते हैं।" ऋषि विनम्रतापूर्वक जानकारी की सीमा बताते हैं, "मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूँ। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं। अंत में कहते हैं, ''बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।" सूर्य के प्रति भारतीय चिंतन में अतिरिक्त श्रद्धा है। सूर्य अभिभावक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, ''मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।"

वैदिक देवतंत्र में सूर्य महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद में सविता की स्तुति में 11 सूक्त हैं। 170 से ज्यादा स्थलों पर सविता का उल्लेख है। सूर्य देवता के लिए अलग से 10 सूक्त हैं। सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ० कपिल देव द्विवेदी ने "वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरुप" पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है कि "सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को गति, प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता कहते हैं।" सूर्य उपास्य हैं। ऊषा भी उन्हीं का एक आयाम हैं। **- लेखक यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

"आदित्य ही प्राण हैं।" छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, "जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आवाहन करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं।

# शौर्य से लबरेज है गोरखा सैन्य इतिहास

स्मरण रहे विश्व युद्धों में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों का मंजिल-ए-मकसूद भी अंग्रेजों की सफ्फाक हुक्मरानी से भारत की आजादी ही था। बहरहाल सेना दिवस के अवसर पर 'कायर हुनु भन्दा मर्नु राम्रो' जैसे ध्येय वाक्य को सार्थक करने वाले सैनिकों को नमन है 'कायर हुनु भन्दा मर्नु राम्रो' अर्थात कायर की तरह जीने से मरना बेहतर। यह ध्येय वाक्य भारतीय सेना की गोरखा राइफल्स का है। भारत के सैन्य इतिहास में गोरखा सैनिकों की दास्तान ए शुजात किसी तारूफ की मोहताज नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध में दो व द्वितीय विश्व युद्ध में 10 विक्टोरिया क्रॉस तथा आजादी के बाद 3 परमवीर चक्र जैसे आलातरीन सैन्य पदक गोरखा सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं। इंग्लैंड के रक्षा मंत्रालय के 'हार्स गार्डन' में मौजूद गोरखा सैनिक का मुजस्म्मा गोरखाओं की बहादुरी को दर्शाता है। कै. गुरबचन सिंह सलारिया यूएनओ मिशन में प्रथम व एकमात्र 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत), हिमाचली शूरवीर मे. धन सिंह थापा 'परमवीर चक्र' 1962 चीन युद्ध तथा कै. मनोज पांडे परमवीर चक्र (मरणोपरांत) कारगिल युद्ध गोरखा राइफल्स के तीनों परमवीरों के निर्भीक सैन्य नेतृत्व के पीछे गोरखा फौज की शूरवीरता मौजूद थी। सेना के सबसे सम्मानित जनरल व 1971 में नए मुल्क बांग्लादेश के नक्शे के मुख्य मुसव्विर फील्ड मार्शल 'सैम मानेकशॉ' का संबंध भी गोरखा राइफल्स से था।

1971 में पाकिस्तान की तकसीमी इबारत तथा ढाका में पाक सेना के सरेंडर की शतरंजी बिसात बिछाने के अहम किरदार 'सगत सिंह राठौर' व 'गंधर्व नागरा' जैसे जरनैलों का ताल्लुक भी गोरखा राइफल्स से ही था। गोरखा राइफल्स की स्थापना अंग्रेजों ने 24 अप्रैल 1815 के दिन हिमाचल प्रदेश के सुबाथू में की थी। पहली जंगे अजीम के दौरान तीसरी गोरखा के नायक 'कुलबीर थापा' ने सन् 1915 में फ्रांस के महाज पर तथा सिपाही कर्ण बहादुर थापा ने अप्रैल 1918 को मिस्र के जंगे मैदान में असीम शौर्य का मजमून लिखा था। बर्तानिया बादशाही ने दोनों गोरखा शूरवीरों को विक्टोरिया क्रॉस से सरफराज किया था। द्वितीय विश्व युद्ध में 'मिलिट्री क्रॉस' से सम्मानित होने वाले प्रथम भारतीय सैनिक तथा आजादी के बाद 'महावीर चक्र' जैसे पदक से अलंकृत हिमाचली सपूत कर्नल 'अनंत सिंह पठानिया' का संबंध भी 5वीं गोरखा से था। कर्नल अनंत सिंह पठानिया की कयादत में गोरखा सैनिकों ने 11 नवंबर 1948 के दिन कश्मीर में पाक सेना की पेशकदमी को खाक में मिलाकर गुमरी नाले पर कब्जा कर लिया था। उसी युद्ध में नायक 'राम प्रसाद गुरुंग' 'महावीर चक्र' ने पाक सेना की पूरी तजवीज को नेस्तानाबूद करके 15 नंवबर 1948 को अपना बलिदान दिया था। आठवीं गोरखा के सैनिकों ने सन् 1948 में मेजर हरिचंद 'महावीर चक्र' के नेतृत्व में पाक सेना से लद्दाख को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हैदराबाद रियासत का भारत में विलय के लिए चलाए गए सैन्य आपरेशन 'पोलो' में 'पांचवीं गोरखा' के नायक 'नर बहादुर थापा' ने भारत के एकीकरण के लिए श्रेष्ठ सैन्य नेतृत्व की नजीर पेश करके 13 सितंबर 1948 को हैदराबाद में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। शांतिकाल के सर्वोच्च सैन्य पदक 'अशोक चक्र' से नवाजे जाने वाले प्रथम सैनिक नर बहादुर थापा ही थे।


**- प्रताप सिंह पटियाल**

भारत के सैन्य इतिहास में गोरखा सैनिकों की दास्तान ए शुजात किसी तारूफ की मोहताज नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध में दो व द्वितीय विश्व युद्ध में 10 विक्टोरिया क्रॉस तथा आजादी के बाद 3 परमवीर चक्र जैसे आलातरीन सैन्य पदक गोरखा सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं। इंग्लैंड के रक्षा मंत्रालय के 'हार्स गार्डन' में मौजूद गोरखा सैनिक का मुजस्म्मा गोरखाओं की बहादुरी को दर्शाता है।

# क्रोध नर्क व संयम स्वर्ग की तरफ ले जाता है

हमें बताया जाता है कि हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख- दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी ख्याल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे? एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?'

उसने कहा, 'मैं पुलिस में हूं।' संत ने कहा,'तेरी तो शक्ल नहीं है पुलिस में काम करने की, तू तो दयनीय लगता है। तुझे किसने पुलिस में भर्ती कर लिया?' उस युवक को बड़ा गुस्सा आया। उसने सोचा कि मैं तो पुलिस का हट्टा-कट्टा जवान हूं, इन्हें क्या हो गया है? गुस्से में उसने अपना हाथ तलवार पर रखा और तलवार को निकाला। उसके कुछ करने से पहले ही संत ने कहा कि यह जो तलवार तुमने निकाली है, इसकी नोक बड़ी मोटी है। इससे तो मेरी गर्दन कटेगी नहीं। यह तूने कैसी तलवार उठाई है? तू किस किस्म का सिपाही है? उसे और गुस्सा आया और जब वह गुस्से से तलवार उठा कर उन्हें मारने ही वाला था, तो संत ने कहा कि यही नर्क है। यह सुनते ही वह रुक गया और उसे ध्यान आया कि वह क्या करने जा रहा था। कै से इनसान को एक छोटी-सी चीज से गुस्सा आ जाता है। उसके अंदर हलचल इतनी बढ़ जाती है कि वह अपने आपको उस हलचल का शिकार बना लेता है। उसने देखा कि वह तो तलवार निकाल कर संत को मारने लगा था, लेकिन संत शांत अवस्था में बैठे थे। उसने तलवार अंदर रखी, तो संत ने कहा कि यही स्वर्ग है।



यह बताया जाता है कि नर्क में बड़ी गर्मी है, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। कई बार यह भी ख्याल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे? एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो ?'

**सातेले पिता ने शारीरिक शोषण कर बनाया वीडियो**

कोसीकलां। शहर के एक देहात इलाके में एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां एक सौतेले पिता ने बेटी का काफी समय तक शारीरिक शोषण किया और अश्लील वीडियो भी बना लिया। उसे लगातार धमकी देकर शोषण करता रहा। पिता की हरकतों से परेशान पीडिता ने थाने पहुंचकर बचाव की गुहार लगाई और आरोपित पिता के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# परिक्रमा मार्ग में दूरी के अनुपात में तय होगी ई - रिक्शाओं की संख्या

## गोवर्धन में ई - रिक्शाओं के जाम से निजात दिलाने को प्रशासन कर रहा मंथन

- अक्सर परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं को कर देते थे चुटैल
- ई रिक्शा परिक्रमा मार्ग में नहीं बनेंगे परेशानी का सबब



"ई रिक्शाओं से परिक्रमा में परिक्रमार्थियों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए कार्य योजना तैयार करने पर विचार किया जा रहा है ।परिक्रमा मार्ग में जल्द ही निर्धारित संख्या में ई रिक्शा दिखाई देंगे।
**कमलेश गोयल, एसडीएम गोवर्धन**

"ई रिक्शा को लेकर कार्य योजना तैयार की जा रही है। परिक्रमा मार्ग में दूरी के अनुपात से ई रिक्शाओं की संख्या निर्धारित की जाएगी ।इससे परिक्रमार्थियों को सुविधा मिलेगी।
**राम मोहन शर्मा सीओ गोवर्धन**

भास्कर ब्यूरो

**गोवर्धन।** सप्त कोसीय परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा देने के लिए प्रशासन निरंतर कवायद कर रहा है ।परिक्रमा मार्ग में किस तरीके ई रिक्शे चलाए जाएं इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा है ताकि दूर दराज से आने वाले परिक्रमार्थी गिरिराज गोवर्धन की अच्छी छवि बृज से अपने गंतव्य तक लेकर जाएं। संज्ञान रहे कि इस समय गोवर्धन में गिर्राज महाराज की सप्तकोसीय परिक्रमा करने देश विदेशों व अन्य राज्यो से श्रद्धालु व भक्त पहुँचते है।

अधिकांश परिक्रमार्थी परिक्रमा लगाने में असमर्थ होते है ।तो वह ई रिक्शा किराए पर लेकर और उसमें बैठकर परिवार के साथ गिर्राज जी की परिक्रमा पूरी करते है। परिक्रमार्थियों की संख्या को देखते हुए पिछले वर्षों में गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में ई रिक्शाओं की संख्या में बेहातशा वृद्धि हुई है। एनजीटी के आदेशानुसार गोवर्धन परिक्रमा क्षेत्र में मात्र चार सौ ई रिक्शाओ की परमिशन दी गई बताई जाती है।

जबकि वास्ताविक रुप से परिक्रमा मार्ग व गोवर्धन में करीब चार से पांच हजार की संख्या में ई रिक्शा चलने का अनुमान लगाया जा रहा है ।इन सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन परिक्रमा मार्ग में ई रिक्शाओं की संख्या सीमित करने पर मंथन कर रहा है।

एसडीएम गोवर्धन कमलेश गोयल सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा एसओ नितिन कसाना और गोवर्धन नगर पंचायत ईओ आलोक कुमार वर्मा के साथ कार्य योजना तैयार करने में जुटे हैं ।अगर अधिकारियों की मानी जाए तो शीघ्र ही पूरे परिक्रमा मार्ग में एनजीटी के निर्देशानुसार निर्धारित संख्या में ई रिक्शा रजिस्टर्ड किए जाएंगे और उनको ही परिक्रमा मार्ग में चलने की अनुमति दी जाएगी ।सभी ई रिक्शाओं के बीच क्षेत्र निर्धारण भी किया जायेगा ।सभी रिक्शा अपने अपने क्षेत्र में ही चलेंगे।

# संस्कृति विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनी लोहड़ी

भास्कर ब्यूरो



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार की रात को छात्र-छात्राओं ने जमकर नाच-गानों के साथ लोहड़ी का त्योहार मनाया। नाचते हुए जलती हुई अग्नि के चक्कर लगाए और सामूहिक रूप से पारंपरिक गीत ह्यसुंदर मुंदरिये नीह्ल गाया।

छात्र-छात्राओं ने लोहड़ी की तैयारियां सुबह से ही शुरू कर दी थीं। मैदान में लकड़ियां एकत्र कर लोहडी तैयार की गई थी। पारंपरिक तौर पर लोहड़ी फसल की बुवाई और उसकी कटाई से जुड़ा एक विशेष त्योहार है। इस मौके पर पंजाब में नई फसल की पूजा करने की परंपरा है। विश्वविद्यालय में पंजाबी छात्र-छात्राओं में सुबह से ही त्योहार को लेकर विशेष उत्साह था। उनके साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी समान रूप से मिलकर त्योहार मनाय़ा ।विश्वविद्यालय के एकेडमिक डीन डा. हरवीर सिंह ने लोहड़ी में अग्नि प्रज्वलित की और इसी के साथ ही छात्र-छात्राओं ने नृत्य करना शुरू कर दिया। दोपहरभर विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया। रात के साथ ही भांगड़ा की धमाचौकड़ी शुरू हो गई। सभी ने एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। विवि की विशेष कार्याधिकारी श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संस्कृति स्कूल आफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंस के डीन डीएश तौमर, होटल मैनेजमेंट के डीन रतीश शर्मा, फैकल्टी डा. दुर्गेश वाधवा, ट्रेनिंग सेल की सीनियर मैनेजर अनुजा गुप्ता, एडमिनिस्ट्रेटिव रजिस्ट्रार तुषार शर्मा आदि विवि के अनेक अधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे ।

## सार सुर्खियां

### गोवर्धन में कुसुम सरोवर की छतरियों पर उड़ाई गई पतंग



गोवर्धन। शनिवार को मकर सक्रांति के दिन जहां सभी लोग मकर सक्रांति का आनंद ले रहे थे। वही गोवर्धन नगर पंचायत और राधाकुंड नगर पंचायत के द्वारा गोवर्धन के राधाकुंड परिक्रमा मार्ग में स्थित कुसुम सरोवर पर पंचायतो के अधिशाषी अधिकारियों ने पतंगे उड़ाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की ।यह अभियान 24 जनवरी तक चलेगा। नगर पंचायत गोवर्धन की ओर से अभियान की शुरूआत कुसुम सरोवर की छतरियों पर नीले, हरे रंग की पतंग उड़ाकर की गई। अभियान के दौरान नगर पंचायतो द्वारा स्थानीय लोगों के साथ साथ गिरिराज जी परिक्रमा करने आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों को स्वच्छता के लिये जागरूक करेगे। इस मौके पर जिला समन्वयक एसबीएम हर्ष, जय सिंह, गोवर्धन नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा, राधाकुंड नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### पीने के पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण व पशु,घरो में छाया अंधेरा



छाता। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के आखिरी व्यक्ति तक सभी योजनाएं पहुंच रही है योजना का लाभ जनता को मिल रहा है लेकिन सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही मामला शेरगढ़ के गांव जंघावली में देखने को मिला जहां काफी दिनों से एक बिजली का ट्रांसफार्मर फुका पड़ा है जिसकी वजह से गांव में पीने के पानी की किल्लत हो गई है पशु भी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण अपने पशुओं के लिए पानी बाहर से लेकर आ रहे हैं ट्रांसफॉर्म फुकने की शिकायतों से ही देन संबंधित जेई को दे दी गई लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया 15 दिन से पीने के पानी की समस्या हो रही है और घरों में अंधेरा छाया हुआ है जिसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं ग्रामीणों का कहना है जेई से बार-बार शिकायत करने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है जिसकी वजह से पशु और आदमी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं घरों में अंधेरा छाया हुआ है ।

### शेरगढ़ थाना में लगा थाना दिवस एक शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण



छाता। शनिवार को आज शासन की मंशा के अनुरूप दूसरे व चौथे शनिवार को सभी थानों में थाना दिवस लगाया जाता है उसी के तहत आज शेरगढ़ थाने में भी थाना दिवस लगाया गया जिसमें राजस्व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद है यह थाना दिवस नायब तहसीलदार राखी शर्मा की अध्यक्षता में लगाया गया थाना दिवस सुबह 10 :00 बजे से लेकर दोपहर के 2 :00 बजे तक लगाया गया जिसमें एक शिकायत आई उस शिकायत का संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया नायब तहसीलदार राखी शर्मा ने बताया कि आज थाना दिवस शेरगढ़ में लगाया गया जिसमें एक शिकायत आई थी इसका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया थाना दिवस में जो भी शिकायत जिससे संबंधित होती है उसको प्रेषित कर मौके पर टीम बनाकर भेजा जाता है और निस्तारण किया जाता है ।

### दान-पुण्य भारतीय संस्कृति का आधार: लक्ष्मीनारायण चौधरी



कोसीकलां। हमारे त्यौहारों की खूबसूरती दान -पुण्य से और बढ जाती हैं। यही भावना भारतीय संस्कृति का आधार भी है। सभी की जिम्मेदारी इसे अपनी नई पीढियों को हस्तांतरित करने की है ।ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम अपने युवाओं का संस्कृति एवं परंपराओं को रूबरू कराकर उन्हें धर्म, दान, पुण्य की ओर अग्रसर करने का काम करें। उक्त वक्तव्य कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने पुराना जीटी रोड स्थित गोइंका फर्नीचर पर मकर सक्रांति त्यौहार पर आयोजित कार्यक्रम में कहे। उन्होंने लोगों को खिचडी प्रसाद वितरित किया। जिसके बाद उन्होंने साधू संतों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि अपने तीज - त्यौहारों के साथ अपनी संस्कृति को भी साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर अपने प्रयास करने चाहिए। दान पुण्य की हमारी संस्कृति एवं सभ्यता रही है। कार्यक्रम में नरदेव चौधरी, मनोज फौजदार, राजवीर सिंह, होती चाचा, खचेरमल अग्रवाल प्रयांशु चौधरी, अजय गोइंका, ठा भानू प्रताप, नेमचंद गर्ग, पिंटू नेता, गोपाल शर्मा, श्याम बिहारी श्यामू, भगवत श्रृंगारी, बॉबी अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### कॉरिडोर के विरोध में महिला ने मुख्यमंत्री से की इच्छा मृत्यु की मांग, वीडियो हुआ वायरल

वृंदावन। ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर को जहा एक ओर मथुरा प्रशासन तैयारी और जांच करने में जुटा हुआ है। वही आज वासियों के द्वारा कोरिडोर को लेकर विरोध किया जा रहा है। वही कोरोडोर के विरोध में इच्छामृत्यु की मांग करती महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से पूरे परिवार के साथ मौत के बाद ब्रज की मिट्टी में मिल जाने की इच्छा जताते हुए अपनी गुहार लगा रही है। यहां बताते चलें कि ठाकुर श्री बांकेबिहारी मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर का विरोध लगातार तेजी पकड़ रहा है। वृंदावन की पौराणिकता को बचाने और लोगो की रोजी रोटी से खिलवाड़ न करने की मांग को लेकर ब्रजवासियों द्वारा अपना आक्रोश जताया जा रहा है। इसी क्रम में एक महिला ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी पीड़ा जाहिर की है। जिसमे महिला अपने परिवार के सभी बारह सदस्यों को जहर देकर ब्रज की मिट्टी में मिल जाने की बात कह रही है।

# क्षेत्राधिकारी ने पौधारोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश



भास्कर ब्यूरो

**सौंख।** लोहड़ी के पावन पर्व पर पुलिस अधिकारियों ने पौधारोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर थाना मगोर्रा परिसर में आधा दर्जन पौधे रोपे। शुक्रवार को थाना मगोर्रा परिसर में क्षेत्राधिकारी गोवर्धन राम मोहन शर्मा व थानाध्यक्ष मुनेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से थाने में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण का महत्व भी बताया गया। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन राम मोहन शर्मा ने बताया कि हम सभी को प्रदूषण को दूर करने के लिए पौधे लगाने चाहिए। जिससे हम सभी को स्वच्छ हवा मिलती है। मन शांत रहता है और शरीर स्वस्थ रहता है। थानाध्यक्ष मगोर्रा मुनींद्र सिंह ने बताया कि आगामी प्रत्येक पर्व पर थाना परिसर में पौधारोपण किया जायेगा। इस मौके पर संतोष कुमार एसआई , उदयवीर सिंह मावी, धर्मेंद्र सिंह तोमर, भोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांतिः खिचडी के साथ संस्कृति का संगम, राधा माधव मंदिर पर हुआ आयोजन

भास्कर ब्यूरो



**कोसीकलां।** शहर में मकर संक्रांति के त्यौहार पर खिचडी और संस्कृति का संगम होता नजर आया। उत्साह एवं उल्लास के साथ घरों और मंदिरों में दान पुण्य कर जरूरतमंदों के त्यौहार को खुशनुमा बनाया गया। देहात में लोग अपने अपने कुलगुरू से नए पत्रा से पूर्वानुमान जान आशीर्वाद लेते नजर आए।

मकर सक्रांति का त्यौहार उत्साह एवं उमंग लेकर आया। दान पुण्य की होड सी लगी रही। किसी ने गरीबों को खाना खिलाया तो किसी ने कपडे बांटे। कहीं रजाई और कंबलों का वितरण किया गया तो कहीं तिल दान करने की परंपरा को आगे बढाया। शहर के चैराहे, तिराहों पर स्टॉल लगाकर समाजसेवियों ने खिचडी भोज किया। राधा माधव मंदिर पर पंडित जगदीश सुपानियां ने खिचडी प्रसाद का आयोजन कर लोगों को त्यौहार की बधाई दी। कार्यक्रम में हरिओम गुप्ता, सुभाश गोयल, डारु मगला, राजेंद्र प्रसाद आर्य, रोशन लाल सौंखिया, अमर चंद मास्टर, दाता राम लम्बरदार, रवि चैधरी, चंद्रभान चैधरी, इंदर सिंह नेता , भगवान सिंह सांगवान, अजरी रावत, दिगम्बर चैधरी, योगेंद्र शर्मा, रोहताश शर्मा, शोभाराम शर्मा, हेतराम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, मोरमुकुट पंडित, आरएन भारद्वाज, धर्मवीर शर्मा , एलपी शर्मा मौजूद थे।

वहीं गांधी पार्क पर भाजपा नेता तरुण सेठ द्वारा स्टॉल लगाकर खिचडी भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सीमा रानी सेठ, कन्हैयालाल गोयल, तेजवीर प्रधान, इंद्रपाल धनगर, अरुण कुमार, अशोक कुमार, बलराम, महेश जाबिया, केशव देव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### सौंख में चोर दुकान से चुराकर ले गए सामान, दुकानदारों ने दी तहरीर

सौंख। सर्द रात शातिर और असामाजिक तत्वों के लिए मुफीद साबित हो रही हैं। कोहरे का फायदा उठाकर ये शातिर दुकानों पर भी हाथ साफ करने से नहीं चूक रहे हैं। शुक्रवार की रात कुछ शातिर किस्म के लोग सौंख - लोरिहापट्टी तिराहे से चार दुकानों के ताले चटका कर सामान चुराकर ले गए। दुकानदारों को सुबह पता चला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। सौंख से मथुरा जाने वाले तिराहे पर कुछ दुकानें स्थित हैं। शनिवार की सुबह दुकानदार जब दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें अपनी दुकानों के शटर खुले मिले। इस पर दुकानदारों ने दुकानों का सामान चेक किया तो कुछ नकदी तथा सामान गायब मिला। दुकानदारों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस बारे में चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि शटर तोड़ने या ताला चटकाने जैसी कोई घटना नहीं हुई है। असामाजिक किस्म के लोग शटर के नीचे से हाथ डालकर कुछ सामान ले गए हैं। तहरीर लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि जन जागरण यात्रा का हुआ शुभारंभ

## रथयात्रा को लेकर प्रसाशनिक अधिकारियों से हुई झड़प

भास्कर ब्यूरो



**गोवर्धन।** शनिवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि जन जागरण अभियान यात्रा का शुभारंभ दानघाटी मंदिर से गिरिराज जी की पूजा अर्चना कर हुआ ।रथ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन से झड़प हुई ।शनिवार को दानघाटी सौंख अड्डा राजीव तिराहे व बड़ी परिक्रमा करते हुए लोगों में जन जागरण किया ।यात्रा श्री कृष्ण जन्मभूमि मुख्य निर्माण ट्रस्ट के द्वारा निकाली जा रही है ।यात्रा 14 अप्रैल को श्री कृष्ण जन्मभूमि पहुंचेगी ।पीठाधीश्वर आशुतोष पांडे व महामंडलेश्वर धर्मेंद्र गिरी महाराज ने कहा कि यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक कर श्री कृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण कराना है ।उन्होंने आरोप लगाया पुलिस प्रशासन ने गुमराह कर यात्रा में व्यवधान डाला है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष भ्रगुवंशी आचार्य आशुतोष पांडे महामंत्री महामंडलेश्वर महेंद्र धर्मेंद्र गिरी महाराज साध्वी प्राची दीदी हरिद्वार केसरिया हिंदू वाहिनी के ब्रज क्षेत्र मीडिया प्रभारी पंडित उत्तम शर्मा सत्यम पंडित अनिल त्रिपाठी एसडीएम गोवर्धन राकेश गोयल सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा थाना प्रभारी नितिन कसाना मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक घायल, दो फरार



भास्कर ब्यूरो

**गोवर्धन।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव दोसेरस क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान राजस्थान थाना सीकरी क्षेत्र के रहने वाले बदमाश शाहिद के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया।

घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मुठभेड़ के दौरान एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल, एक स्विफ्ट कार, एक तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है। एसपी देहात ने बताया कि यह साइबर क्राइम से जुड़े अपराधियों के लिए सिम उपलब्ध कराने का काम करते थे। पुलिस को सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी शुरू कर दी थी। शाहिद नाम के बदमाश के पैर में गोली लगी है। बाकी बदमाश कार को छोड़कर फरार हो गए। भागे हुए बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है। सीओ गोवर्धन राम मोहन शर्मा, थाना प्रभारी नितिन कसाना व उनकी टीम फरार बदमाशों की पकड़ में जुटी हुई है।

# मॉक ड्रिलः सड़क पर उठने लगीं लपटें तो कैसे करें बचाव

## अग्नि सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



भास्कर ब्यूरो

**फरह।** चलते वाहन में या किसी दूसरी तरह से सकड पर आगजनी की घटना होती है तो यह जन सामान्य के लिए बेहद गंभीर हालत पैदा कर सकती है। हाइवे, एक्सप्रेस या किसी अन्य मार्ग पर होने वाली इस तरह की किसी भी दुर्घटना से किस तरह निपटा जाये इसे लेकर अग्नि सडक सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को जागरूक किया गया। शनिवार को दिल्ली आगरा टोल रोड के महुअन टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन अग्नि और सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को प्रयोग कर यह दिखाया गया कि सड़क पर आगजनी के दौरान किस तरह बचाव कार्यों को अंजाम दिया जाता है। बताया गया कि आकस्मिक आग से कैसे बचें। फायर सिलेंडर का उपयोग कैसे किया जाता है। किस तरह आग को फायर सिलेंडर के द्वारा काबू कर बचाव किया जा सकता है और अगर गाड़ी में चलते समय आग लगने की संभावना बनती है तो उसे कैसे बचाव किया जा सकता है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते सड़क पर चलते किन किन सावधानियों को ख्याल रखे जिससे सड़क दुर्घटनाएं न हो जिसमें जेट सेफ्टी के संस्थापक रामकिशोर, महुअन टोल प्लाजा मैनेजर निश्चित शर्मा,, चौकी इंचार्ज केसव यादव, ट्रैफिक एंड रोड सेफ्टी मैनेजर रूप कुमार, असिस्टेंट मैनेजर ओकील शर्मा, इंसिडेंट मैनेजर नरेंद्र चौधरी और टोल मैनेजर संजय यादव तथा टोल स्टाफ मौजूद रहा।

# टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी और डीएम

भास्कर ब्यूरो



**वृंदावन।** मथुरा जनपद के एसएसपी शैलेश पांडे और जिलाधिकारी पुलकित खरे वृंदावन मार्ग स्थित बने टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर उन्होंने यात्रियों के लिए बनाई गई सुविधा केंद्र की जांच पड़ताल की। वही जहां पर उन्हें कमियां प्राप्त हुई, वहां पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने कहा कि कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सरकार के द्वारा एक भव्य टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर बनाया गया है। जिसमें बाहर से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनों को पार्क कर सकते हैं और साथ ही उन्हें यहां पर भोजन और रहने की व्यवस्था प्रदान की जाती है। समय समय पर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इस जगह का निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में आज हमारे द्वारा इसका निरीक्षण किया गया है।

# मकर संक्राति पर हुई स्वच्छ विरासत अभियान की शुरूआत

## श्रीकृष्ण जन्म स्थल, बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और रंगजी मंदिर पर चलाया गया अभियान

भास्कर ब्यूरो




**मथुरा।** देश- विदेश से आने वाले पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित करने तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए मकर संक्रांति के अवसर पर स्वच्छ विरासत अभियान की शुरूआत की गई। अभियान का आगाज श्रीकृष्ण जन्म भूमि, ठाकुर बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और रंगजी मंदिर पर किया गया।

शनिवार को नगर विकास विभाग की ओर से स्वच्छता परमो धर्म पर बल देते हुए स्वच्छ विरासत अभियान की शुरूआत की गई। जिसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक, प्रतिबंधित पॉलीथिन, नीला हरा डस्टबिन की उपलब्धता बनाए रखने के प्रति ब्रजवासियों को जागरूक किया गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर महापौर डा. मुकेश आर्यबंधु, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, केआर गर्ल्स पीजी कालेज की डा. पल्लवी मौजूद रहीं। वृंदावन के रंगजी मंदिर सहायक नगर आयुक्त राजकुमार मित्तल, नगर निगम बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य मीना तैनात रहीं। प्रेम मंदिर पर सहायक नगर आयुक्त लवकुश गुप्ता, हजारीमल सोमाणी के प्रधानाचार्य इंद्रपाल, ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पर अपर नगर आयुक्त क्रांतिशेखर सिंह, एनएसएस अधिकारी आइओपी लक्ष्मी गौतम मौजूद रही*। जहां पर छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, रंगोली, पतंग उड़ाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छ विरासत कार्यक्रम में कुल 350 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही आम आदमी से अपील की गई कि वह कूड़े को डस्टबिन में ही डालें।

**सार्वजनिक सूचना**

बाल मुकुंद जनता इंटर कॉलेज सनौता (मेरठ) की पूर्व प्रबंध समिति से संबंधित कोई भी पदाधिकारी या सदस्य प्रबंध समिति के चुनाव कराने के संबंध में अपना पक्ष रखने हेतु इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर विद्यालय में साक्ष्य सहित उपस्थित होकर कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक प्रधानाचार्य से संपर्क करें।

**प्रबंध संचालक**
**बाल मुकुंद जनता इंटर कॉलेज सनौता, पोस्ट गड़ीना (मेरठ)।**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पिंकू से बदलकर पिंकू शर्मा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**पिंकू शर्मा पुत्र शिवशंकर शर्मा**
**निवासी- रघुनाथपुरी, कोसीकलां, छाता, मथुरा, उप्र**

**NAME CHANGED**

I have to change my Name PINKU to PINKU SHARMA, Hence Forth to be Known As PINKU SHARMA S/O SHIVSHANKAR SHARMA, Raghunathpuri, Kosi Kalan, Chhata, Mathura (UP)

# छात्रा के अपहरण के आरोपी भेजे गए जेल

## नौ माह से लापता लडकी का कोई सुराग नहीं

■ बेटी की तलाश में भटकने को मजबूर परिजन

भास्कर ब्यूरो

आगरा। सदर के उखर्रा क्षेत्र से नौ महीने पहले 11वीं की छात्रा को बाइक सवार अगवा कर ले गए थे। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपित को जेल भेज दिया। पुलिस अब तक चार आरोपितों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। मगर, छात्रा को बरामद नहीं कर सकी है। मुख्य आरोपित उसे लेकर गायब है।

सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा 14 अप्रैल 2022 की सुबह स्कूल थी। बाइक सवार दो युवक उसे स्कूल के गेट के पास से बैठा कर ले गए थे। छात्रा के चाचा ने उनका पीछा किया, लेकिन वह चकमा देकर निकल गए थे। अपहरण की सनसनी पर एडीजी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। छात्रा के पिता की तहरीर पर सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस की छानबीन में आरोपितों के नाम खुले थे। भरतपुर के थाना उद्योग नगर के धौरमई निवासी रोहित और उसका साथी लोकेंद्र उर्फ भोला छात्रा को अगवा करके ले गए थे। पुलिस ने मुख्य आरोपित रोहित के पिता लखन लाल, फतेहपुर सीकरी के मंडी मिर्जा खां निवासी नंद किशोर और एटा के पुराना बस स्टैंड निवासी जीजा संदीप को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लोकेंद्र उर्फ भोला और रोहित फरार चल रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को लोकेंद्र को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अभी तक छात्रा को बरामद नहीं कर सकी है। मुख्य आरोपित उसे लेकर गायब है।छात्रा की तलाश में परिवार वालों ने लाखों रुपये खर्च कर दिए हैं। पुलिस के अलावा वह भी अपने स्तर से भरतपुर, जयपुर, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और एटा समेत करीब एक दर्जन जिलों की खाक छान चुके हैं। पिता का फर्नीचर का काम है, वह भी लगभग ठप पड़ा हुआ है। आरोपित के गांव भी कई बार गए, लेकिन छात्रा का कोई पता नहीं चला। मौके पर पहुंच गए थे। छात्रा के पिता की तहरीर पर सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया था।

# जलकल विभाग की बकाएदारों पर टेढ़ी नजर, नोटिस होंगे जारी

## एक लाख बकाएदारों पर बढ़ी धनराशि बकाया, होगी कार्रवाई

■ जलकर की जानकारी एसएमएस से,कनेक्शन काटे जाएंगे

भास्कर ब्यूरो

आगरा। जलकल विभाग बकाएदारों से टैक्स वसूली करने के लिए अब उनके फोन पर नोटिस भेजेगा। बड़े बकाएदारों को फोन भी किए जाएंगे। इन बकाएदारों की संख्या 1 लाख के करीब है। जलकल विभाग के पानी और सीवर के टैक्स की बकाएदारी की जानकारी लोगों को अब घर बैठे मिलेगी। जलकल विभाग में टेलीकॉम व्यवस्था शुरू की गई है। 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। इन पर टैक्स की जानकारी अब वॉइस कॉल और एसएमएस के जरिए पहुंचेगी। बड़े बकाएदारों पर पानी और सीवर कनेक्शन काटने की चेतावनी नोटिस भी भेजे जाएंगे। इससे बिलिंग सुविधा भी सरल होगी। साथ ही उपभोक्ताओं को उनकी सम्पत्ति के नम्बर, बकाया राशि तथा ऑन लाइन भुगतान आदि की जानकारी अब उनके मोबाइल पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

जलकल के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह के अनुसार विभाग में कंप्यूटराइज्ड व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा हस्तलिखित नोटिस की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब कंप्यूटर से नोटिस तैयार हो रहे हैं। प्रत्येक बकायेदार तक पहुंचने के लिए टेलीकॉम व्यवस्था लागू की गई है। बकायेदारों के मोबाइल नंबरों पर विभाग से वॉइस मैसेज और एसएमएस भेजे जा रहे हैं। इस नई व्यवस्था से विभाग करीब 1 लाख उपभोक्ताओं को उनकी प्रॉपर्टी पर लगे पानी और सीवर टैक्स की जानकारी देगा। मैसेज में भवन का कोड, पिन और बकाया धनराशि के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस नई व्यवस्था की महाप्रबंधक स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं और रैंडम कॉल कर फीडबैक ले रहे हैं।

दरअसल जलकल विभाग पर अपने उपभोक्ताओं के फोन कॉन्टेक्ट उपलब्ध नहीं थे। महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने जलकल के उपभोक्ताओं की सम्पत्तियों का मिलान नगर निगम में दर्ज सम्पत्तियों से कराया। वहां प्रॉपर्टी के मालिकों के फोन कॉन्टेक्ट लिए और सूची तैयार कराई है। नगर निगम में करीब 3.11 लाख सम्पत्तियां दर्ज हैं, इनमें से जलकल विभाग अपनी करीब 95 हजार सम्पत्तियों के रिकॉर्ड मैच कर चुका है। इन सभी प्रॉपर्टी मालिकों के फोन कॉन्टेक्ट अब जलकल विभाग के पास भी उपलब्ध हो गए हैं।

# डीईआई में लोहड़ी और मकर संक्रांति का उत्साह

भास्कर ब्यूरो

आगरा। दयालबाग शिक्षण संस्थान (डीईआई) में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान से जुड़े सभी विद्यालयों के बच्चों ने स्वच्छता, जागरूकता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। रंगारंग प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। छात्र-छात्राओं ने सुबह के सत्र में संस्थान और उसके आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। शाम के सत्र में संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने संस्थान के एग्रोईकोलोजी फील्ड में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर विशेष सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रेम कुमार कालरा ने लोहड़ी और मकर संक्रान्ति के महत्व के बारे में बताया।

# हज 2023 की नई पॉलिसी को लेकर संशय

भास्कर ब्यूरों

फिरोजाबाद । हज प्रशिक्षण केन्द्र इस्लामिक सेन्टर फिरोजाबाद में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें केन्द्रीय हज कमैटी के चीफ मास्टर ट्रेनर मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने हज 2023 की आने वाली नई पॉलिसी को लेकर बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी आने वाले कुछ दिनों में नई पॉलिसी का ऐलान करने वाली हैं। हमनें इससे पहले कई पत्रों द्वारा हज यात्रियों के हितों को सामने रखते हुए कुछ सुझाव व प्रस्ताव भेजे हैं। जिनमें हज यात्री की हज यात्रा आसान और सस्ती और बेहतर हो सकती है, उन सुझावों और प्रस्तावों को हमें उम्मीद है कि ह्यह्यश्रीमती स्मृती ईरानी साहिबाआने वाली न्यू पॉलिसी में जरूर शामिल करेंगी । जिस से हज यात्रियों का संशय दूर




हो सके। हज 2023 नई पॉलिसी के अनुसार ही होगा जो सुझाव हमारे द्वारा दिये गये हैं, हज यात्रियों के संबंध में वो यह हैं कि 9 इम्बारकेशन पॉइन्ट को दोबारा खोला जाये, जो कोराना काल में बन्द किये गये थे हज यात्रियों की आयु के प्रतिबंध को समाप्त किया जाये जो कोराना काल में 65 वर्ष थी, 70 साल से ऊपर के हज यात्रियों को बगैर लॉटरी के चुना जाये, ग्रुप पाँच का होता था, चार का किया जाये, मौअल्लिम फीस कम की जाये, फॉरन एक्सचेंज को हज यात्री के लिए आजाद छोड़ दिया जाये एवं हज यात्रा को 40 से 30 दिन की कर दि जाये, क्यों की हज तो मात्र 5 दिन में हो जाता है। जिस से हज सस्ता हो सकता है वी.आई.पी कोटा समाप्त कर केन्द्रीय हज कमैटी को वापस किया जाये जो 500 सीटों पर आधारित होता था, हवाई जहाज के किराये में कमी लाने के लिए हज एक्ट में बदलाव किया जाए और ओपिन टेन्डर डाला जाये, हज सेवक के निर्धारित कोटे में प्राइवेट सेक्टर के लोगों को आधा कोटा दिया जाये। सरकारी 50 प्रतिशत निजि सेक्टर को दिया जाये, हज यात्री की आवेदन प्रक्रिया आसान की जाये, हज यात्रियों के आवेदन की प्रक्रिया अगले सप्ताह आरम्भ होगी, जिसमें प्रत्येक हज यात्री को पासपोर्ट की फोटो कॉपी ग्रुप में किसी एक का पैनकार्ड, दो फोटो, कैंसिल चेक, मेडिकल रिर्पोट, कोरोना आर.टी.पी.सी.आर. के दोनों सर्टिफिकेट मूल रूप से अनिवार्य हैं।

यह पत्रजात लेकर हज आवेदन आरंभ होने के बाद किसी भी दिन इतवार के अलावा सुबह 10 बजे जिला हज केंद्र इस्लामिक सेंटर मदीना कॉलोनी पर आकर मिलें।

हरमाह की 14 तारीख को स्वास्थ्य मेला,सीएमओ ने कहा सभी तैयारियां पूर्ण

भास्कर ब्यूरो

आगरा। जिले के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर हर माह की 14 तारीख को स्वास्थ्य मेले लगेंगे। मेलों में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही उन्हें योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जनपद के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर मेले की तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। एसीएमओ आरसीएच डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि जिला अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से यह मेले आयोजित होंगे। स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय स्थापित कर मेलों में सभी तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

हर माह मेले की नई थीम रखी जाएगी। इस माह यानी कल 14 जनवरी को आयोजित मेले की थीम ह्यकिशोर व युवा स्वास्थ्य एवं कुष्ठ रोग संबंधित गतिविधियांह्व रखी गई है।

# मकरसंक्राति पर खिचड़ी वितरण समारोह

भास्कर ब्यूरे

शिकोहाबाद । नगर के बस स्टेन्ड के सामने सरदार त्रिलोक सिंह की दुकान पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कल्पतरु ट्रस्ट का 15वाँ खिचडी वितरण कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ ट्रस्ट के संस्थापक कृष्ण कुमार खण्डेलवाल व सभी पदाधिकारीयों के साथ माँ शारदे के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया । खिचडी वितरण सुवह आठ बजे से शुरू होकर लगभग शाम चार बजे तक निरंतर चलता रहा आने जाने वाले राहगीर व यात्रियों ने ठंड भरी सर्दी मे गरमा गरम खिचडी का भरपूर प्रसाद लिया महिलाये बुजुर्ग बच्चे खिचडी पाने के लिये कतार लगाये खिचडी ले रहे थे ।खिचड़ी के साथ -साथ चाय की भी व्यवस्था की गयी थी आने जाने




वाले लोग सर्दी मे चाय के लिए भी लाइन मे लगे दिखे ।ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि कल्पतरु ट्रस्ट द्वारा खिचडी व चाय वितरण कार्यक्रम पिछले 15 वर्षो से लगातार ट्रस्ट के द्वारा लगातार किया जा रहा है ।कल्पतरु महिला मण्डल की अध्यक्षा नीतू गोयल ने बताया ट्रस्ट के द्वारा पूरे वर्ष कई समाजिक कार्य किये जाते है इसी मे मकरसंक्राति के पर्व पर खिचडी व चाय वितरण कार्यक्रम किया गया है ।इस अवसर पर महिला मण्डल मे शालिनी अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सुनीता, नीता, शोभा, पियुषी, सोनिका, नीतू, सारिका, गौरी, प्रतिभा, सरला, नर्मता, पूजा कपूर । ट्रस्ट के तरुन अग्रवाल, हेमन्त सोनी, अतुल, विकास, गगन कपूर, प्रसान्त राजपूत, नवीन चंदेल, विशाल, ओम शंकर, लकी जैन, अनिल किशोर, विजय, हरजीत सिंह, अभित अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## सार सुर्खियां

### 3 कुंटल खिचड़ी का वितरण

भास्कर ब्यूरो/फिरोजाबाद ।मकर संक्रांति के अवसर पर करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान के नेतृत्व में 3 कुंटल खिचड़ी का विशाल वितरण किया गया. खिचड़ी को खाते हुए लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहां के यह होता है प्यार मोहब्बत अमन चैन भाईचारा हिंदू भाई के त्यौहार को मुस्लिम भाई कितने हर्षोल्लास मोहब्बत के साथ मना रहे हैं. करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्लाह खान ने कहां के पूरे उत्तर प्रदेश में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम बहुत साल पहले हमने शुरू करा था जिसको हम आज तक करते आ रहे हैं. मुस्लिम समाज की तरफ से खिचड़ी बांटने का मकसद उद्देश्य यह है कि हम यह संदेश पैगाम देना चाहते हैं हम अपने प्यारे से देश में अमन चैन मोहब्बत भाईचारे के साथ रहते आए हैं और हिंदू मुस्लिम त्योहारों को एक साथ मनाते आए हैं. ऐसे भाईचारे के कार्यक्रमों से आपस में प्यार मोहब्बत अमन चैन भाईचारा कायम रहता है. उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी, महामंत्री कौशल किशोर उपाध्याय, ने कहा कि हिकमत उल्ला खान बरसों से खिचड़ी बांटकर अमन-चैन भाईचारे का पैगाम देते आ रहे हैं यह बहुत सराहनीय कार्य है. प्रमुख उद्योगपति हेमंत अग्रवाल बल्लू, शिक्षाविद डॉक्टर मयंक भटनागर ने कहा कि हिकमत उल्लाह खान ने जब से मुस्लिम समाज की तरफ से खिचड़ी बांटने का कार्यक्रम शुरू करा है तब से ही हम इस कार्यक्रम में आ रहे हैं क्योंकि यह कार्यक्रम मुस्लिम भाइयों की तरफ से करा जाता है ।



### एफएच मेडिकल कॉलेज में मरीजों एवं तिमरदारों को वितरण की खिचड़ी'

भास्कर ब्यूरो/टूंडला। मकर संक्रांति के पर्व पर एफएच मेडिकल कॉलेज एत्मादपुर टूंडला में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एफएच मेडिकल कालेज टूंडला में मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों एवं तीमरदारों को खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डा. जावेद अनवर वारसी, वाइस चेयरमैन डा. रेहान फारुक, प्रबंधक प्रभाकर चौधरी, एचआर सुपरिटेंडेंट शहजाद खान, डा. जितेंद्र चौहान, डा. रिजवान बैग, मानवेंद्र सिंह, पंचशील शर्मा आदि का सहयोग रहा।



### रिटायर्ड फौजी ने युवक को मारी गोली

भास्कर ब्यूरो/ शिकोहाबाद ।एक सेवानिवृत फौजी ने एक युवक को घर में बुलाकर जान से मारने की नीयत से सिर में फायर कर दिया। जिससे सिर में छोटा सुराख हो गया है। परिजन घायलावस्था में युवक को अस्पताल लेकर आए। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र की आगरा गेट चौकी क्षेत्र के मोहल्ला शंभूनगर में विकास पुत्र राकेश शर्मा परिवार के साथ रहता है। आरोप है कि शनिवार को शाम चार बजे के करीब वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी रिटायर्ड फौजी ने उसे अपने घर पर बुलाया और उसके सिर पर तमंचा रख कर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली उसके सिर में लग गई। गोली लगते ही युवक खून से लथपथ हो गया। चीख पुकार सुन कर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। परिजन घायल युवक को लेकर अस्पताल आए। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ के अनुसार, युवक के सिर में छोटा सा सुराग है और स्थान फूला हुआ है। कयास लगाया जा रहा है कि गोली उसमें फंसी हुई है। युवक के गोली लगने की जानकारी होते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ,पुष्पेंद्र सिंह और अंकित मलिक मौके पर पहुंच गए।युवक का बयान लेकर उसे फिरोजाबाद के जिला अस्पताल रेफर करा दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।



# महिला के शव का पोस्टमार्टम महिला डॉक्टर ही करेगीं

■ स्टेशन के रिटायरिंग रूम से सामान चोरी कर लिया

भास्कर ब्यूरो/आगरा। आगरा में महिलाओं की डेड़बॉडी का पोस्टमॉर्टम अब पुरुष डॉक्टर्स और स्टाफ नहीं कर सकेंगे। कोर्ट ने इस बारे में सीएमओ को आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि किसी भी महिला की डेड़बॉडी का पोस्टमॉर्टम लेडी डॉक्टर्स द्वारा किया जाएगा। मामले में सामाजिक कार्यकर्ता प्रमिला शर्मा द्वारा कोर्ट में पत्र प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि आगरा में मृत महिलाओं के शव का पोस्टमॉर्टम पुरुष डॉक्टर्स और उनके पुरुष स्टाफ द्वारा किया जाता है, जोकि महिलाओं की आबरू को देखते हुए आपत्तिजनक है। मामले को गम्भीरता से लेते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने सीएमओ आदेश जारी किए हैं कि किसी भी महिला का पोस्टमार्टम अब पुरुष डॉक्टर्स द्वारा न कराया जाए। लेडी डॉक्टर्स ही महिलाओं के मृत शरीर का पोस्टमॉर्टम करें। दरअसल पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही में शव को सर्व प्रथम निर्वस्त्र किया जाता है। इसके बाद विच्छेदन की प्रक्रिया सम्पन्न होती है। इस कार्यवाही में पोस्टमॉर्टम गृह में केवल पुरुष वर्ग के डॉक्टर्स की उपस्थिति होती है, उनके साथ एक भी महिला नहीं होती है। यह संविधान प्रदत्त मूलाधिकार का उल्लंघन है। जीवित रहते जो कृत्य एक महिला के साथ सम्भव नहीं है, वह कृत्य मृत्यु के बाद उसके शव के साथ भी न्यायोचित नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के पास चिकित्सा सेवा संवर्ग की महिला चिकित्सक, फार्मासिस्ट आदि स्टाफ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# ईशान कॉलेज में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

आगरा। फरह स्थित ईशान कॉलेज ऑफ इंजी० एण्ड मैनेजमेन्ट में दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ० भीमराव अम्बेडकर की माननीय कुलपति प्रो० (डॉ०) आशुरानी थी। प्रो० आशु रानी ने छात्रों को बधाई देते हुये एक अच्छा व्यक्ति बनने का संदेश दिया। कुलपति जी ने कहा सिर्फ डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है बल्कि इतनी काबलियत हासिल करनी चाहिये कि लोग खुद आपको जॉब ऑफर करें साथ ही कुलपति जी ने विधार्थियों को संदेश दिया की वर्तमान टैक्नोलोजी को देश एवं समाज के हित में नवाचार द्वारा संशोधित करें। साथ ही उन्होंने कहा




विधार्थी को हर दशा में प्रसन्न रहना सीखे तथा एक अच्छा नागरिक बनें। कुलपति ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभ कामनायें दी। संस्थाक के निदेशक डॉव पंकज शर्मा ने गत वर्षो में संस्था द्वारा हासिल उपलब्धियों को बताया। रजिस्ट्रार एस. के. सिंह ने छात्रों को शुभकामनायें देते हुये कहा ये दीक्षान्त है शिक्षान्त नहीं है, अतः हमें लगातार ज्ञान प्राप्ति के लिये प्रयास करना चाहिए। संस्था की मैनेजिंग ट्रस्टी मंजरी अग्रवाल जी ने माननीय कुलपति जी का अपने व्यस्तम कार्यक्रम में से समय निकालने के लिये धन्यवाद किया एवं छात्रों को शुभकामनायें दी और दीक्षान्त समारोह के सफल आयोजन के लिये आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।

# सैन्य भर्ती परीक्षा सोमवार को, तैयारियां पूरी हुई

## आज रात 11 बजे से एमजी रोड पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

भास्कर ब्यूरो/आगरा। एकलव्य स्टेडियम में सोमवार से सेना भर्ती लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यातायात पुलिस ने व्यापक व्यवस्था की है। शनिवार की रात 11 बजे से एमजी रोड पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। भगवान टाकीज से क्लब चौराहा एवं फूल सैय्यद चौराहा, रोहता नहर चौराहे से क्लब चौराहे तक नो एंट्री नहीं खुलेगी। ग्वालियर से आने वाले भारी वाहन जिनको फिरोजाबाद, एटा, हाथरस की ओर आना है, ये सभी भारी वाहन रोहता चौराहे से दिगनेर पुलिया से एकता चौकी से तोरा चौकी होते हुए रमाडा से इनर रिंग रोड होकर अपने गंतव्य जाएंगे। जयपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन जिनको फिरोजाबाद, एटा,अलीगढ़ की ओर जाना है, ये सभी वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग-19 होकर जाएंगे। अलीगढ़, एटा और फिरोजाबाद की ओर से आने वाले भारी वाहन इनर रिंग रोड या राष्ट्रीय राजमार्ग-19 होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर आवागमन करने वाले सभी भारी वाहनों के लिए हाईवे यथावत चलता रहेगा। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अरुण चंद ने बताया कि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एमजी रोड, माल रोड एवं आगरा ग्वालियर हाईवे, रोहता नहर चौराहे से क्लब चौराहे तक पर्याप्त संख्या में पुलिस तैनात रहेगा। पुलिसकर्मी वाहनों को मार्ग परिवर्तन कर उन्हें वैकल्पिक मार्गों से अपने गंतव्य को भेजेंगे।

# बाइक के सामने आईनीलगाय, पांच घायल

भास्कर ब्यूरोआगरा। खेरागढ़ तहसील क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा सडक हादसा हो गया। चलती बाइक के आगे अचानक से वन गायों का झुंड निकलने से बाइक टकराकर गिर गई। जिसमें बाइक सवार युवक, बच्चे समेत पांच घायल हो गए। हादसे को देखकर लोगों ने घायलों को उपचार के सीएचसी जगनेर पहुंचाया लेकिन कई के गंभीर चोटें आने के कारण चिकित्सकों ने हायर सेंटर आगरा रैफर कर दिया।

घटना शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे थाना जगनेर क्षेत्र में कोट चंदौसी राजमार्ग संख्या 39 पर स्थित जंगल क्षेत्र की है। एक बाइक पर सवार होकर 25 वर्षीय धीरज गिरि पुत्र श्रीराम निवासी कुकर्सौ थाना बसई जगनेर, 28 वर्षीय मिथलेश पत्नी भीमगिरी, 25 वर्षीय उपासना पत्नी सौरिज गिरि, 10 वर्षीय देव गिरि पुत्र भीम गिरि और एक वर्षीय छोटू को बैठाकर जगनेर की ओर जा रहा था।

कछपुरा निकलते ही जंगल क्षेत्र में चलती बाइक के आगे तेज रफ्तार से वन गायों का झुंड निकला। अचानक से बाइक के आगे वन गायों का झुंड निकलने से वह बाइक सवार संतुलन खो बैठा और वन गायों से टकराकर बाइक समेत सभी जमीन पर गिर गए। हादसे में सभी लोग घायल हो गए और सिर, मुंह से खून बहने लगा। मार्ग से गुजर रहे राहगीर घायलों को देखकर रुक गए और स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस सेवा को सूचना देकर कुछ घायलों को अपने वाहनों से लेकर अस्पताल भिजवाया। हादसे की सूचना पर एंबुलेस भी आ गई और घायलों को उपचार के लिए जगनेर सीएचसी पर पहुंचाया।

# अच्छा कार्य करने वाले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान होगा : सुघर सिंह

भास्कर ब्यूरो

इटावा। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन भारत द्वारा इटावा के जिलाधिकारी अवनीश राय को सम्मान पत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव रौली यादव के नेतृत्व में जिला संयोजक राम नरेश पोरवाल, जिला प्रभारी सर्वेन्द्र कुशवाहा के साथ एक दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय को बेहतरीन प्रशासनिक व्यवस्था निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से मैनपुरी लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व शासन द्वारा की कार्य योजनाओं को जनपद में अपने कुशल निर्देशन में संपन्न कराने सहित कई बिंदुओं को लेकर



सम्मानित किया। इस अवसर पर राजीव यादव मंडल उपाध्यक्ष कानपुर मंडल, करुणा निधि ज़िला उपाध्यक्ष, विशाल सिंह भदौरिया ज़िला सचिव, अजय कुमार सदस्य ज़िला कार्यकारिणी, गोविंद पाल सदस्य ज़िला कार्यकारिणी, प्रेम किशोर सदस्य, समेत एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह पत्रकार ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार के निर्देश पर जनपदों में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को पिछले 2 वर्षों से लगातार सम्मानित किया जा रहा है। जिले में लगभग 50 से अधिक से अधिकारियों को सम्मानित किया जा चुका है।

# भाविप ने हनुमान मंदिर पर वितरित किया खिचड़ी प्रसाद




भास्कर ब्यूरो

इटावा। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इटावा द्वारा शनिवार को हर वर्ष की भांति मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में प्रधान डाकघर के सामने स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर लोगों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण बड़े ही सेवाभाव के साथ किया गया। मुख्य शाखा के कोषाध्यक्ष शैलेश पाठक के सौजन्य एवं संजय मिश्रा के संयोजन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में परिषद के सेवाव्रती दायित्व धारियों एवं सदस्यों ने राह चलते हजारों लोगों को खिचड़ी प्रसाद के साथ साथ तिल के लड्डू, रेवड़ी और बिस्किट भी वितरित किए। इस खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष इन्द्रनारायण पांडे, सचिव अत्रि दीक्षित, महिला संयोजिका रीना राठौर, विमलेश शर्मा, शैलजा पाठक, पूनम तिवारी, लक्ष्मी शुक्ला, शुभदा शुक्ला, आशाराम मिश्रा, महेश चंद्र तिवारी, वी के सिंह, आनंद प्रकाश नारायण द्विवेदी, राजीव लोचन दीक्षित, एस के चौधरी, विकास नारायण सक्सेना, घनश्याम तिवारी, ओम नारायण शुक्ला, अनुराग मिश्र असफल, हरिदत्त दीक्षित, लालजी प्रसाद दुबे, अतुल भार्गव, राजीव अवस्थी, दीपक शर्मा, निखिल चौधरी, अवधेश पथिक, सुधीर मिश्र विशेष रूप से शामिल रहे।

## अभियान में एससपी को मिली सफलता

# नशे के इंजेक्शन के साथ कारोबारी गिरफ्तार



भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। एसएसपी हेमराज मीणा द्वारा जिलेभर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ कटघर शैलजा मिश्रा के निर्देशन में थाना कटघर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दविश देते हुए पंडित नगला सड़क पुख्ता अंडरबाईपास से 20 कदम की दूरी पर झाड़ियों से थाना मुगलपुरा के इलाके मोहल्ला बरबालान निवासी आजम उर्फ नदीम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से झाड़ियों में छुपाए गए 22 नशे के इंजेक्शन व हजारों रुपयों की नगदी बरामद की है।

सब इंस्पेक्टर सजंय कुमार पकड़े गए आजम को थाना कटघर लेकर आए जहां सीओ कटघर शैलजा मिश्रा ने नशा कारोबारी से पूछताछ की है। आखिर कहा से वह इतनी बड़ी मात्रा में नशे के इंजेक्शन आसानी से हासिल कर लेता हैं और किन किन लोगों को यह सप्लाई किया करता हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस को नशा कारोबारियों की कुछ जानकारी भी प्राप्त हुई हैं। जिनकी तलाश में टीमो को लगा दिया गया है।

### 250 ग्राम चरस बरामद, एक पकड़ा

थाना मुगलपुरा पुलिस ने भी रामगंगा पुल के नीचे मादक पदार्थों का धंधा करने वाले गोकुलदास रोड़ निवासी वसीम उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी से बरामद की गई चरस की कीमत बाजार में हज़ारों रुपयों की बताई जाती हैं। आरोपी का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है।

# महिलाओं को अपराध व उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक



भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी। थाना कुंदरकी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश में महिला सुरक्षा विशेष दल थाना कुंदरकी द्वारा नारी सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र अंतर्गत भ्रमणशील रहकर बालिकाओं और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों व अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस समय सतत निगरानी की जा रही है।

थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों ने पैदल भ्रमण किया स्कूलों वा रेलवे स्टेशन में भी जाकर छात्राओं को जागरूक किया। व उनको उनके अधिकारों के प्रति सेचत किया।

इस दौरान मौजूद उप निरीक्षक महिला रॉकी चौधरी, निधि प्रभाकर, मानसी यादव ,अनिल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# गौशाला के प्रबंधन से नाराज़ होकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। ग्राम हाजीपुर में वृद्ध गौ संरक्षण केंद्र में बेसहारा पशुओं को ना लेने पर भारतीय किसान संघ द्वारा जिला अधिकारी मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गांव व आसपास के किसानों ने जिला अधिकारी मुरादाबाद से न्याय की गुहार लगाते हुए वृद्ध गौ संरक्षण केंद्र हाजीपुर में घरेलू गोवंशों रातों रात भर लिया जाता है और बेसहारा गोवंशों को नहीं लिये जाने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि संगठन के कुछ लोग गौशाला की व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं उनका किसानों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है तो उप जिला अधिकारी बिलारी ने आश्वासन देते हुए कहा की 14 जनवरी से पहले कोई भी गोवंश गौशाला में नहीं लिया जाएगा। जब तक गौशाला की व्यवस्था ठीक ना हो जाए लेकिन उप जिला अधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया गया फिर भी रातों-रात गौशाला में गोवंश लिए गए। जिसपर जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा आप सभी किसानों की समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। गाय हमारी माता है लेकिन किसी को माता कहने से माता नहीं माना जाता उसके लिए दिल में जगह होनी चाहिए। जो लोग किसानों के साथ गलत कर रहे हैं उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी किसानों की बात सुनकर समस्या का जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस दोरान ग्राम प्रधान हाजीपुर बृजेश कुमार,ग्राम प्रधान हम्जापुर प्रेम सिंह यादव, ग्राम प्रधान खानपुर भूरे यादव, ग्राम प्रधान पति देवरी कुबेर राज यादव और किसान संघ के कार्यकर्ता विजेंद्र सिंह,नरेश कुमार ब्लॉक प्रचार प्रमुख अशोक यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव व आसपास के गांव के सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस कार्यक्रम में आनलाइन हुई काव्य गोष्ठी

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। आदर्श शिक्षक समूह के पटल पर विश्व हिंदी दिवस कार्य' म ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट पर किया गया। जिसमें विभिन्न प्रदेशों के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने स्वरचित रचनाओं के साथ काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन दृष्टि संस्था (व्यवस्था सुधार मिशन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौर ने की। बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ से सुनील दत्त मिश्रा कवि/ अभिनेता , शैलेश प्रजापति गुजरात और रवि शर्मा कानपुर रहे। सभी शिक्षकों की काव्य प्रस्तुति शानदार रही।

कार्यक्रम का संचालन बबीता यादव तथा नीलम सिंह ने किया। अंत में कार्य' म संयोजिका पल्लवी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# थाना समाधान दिवस में ज़िलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुनी शिकायतें



भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। शनिवार को थाना समाधान दिवस में उप ज़िलाधिकारी शैलेंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा पहुंचे जहां उन्होंने जन शिकायते सुनी।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने राजस्व कर्मियों को शिकायतों के निस्तारण की बात कहते हुए कहा कि राजस्व संबंधित शिकायतों के निस्तारण में इमानदारी एवं तत्परता बरते जिससे न्याय की उम्मीद लगाने वाले शिकायत कर्ताओं का विश्वास व्यवस्था में बना रहे। वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिसकर्मियों को सचेत किया एवं संबंधित को दिशा निर्देश जारी किए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राज बहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोनी अग्रवाल, निरीक्षक अपराध राजेश यादव, एसएसआई राम नरेश यादव व राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा।

# समाधान दिवस में एसएसपी व जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं



भास्कर ब्यूरो,

कुंदरकी/कुंदरकी। थाना समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी हेमराज मीणा जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुंदरकी थाने पर समाधान दिवस में समस्याओं को सुना, तथा उनकी समस्याओं के उचित गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित हल्का लेखपालों व उप निरीक्षको आदेश दिया गया समाधान दिवस पर टीम रवाना कर दी गई।

इस दौरान एसएसपी हेमराज मीणा , जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष ललित चौधरी कुलजीत सिंह उप निरीक्षक बृजेश सिंह, विनीत कुमार ,महिला उप निरीक्षक रॉकी चौधरी, अंकुर मलिक, सचिन मलिक, लेखपाल फहीम अहमद, महताब आलम, हर्ष भटनागर, शिवकुमार विष्णु, ग्राम प्रधान आफताब आलम, यासीन दूल्हा, तंजील खान, तस्लीम हुसैन आदि मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर ब्यूरो, कुंदरकी/कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर खास मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर सं ांति पर श्री शिव मंदिर पर खिचड़ी वितरण का कार्य' म किया गया कार्य' म में जिला कार्यवाह रामकिशोर, खंड कार्यवाह आकाश शर्मा, खंड सह कार्यवाह योगेश, सह सेवा प्रमुख रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान,नीरज सिंह अतवीर सिंह, हुकुम सिंह, डॉक्टर रामकिशोर सिंह, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे। उधर कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में श्री शिव मंदिर पर मकर सं ांति पर खिचड़ी भोज कार्य' म हुआ जिसमें मिड्यिा प्रभारी ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, भाजपा नेता सतीश ठाकुर ,मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, टिकू सिंह,किरनपाल पुंडीर,राजू सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार,संजय सिंह, चन्द्रप्रकाश पाल ,रामौतार सिंह, महासिह,धर्मपाल सिंह, भगवानदास, दिनकर सागर,प्रमोद कुमार, महिला मोर्चा दानवती पाल,पुष्पा देवी, भूरी देवी, माला देवी,मुख्य रूप से रहे।



### मकर संक्रांति पर सागर गुप्ता ने बांटी खिचड़ी



भास्कर ब्यूरो, भास्कर ब्यूरो, बिलारी। नगर के सर्राफा के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान मैसर्स श्री शिव कुमार गुप्ता एंड संस द्वारा मकर सं ांति के उपलक्ष में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान आने जाने वाले सभी राहगीरों को खिचड़ी वितरित की गई इस अवसर पर मैसर्स शिव कुमार गुप्ता एंड संस के संचालक सागर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रांति के उपलक्ष पर खिचड़ी वितरित कार्य' म के साथ-साथ कुंदरकी ब्लाक की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर बसतोर स्थित श्री बांके बिहारी गौशाला में पहुंचकर 150 गौ माताओं को हर चारा वितरित किया भी व साथ-साथ बिलारी क्षेत्र के साधु संतों को बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि हमें समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करते रहने चाहिए इससे मन को शांति मिलती है इस अवसर पर सागर गुप्ता, दक्ष गुप्ता,संजय कुमार, पंकज कुमार,विशाल, रविंद्र सिंह, राहुल,सुमित,आकाश,अनिल, रामपाल,अभिनेश,यादराम आदि लोग मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष में थाने के बाहर बांटी खिचड़ी

भास्कर ब्यूरो,



कुंदरकी। कुंदरकी में मकर स' ांति के उपलक्ष में थाना अध्यक्ष ललित चौधरी ने थाने के गेट पर पुलिस बल के साथ खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ललित चौधरी, उप निरीक्षक सचिन मलिक, उप निरीक्षक , यशवीर मलिक, कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल विनोद यादव, कांस्टेबल विनय आदि मौजूद रहे।

कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम शेखूपुर खास मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा मकर संकांति पर श्री शिव मंदिर पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया कार्य' म में जिला कार्यवाह रामकिशोर, खंड कार्यवाह आकाश शर्मा, खंड सह कार्यवाह योगेश, सह सेवा प्रमुख रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान,नीरज सिंह अतवीर सिंह, हुकुम सिंह, डॉक्टर रामकिशोर सिंह, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

उधर कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में शिव मंदिर पर मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज कार्य' म हुआ जिसमें मिड्यिा प्रभारी ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, भाजपा नेता सतीश ठाकुर, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, टिकू सिंह, किरनपाल पुंडीर, राजू सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार, संजय सिंह, चन्द्रप्रकाश पाल, रामौतार सिंह, महासिह, धर्मपाल सिंह, भगवानदास, दिनकर सागर, प्रमोद कुमार, महिला मोर्चा दानवती पाल,पुष्पा देवी, भूरी देवी, माला देवी मुख्य रूप से रहे।

# कुंदरकी के सौरभ भटनागर का सहायक लोको में हुआ चयन

भास्कर ब्यूरो,



कुन्दरकी। कुंदरकी नगर के सौरभ भटनागर का रेलवे में सहायक लोको पायलट के पद पर हुआ सिलेक्शन जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का, फिर देखना फिजूल है कद आसमान का...इस कहावत को कुन्दरकी नगर के एक बेटे ने चरितार्थ कर दिखाया है यहां नगर के मोहल्ला कायस्थान के एक मध्यमवर्ग परिवार की बेटा सौरभ भटनागर का सहायक लोको पायलट के लिए चयन हुआ है। सौरभ की कठिन मेहनत और लगन के बाद मिली सफलता पर नगर और परिवार के लोगों नाज हो रहा है। फिलहाल सौरभ का चयन होने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है।

बता दें कि,अगर ऐसी ही लग्न ओर मेहनत से बच्चे मेहनत करते रहे तो हो दिन दूर नही जब कुन्दरकी शिक्षा नगरी के नाम से जानी जाने लगे। शिक्षानगरी को सार्थक करते कुन्दरकी के बेटे सौरभ अब ट्रेन चलाएगे। सौरभ का सहायक लोको पायलट के लिए सेलेक्शन हुआ है। दैनिक भास्कर की टीम से खास बातचीत करते हुए सौरभ भटनागर के पिता ने बताया कि वो मध्यमवर्ग परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी ब बेटा सौरभ ने अपने कड़े परिश्रम से पूरे परिवार का गौरव बढ़ाया है। साथ ही बताया कि सौरभ का रेलवे विभाग में सहायक लोको पायलट के लिए चयन हुआ है जल्द ही सौरभ ट्रेनिग पर चले जायँगे। जल्द सौरभ ट्रेन चलाते नज़र आयंगे।



# मकर संक्रांति मनाने गौ संरक्षण केंद्र पहुंचे डीएम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

## अधिकारियों ने गौशाला के संचालन का भी लिया जाएजा

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। मकर संक्रांति उत्सव वृहद गौ संरक्षण केंद्र हाजीपुर में धूमधाम से मनाया गया बिलारी पवित्र माघ मास शनिवार को मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार सिंह जिलाअधिकारी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज सिंह मीणा,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कंसल, उप जिलाधिकारी राजबहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सलौनी अग्रवाल, निरीक्षक अपराध राजेश कुमार यादव,वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राम नरेश यादव, खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ला,उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनमोहन पांडे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गो पीठाधीश्वर श्याम आचार्य महाराज ने किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने क्षेत्र के बड़ी संख्या में एकत्रित ग्राम वासियों एवं समाजसेवी संभ्रांत लोगों के बीच गौशाला संचालन गौ सेवा गौ संवर्धन एवं रखरखाव के विषय में विस्तार से बताया। पूरे जनपद में तहसील एवं विकासखंड स्तर पर बड़ी गौशाला है तथा न्याय पंचायत स्तर पर अस्थाई गौशाला खोलकर पूरे जनपद के किसानों की छुट्टा गोवंश की समस्या से मुक्ति दिलाई जाएगी। किंतु जो निराश्रित गोवंश हैं एवं नंदी सांड उन्हीं के लिए गौशाला में व्यवस्था है। ज़िलाधिकारी द्वारा हरा चारा मटर छिलका, उड़द, भूसा,पानी के टैंक एवं साफ-सफाई गौवंश के रहन-सहन का भ्रमण करके निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्र ने किया।

गौशाला के प्रथम दानदाता भोलाराम पेपर मिल देवरी के प्रतिनिधि कपिल कुमार एवं वरुण चौधरी इत्यादि को जिलाधिकारी ने पीत वस्त्र उड़ाबकर ग्राम प्रधान बृजेश कुमार यादव, बीडीसी सदस्य कुंवर पाल, सागर डॉ अशोक कुमार सिंह, बलराम शर्मा,जगत राज शर्मा, आशीष जादौन, पंकज चौहान, दुष्यंत सिंह चौहान, विजेंद्र सिंह चौहान, मेघराज सैनी, डोरी लाल सैनी, राम अग्रवाल, चौधरी इंद्रपाल सिंह, मुन्ना बाबू सतीश चंद्र, नेचुरा मटर प्लांट डॉ वीरपाल सिंह यादव, एडीओ पंचायत, शिवकुमार भटनागर,जगतपाल यादव पूर्व उप निरीक्षक मोहम्मद वसीम, भूसा सप्लायर मोहम्मद जाकिर, बड़ी संख्या में देवरी दिनोरा, खानपुर, हाजीपुर, भगवंतपुर खाता, शाहपुर, हम्जापुर, विजयपुर अमरपुर काशी के किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

भास्कर ब्यूरो,

भगतपुर। थाना प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनी गई और सभी की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गये।

प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को प्रत्येक थाने में समाधान दिवस का आयोजन होता है जिसमे पुलिस अधिकारियों के साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारी भी पहुंचकर जन समस्या सुनते हैं और समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया जाता है जन समस्या के समाधान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश कर दिए है। जन समस्याओं को सुनकर समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाए। शनिवार को एसडीएम सदर परमानन्द सिंह, व सीओ ठाकुरद्वारा अर्पित कपूर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान पांच शिकायतें आई जिनके समाधान के लिए टीमों का गठन किया गया व उनके शीघ्र निस्तारण के आदेश दिये। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष सक्सेना, एसएसआई इलम सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, चौकी मानपुर प्रभारी मोहित कुमार, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

**असमोली/संभल। विकासखंड असमोली क्षेत्र के गांव मनोटा में खिचड़ी बांटकर मकर संक्रांति का त्यौहार का त्यौहार मनाया गया।विकासखंड क्षेत्र के गांव मनोटा मैं राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के जिला अध्यक्ष विजय माथुर ने मकर संक्रांति के त्यौहार पर ग्रामीणों को खिचड़ी बांटकर मकर संक्रांति के बारे में विस्तार से बताया।**

# फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लें

## समाधान दिवस में एसपी पूर्वी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

भास्कर ब्यूरो,



स्योहारा। थाना प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी की अध्यक्षता में थाना स्योहारा में समाधान एवं थाना दिवस का जन किया गया। जिसमें एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुरूप समाधान दिवस/ थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना ना पड़े। निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा जमीनी विवाद आदि से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/ महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुरक्षित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे। उन्होंने बताया आज जमीन से संबंधित पांच शिकायतें आई दिल के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल, प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, इंस्पेक्टर 'इम जसवीर सिंह, चौकी प्रभारी संदीप मलिक, एस.एस.आई मान चन्द, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, एसआई नायाब खांन, एसआई प्रशांत सिंह, चैकपोस्ट प्रभारी महेंद्र सिंह नागर सहित अन्य राजस्व कर्मी व पुलिस विभाग के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# बोलेरो नहीं तो शादी नहीं, तय होने के बाद तोड़ दिया रिश्ता

भास्कर ब्यूरो,

कैलादेवी/संभल। दहेज में बोलेरो नहीं दी तो शादी की पीली चिट्ठी लौटाने का मामला सामने आया हैं। युवती की मां ने मामले में युवक के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र दिया है। उनका आरोप है कि उसने अपनी पुत्री का विवाह एक साल पहले चाचूनांगल गांव में रहने वाले एक युवक से तय किया था। मामले में पुलिस जांच करने के बाद ही कार्रवाई करने की बात कह रही है।

धनारी थाना क्षेत्र के आर्थल गांव रहने वाली एक महिला ने अपनी पुत्री का रिश्ता एक साल पहले कैलादेवी थाना क्षेत्र के चाचूनांगल गांव में तय किया था। महिला ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि रिश्ते में एक लाख रुपये तथा सोने की जंजीर दी थी। तब उनकी कोई भी मांग नहीं थी। लड़का भी एक वर्ष के दौरान कई बार घर आया। जैसे ही शादी नजदीक आई तो महिला ने अपनी बेटी की शादी की तिथि निकलवाकर पीली चिट्ठी बेटी की ससुराल चाचूनांगल भेजी दी। तभी युवक और उसके पिता ने बोलेरो गाड़ी की मांग करते हुए पीली चिट्ठी लेने से इनकार कर दिया। महिला ने बताया कि वह विधवा है और बोलेरो गाड़ी नहीं दे सकती। जिसके बाद महिला ने शुक्रवार को अपनी बेटी के साथ कैलादेवी थाने पहुंच कर न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दे दिया हैं। जिसमें उसने कहा है कि यदि शादी नहीं होती है तो मेरी बेटी आत्महत्या करने की बात कह रही है।

> दोनों पक्ष अभी आपस में सहमत होने की बात कह रहे हैं। महिला द्वारा दी गई तहरीर के बाद महिला ने अभी कार्यवाही से इनकार किया है। महिला का कहना है कि अभी समझौते की कोशिश चल रही है उसके बाद ही कुछ कहा जाएगा।
> **संजीव कुमार, थाना प्रभारी कैलादेवी,**



# प्रभारी निरीक्षक की अगुआई में स्योहारा पुलिस ने काटे तीस वाहनों के चालान

भास्कर ब्यूरो,

स्योहारा। सड़कों पर वाहन लेकर निकलने वाला हर व्यक्ति यातायात नियमों के बारे में जानता है, फिर भी लोग इसकी अनदेखी करते हैं। इसी के चलते होने वाली दुर्घटनाओं में जन-धन की हानि होती है। अब यातायात नियमों की अनदेखी भारी पड़ेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी की अगुआई में विशेष अभियान चलाते हुए पुलिसकर्मियों ने अनेक स्थानों पर चेकिंग करते हुए बिना हेलमेट लगभग तीस दोपहिया वाहनों के चालान बनाए। हेलमेट ना लगाने वालों के विरुद्ध इसी तरह का अभियान पुलिस लगातार चलाएगी, क्योंकि आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही है। सैकड़ों जान जाने के बाद भी लोग जागरूक होने का नाम नहीं ले रहे है। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मानचन्द, उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक नायाब खांन, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक केपी सिंह, कां. उमेश यादव, कां. अभिषेक तिवारी, कां. रहुल कुमार, कां. कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप



भास्कर ब्यूरो,

कैला देवी/संभल। कैला देवी थाना क्षेत्र के साकिन शोभापुर गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जहां मायके वालों ने पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर कैलादेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन दोनों पक्षों की सहमति से कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं कुछ देर बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

बता दें कि कैलादेवी थाना क्षेत्र के बेनीपुर चौक गांव निवासी ओमकार सिंह ने अपनी बेटी सुनीता (28) की शादी 2007 में साकिन शोभापुर गांव निवासी गंगाराम के पुत्र रौदास के साथ की थी। बताते हैं कि कुछ दिन पहले पति-पत्नी में झगड़ा भी हुआ था। शनिवार सुबह परिजन उठे तो महिला का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। महिला की मौत की सूचना पर मायके वाले मौके पर पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। महिला के भाई का कहना था कि मेरी बहन की हत्या उसके पति ने गला दबाकर की है। सूचना पर कैलादेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन महिला के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। जहां पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बिना किसी कार्यवाही के ही पुलिस वापस लौट गई।

# एक घर, एक मीटर, बिल दो मीटरों का

भास्कर ब्यूरो,

रजपुरा/संभल। थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सैमरी में किसान के घर पर एक बिजली का मीटर लगा हुआ है। जबकि किसान के यहां पर दो बिजली कनेक्शन का बिल पहुंच रहा है। जानकारी होने पर किसान के होश उड गये। पीडित लगातार बिजलीघर के चक्कर लगा रहा है लेकिन कोई उसकी सुनने को तैयार नहीं है। मामला थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सैमरी निवासी पन्नालाल का है। पीडित किसान लगातार अपने बिजली के कनेक्शन का भुगतान समय पर करता आ रहा है। अचानक से बिजली विभाग ने किसान को बिजली बिल के बकाया की रशीद थमा दी। रसीद देखकर किसान के होश उड़ गये। पूछने पर पता चला कि किसान के नाम पर दो बिजली के कनेक्शन संचलित है। जबकि पीडित लगातार एक घरेलू कनेक्शन संचलित कर रहा है। बताया जा रहा है कि कनेक्शन पन्नालाल नाम से किया गया तो वहीं दूसरा कनेक्शन पन्ना नाम से कर दिया

## मौत के बाद 9 हिस्ट्रीशीटरों के खाखे किए नष्ट

भास्कर ब्यूरो, बढ़ापुर। थाना बढ़ापुर पर पंजीकृत नौ हिस्ट्रीशीटर की मृत्यु उपरांत शनिवार को थाना बढ़ापुर पुलिस ने सीओ की मौजूदगी में हिस्ट्रीशीटरों के खाखों को नष्ट किया। थाना बढ़ापुर पर रजिस्टर नं 8 में विभिन मुकदमो में पंजीकृत नौ हिस्ट्रीशीटर जिनकी बीते कई वर्षों पहले मृत्यु हो चुकी है। जिसकी सूचना थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को दे दी गई थी। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक बिजनौर दिनेश कुमार के अनुमोदन पर मृतक नौ हिस्ट्रीशीटर के खाखे नष्ट के आदेश के बाद शनिवार को थाना बढ़ापुर सीओ संग्राम सिंह की मौजूदगी में बढ़ापुर पुलिस ने सभी नौ मृतक हिस्ट्रीशीटर का खाखो को थाना प्रांगण में ही जलाकर नष्ट कर दिया। बढ़ापुर पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि थाना बढ़ापुर पंजीकृत सभी हिस्ट्रीशीटर की लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही मृतक हिस्ट्रीशीटर के बारे विभागीय उच्च अधिकारियों को सूचित किया जा रहा है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ विभिन्न बीमारियों का इलाज

## ग्राम प्रधान के सौजन्य से सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा शिविर का आयाजन

भास्कर ब्यूरो,

मंडावली। करीबी ग्राम नारायणपुर रतन में ग्राम प्रधान इरफान अहमद के सौजन्य से नारायणपुर रतन में एचएमएच मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर द्वारा नारायणपुर रतन में मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया।

ग्राम नारायणपुर रतन में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर लगाकर करीब 250 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। जिसमें सभी तरह की बीमारी का निशुल्क इलाज किया गया जिसमें एचएमएच अस्पताल की टीम का उद्देश्य गांव के गरीब परिवारों के सदस्यों को मुफ्त इलाज प्रदान करना है। एचएमएच अस्पताल की टीम का कहना है कि बीमारी से पीड़ित गरीबों का इलाज करने में उन्हें काफी आत्मिक




संतुष्टि मिलती है। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। वहीं एचएमएच अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर बिन्यामीन एमबीबीएस एमएस ने कहा कि उक्त अस्पताल की टीम शिविर का आयोजन लगातार भिन्न-भिन्न जगहो पर करती आ रही है करती रहेगी। शिविर में आंख कान के अलावा अन्य बीमारियों का भी इलाज किया गया। आंखों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपेंद्र ने आंखों के मरीज़ो को बड़ी संतुष्टि के साथ देखकर उनको मुफ़्त दवाइयां मुहैया कराई। सभी मरीज़ो को सभी बीमारियों की दवाइयां एचएमएच हॉस्पिटल की तरफ़ से मुफ्त दी गई। शिविर में एचएमएच अस्पताल के डॉक्टरों की टीम डॉक्टर शारिक़, डॉक्टर शीरीन, डॉ मुकेश (चमोला) डॉ उपेंद्र, व समस्त नरसिंह स्टाफ आफ़रीन, अलीशा, आयशा, सलमान, शाहरुख़, आदि मौजूद रहे।

# नहीं रहे अपनी मूंछों के लिये मशहूर पीआरडी जवान रामकुंवर

भास्कर ब्यूरो,

धनारी/संभल। धनारी थाना क्षेत्र के भागनगर निवासी पीआरडी जवान की हार्ट अटैक से गुरुवार की रात मौत हो गई। जवान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष गांव पहुंच गए। जहां उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। उसके बाद थानाध्यक्ष जवान की अंतिम शव यात्रा में सम्मलित हुए।



थाना क्षेत्र के गांव भागनगर निवासी रामकुंवर (55) वर्ष पुत्र गजराम थाना धनारी में पीआरडी के जवान के तौर पर कार्यरत थे। बता दें कि रामकुंवर ने सन 1987 में पीआरडी की नौकरी ज्वाइन की थी। तभी से उन्होंने अपनी मूंछ रखना शुरू कर दिया। मूंछों से रामकुंवर की गांव व आसपास ही नहीं बल्कि जिले भर एक अलग पहचान मिली थी।

वर्तमान में वह कस्बा धनारी की प्रथम यूपी ग्रामीण बैंक पर ड्यूटी पर तैनात थे। शाम को ड्यूटी करने के बाद रामकुंवर अपने घर पहुंचे तो उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ बल्कि तबीयत बिगडती गयी। तभी परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उनकी मौत हो गई। पीआरडी जवान रामकुंवर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में जिस किसी ने रामकुंवर की मौत के बारे में सुना वह घटनास्थल की तरफ तौड़ पड़ा।

# सीओ सर्वम सिंह ने सुनी समाधान दिवस में जनता की फ़रियाद

भास्कर ब्यूरो,

अफ़ज़लगढ़। शनिवार को थाना कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान तीन शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने मौहम्मद तुफ़ैल को बताया कि समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा तीन शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतें सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर आरपी



सिंह के आलावा एसएसआई आशीष तोमर, कस्बा इंचार्ज अमित सिसोदिया, अनोखेलाल गंगवार, एसआई जीत सिंह पुंडीर, प्रधान कपिल कुमार सहित लेखपाल बेनीराम सिंह, बृजमोहन, लेखपाल भूपेंद्र कुमार, जितेन्द्र प्रताप सिंह, अंशारूलहक, गौरव चौहान, कश्मीर सिंह राणा, ऋषिपाल सिंह, नगेन्द्र सिंह, यशवीर सिंह, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, संजीव कुमार तथा अरूण सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद रहे।

# सीडीओ व ब्लाक प्रमुख ने किया गौशाला का शुभारभ

> ⊙ नूरपुर की ग्राम पंचायत लोदीपुर मिलक में 150 पशुओं की क्षमता वाली अस्थाई गौशाला की हुई शुरुआत,

भास्कर ब्यूरो,

नूरपुर। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा द्वारा व ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने संयुक्त रूप से विकासखंड नूरपुर की ग्राम पंचायत लोदीपुर मिलक में अस्थाई गौशाला का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।



मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा व नूरपुर ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने बताया कि इस गौशाला में 150 पशुओं को रखने की क्षमता है, जिसके स्थायीकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त गौशाला के समीप भूमि को कब्जा मुक्त कराकर उसमें चारा उत्पादन की व्यवस्था की गई है ताकि यहां संरक्षित होने वाले पशुओं को समुचित रूप से चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। मुख्य विकास अधिकारी बोरा ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा निराश्रित पशुओं तथा गोवंश को समुचित आश्रय उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि कोई भी पशु निराश्रित रूप से सड़कों पर घूमता हुआ न पाया जाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी नूरपुर को निर्देशित किया कि उक्त आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशों को समुचित मात्रा में चारा पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं और समय-समय पर पशु चिकित्सा अधिकारी से पशुओं के चिकित्सा स्वास्थ्य परीक्षण की कार्यवाही कराएं और यदि कोई पशु बीमार अवस्था में पाया जाए तो तत्काल उसके चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रितु रानी, खंड विकास अधिकारी नूरपुर आकांक्षा चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### अब्दुल गफ़ूर सलामी के 73 वें जन्मदिवस पर वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन




संभल। फ़ैज़ गर्ल्स इण्टर कॉलेज में कॉलेज संस्थापक अब्दुल गफ़ूर सलामी के 73 वें जन्मदिवस के मौक़े पर वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के शिक्षाविद लोगो ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अथिति अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रो डॉ अहमद मुज्तबा तशरीफ़ लाए। सदर विधायक इक़बाल महमूद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अथितियों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। अब्दुल गफ़ूर सलामी के पैदाइश के मौक़े पर लोगो ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ नसीम हुसैन, नवाब हसन, मीर शाह हुसैन, हफ़ीज़ ख़ान, तनवीर अशरफ़ी, सईद अख़्तर इज़राइली, रियाज़ अनवर, बदर जमाल, जिया उर रहमान, मुख़्तार हुसैन, सुल्तान मुहम्मद ख़ान कालिम, डॉ आबिद हुसैन आदि ने संबोधित किया। इस मौक़े पर प्रो आबिद हुसैन हैदरी को अब्दुल गफ़ूर सलामी एजुकेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। नसीम हुसैन को उप्र शिक्षक संघ के संभल ज़िलाध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कालिम अशरफ़ सलामी, जहांआरा तबस्सुम, हाजी नूर इलाही, ताहिर सलामी, शराफ़त हुसैन, मरगुब अहमद, फ़ख़रुद्दीन, ज़ीशन, हाजी उमर, शारिक़ जिलानीं, शीरी इमाम, नफ़ीस बानो, इमरान, नाज़िम,शप्रदीप, तख़लीक़, सबीहा, फबीहा, शहमा, तूबा, शाहीन, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

### खिचड़ी बांटकर मनाया मकर संक्रांति का त्यौहार

असमोली/संभल। विकासखंड असमोली क्षेत्र के गांव मनोटा में खिचड़ी बांटकर मकर संक्रांति का त्यौहार का त्यौहार मनाया गया।विकासखंड क्षेत्र के गांव मनोटा मैं राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के जिला अध्यक्ष विजय माथुर ने मकर संक्रांति के त्यौहार पर ग्रामीणों को खिचड़ी बांटकर मकर संक्रांति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया की मकर सं ांति के बाद सूर्य देवता मकर रेखा की तरफ होने लगते हैं जिससे कि दिन बड़ा और रात छोटी होने लगती है मनौटा के सभी ग्रामीणों ने खुशी खुशी खिचड़ी खा कर मकर सं ांति का त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। खास बात यह रही कि खिचड़ी बांटने में हिंदू और मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने मिलजुल मकर संक्रांति के इस पर्व का आनंद लिया।



### प्रेम सिंह व डॉ0 देवेंद्र को मिलीं ज़िला स्तरीय ज़िम्मेदारी

मण्डावर। दयालवाला पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष बिजनौर कपिल सर्राफ व जिला महामंत्री विनीत राजपूत की प्रबल संस्तुति पर दयालवाला निवासी डॉक्टर देवेंद्र कुमार सैनी को संगठन का जिला मीडिया प्रभारी/ प्रवक्त I व प्रेम कुमार को जिला सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से संगठन हित और व्यापारी हित में कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया है।दयालवाला कार्यकारिणी व्यापार मंडल इकाई के द्वारा जिला व प्रदेश संगठनों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। मनीष कुमार अग्रवाल पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इकाई दयालवाला के बहुत पुराने ही नहीं बल्कि सबसे पुराने कर्मठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी रहे है पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इकाई दयालवाला उनका हमेशा से आभारी रहा है, हमेशा उनके सहयोग और सलाह की संगठन को आवश्यकता रहेगी।



### मकर संक्रांति पर खिचड़ी वितरण का विशेष महत्व

धनारी/संभल। धनारी क्षेत्र के रूस्तमपुर पीपलवाला निवासी पंडित रामवीर शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में मकर सं ांति को बहुत महत्व दिया जाता है। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर सं ांति का त्यौहार मनाया जाता है। इस साल मकर सं ांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। मकर राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ ही शादी, गृह प्रवेश, घर बनाना, घर खरीदना और मुंडन आदि हर प्रकार के शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। मकर सं ांति के दिन खिचड़ी, तिल, गुड़ व स्नान आदि का भी बहुत महत्व है। मकर सं ांति के दिन तिल से बनी चीजों का दान करने का विशेष महत्व है। मकर सं ांति की शुरुआत 14 जनवरी से रात 08 बजकर 43 मिनट पर होगी। मकर सं ांति का पुण्य काल मुहूर्त 15 जनवरी को सुबह 06 बजकर 47 मिनट पर शुरू होगा और इसका समापन शाम 05 बजकर 41 मिनट पर होगा। इस कारण इस बार मकर सं ांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी।



### संक्रांति पर्व आज, दो माह तक बजेंगे शादियों में ढोल

संभल। मकर संक्रांति का पर्व आज जिलेभर में धूमधाम से मनेगा। मकर संक्राति पर्व के साथ ही इस वर्ष आज से शादियां भी शुरू हो जाएंगी। जिलेभर में आज मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कई सामाजिक संगठनों द्वारा कार्य म आयोजित कर खिचड़ी भोग मनाया जाएगा। मकर सं ांति पर्व शुरू होते ही जनपद में शादियों के ढोल बजने शुरू हो जाएंगे। शादियों के लिए जनवरी महीने में नौ शुभ मुहुर्त हैं। मकर संक्रांति के बाद अगले दो महीने तक जमकर शहनाईयां गूंजेंगी। जनवरी में नौ शुभ मुहुर्त होने के बाद फरवरी महीने में 13 दिन शुभ मुहुर्त हैं। फरवरी में जमकर ढोल बजेगा। वहीं मार्च महीने में भी छह दिन शुभ मुहुर्त हैं। फरवरी में सर्वाधिक शुभ मुहुर्त होने के साथ वैलेंटाइन डे भी है।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की संपत्ति जब्त

असमोली/संभल। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मढन निवासी चौधरी खलील पुत्र शरीफ अहमद उर्फ इदरीश गैंगस्टर का मुलजिम था। 2 महीने पूर्व उसकी संपत्ति जिसमें असमोली हीरो मोटर साइकिल एजेंसी और मुरादाबाद में एक होटल आदि थी पर आज तहसीलदार संभल ने नोएडा से आए एसआई निशांत मलिक के साथ मिलकर अपने कब्जे में ले ली और वहां पर च्संपत्ति तहसीलदार संभल की अभिरक्षा में हैज का बोर्ड बोर्ड लगा दिया।




### थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी ने सुनी समस्याएं

असमोली/संभल। असमोली थाना समाधान दिवस शनिवार को थाने पर आयोजित किया गया। जिसमें मौके पर सीओ संतोष कुमार चंदेल और एसएचओ संजय कुमार, कानूनगो प्रवीण कुमार और राजस्व प्रशासन की टीम मौजूद रही। सीओ संतोष कुमार चंदेल ने आदेश दिया कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी शिकायतों का समय से मौका मुआयना कर न्यायोचित निस्तारण किया जाए।



### भाकियू असली की मासिक बैठक आज

जुनावई/संभल। जुनावई ग्राम सिघोंला पुख्ता में भारतीय किसान यूनियन असली के प्रदेश युवा मीडिया प्रभारी सचिन यादव ने बताया कि रविवार को हमारे कार्यालय सिघोंला पुख्ता में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक बैठक आयोजित होगी। जिसमें किसानों की समस्याओ को लेकर विस्तार से चर्चा होगी तथा आगामी आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी।

जाँच के बाद आवश्यकता अनुसार दवाई का वितरण भी किया गया। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, ह्यफ्यूजन माइक्रो फाइनेंस अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग है और इसके निर्वहन के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है।



# महिला का भेष बनाकर कर लोगों को लूटने वाले पांच लोग गिरफ्तार

## थाना नागल पुलिस ने हाईवे पर महिला का भेष बदलकर लूट करने वाले पांच लुटेरों का केवल चार घंटे में किया पर्दाफाश

भास्कर ब्यूरो

**सहारनपुर।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल राय ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना नांगल में एक मुकदमा कपासा हाइवे पर हुई लूट का दर्ज. कराया गया था जिसमें एक पिकप गाड़ी के ड्राइवर को युवकों द्वारा महिला का भेष बनाकर लूट की वारदात की गई। जिसमें एसएसपी के द्वारा सीओ देवबंद को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। वहीं थाना प्रभारी सूबे सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर लूट का खुलासा करने के लिए प्लान तैयार किया। जिसमें नेशनल हाईवे कपासा अंडरपास के निकट थाना प्रभारी सूबे सिंह की पुलिस टीम ने रात्रि के समय करीब 2:30 बजे नेशनल हाईवे कपासा पर महिला का भेष बदलकर लूट करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए लुटेरों में अमित पुत्र जगदीश निवासी मई तारपुर थाना सदर बाजार ,ओमकार पुत्र राजपाल सिंह पंजाबी बाग कॉलोनी थाना सदर बाजार ,अर्जुन पुत्र सुरेश निवासी हरेटी थाना जनकपुरी, अय्यूब पुत्र महमूद निवासी सड़क दूधली थाना जनकपुरी , व श्याम लाल बर्मन पुत्र स्वर्गीय मदनलाल सिंह निवासी आरटीएस जुगली मंडी थाना जनकपुरी, शामिल हैं पुलिस के द्वारा सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। सभी लोग जनपद सहारनपुर के ही रहने वाले हैं। एसपी देहात ने बताया कि तलाशी में पुलिस को लूटे गए 3900 रुपए नकद तथा एक लाल काले रंग की बुलेट जिसका नंबर व्ढ11उल्4218 हैं व एक स्कूटी होंडा एक्टिवा व्ढ11अग्र्275 अभियुक्तों से बरामद की गई है।वहीं दो तमचे एक चाकू व मेकअप किट बेग के साथ बरामद की गई है।वहीं इस गिरोह को पकड़ने में पुलिस टीम में थाना प्रभारी सूबे सिंह, एसआई धनपाल सिंह, एसआई सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, जितेंद्र सिंह, कृष्णपाल सिंह, कांस्टेबल अनिल कुमार, मोजूद थे एसपी अतुल राय ने बताया की एसएसपी विपिन ताड़ा की और से पुलिस टीम को दस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है




## नौजवानों की शक्ति के बल पर हम आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम करेंगे-डिप्टी सीएम

भास्कर ब्यूरो/फिरोजाबाद। टूंडला ब्लाक के गांव कोटकी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पंचायत सचिवालय का निरीक्षण करने के साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि गांव की समस्या का गांव में समाधान हो सके, इसलिए ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया है। ग्राम चैपाल में डिप्टी सीएम ने कहा कि लोगों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर कार्रवाई होगी। भारत के पास सबसे अधिक युवाओं की ताकत है। नौजवानों की शक्ति के बल पर हम आत्मनिर्भर भारत बनाने का काम करेंगे। अभी तक पहले की सरकारों में आपको लखनऊ जाना पड़ता था लेकिन अब सरकार आपके गांव में आती है। महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। समूह के माध्यम से गांव-गांव में मातृ शक्ति को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

## मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाती है: सुधीर त्यागी



नई दिल्ली। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी और उनके छोटे भाई समाजसेवी मंगेश त्यागी ने दर्शन विहार आफिस पर मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि मकर संक्रांति देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक त्यौहार है हम सबको मिलकर भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाना चाहिए और पश्चिमी देशों की देश में फैल रही सभ्यता को समाप्त करना चाहिए। त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रत्येक त्यौहार कुछ ना कुछ संदेश देते हैं। मकर संक्रांति का त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक भी माना गया है। सुधीर त्यागी ने देशवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। प्रखर समाजसेवी मंगेश त्यागी ने कहा कि भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने और बचाने के लिए युवाओं को सबसे पहले आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्येक त्यौहार प्रकृति की रक्षा का भी संदेश देते हैं। वहीं उन्होंने मकर संक्रांति के मौके पर गरीबों, जरूरतमंदों और सभी लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारे का आनंद लिया।

## भारतीय संस्कृति के सभी पर्व हमारी विरासतः नगरायुक्त

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा सामाजिक समरसता, समानता व सद्भाव के प्रतीक लोहड़ी पर्व को स्वच्छ विरासत अभियान के तहत स्वच्छ लोहड़ी पर्व के रुप में मनाया गया। शहर के हकीकत नगर बड़ा चौक , भारत माता चौक , गोविंद नगर पार्क, गुरुद्वारा रोड व हरिमंदिर आवास विकास सहित प्रमुख 17 स्थानों को रंगोली से सजाते हुए विशेष आयोजन किया गया। ढोल की थाप पर थिरकते हुए लोगों ने हर्षोल्लास से पर्व मनाया और एक दूसरे को बधाई दी। नगर निगम द्वारा स्वच्छ विरासत अभियान के तहत शुक्रवार रात साढे.आठ बजे से नौ बजे तक शहर के करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर स्वच्छ लोहड़ी पर्व का आयोजन किया। बड़ा चौक हकीकत नगर में नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने क्षेत्रीय लोगों के साथ लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित करते हुए लोगों से परस्पर विश्वास, स्नेह और सद्भाव बनाये रखने की अपील की।

**आर मनी फिनवेस्ट लिमिटेड**
**(पूर्व में, बी एम वी फिनवेस्ट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**
CIN: u74899DL1996PLC081857
पंजीकार्यालय -मकान सं0-348, तरूण एन्क्लेव ,काली माता मंदिर के पास, पीतमपुरा,दिल्ली -110034,
ई-मेल.nbfccompliance@rmoneyindia.co.in

केन्द्र सरकार के समक्ष माननीय क्षेत्रीय निदेशक ,उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, दिल्ली के माध्यम से कम्पनी अधिनियम,2013 की धारा 13 (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावाली 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले में और इनके मामले में आर मनी फिनवेस्ट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय मकान सं.348 तरूण एन्क्लेव ,काली माता मंदिर के पास, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 में स्थित है।

आवेदक कम्पनी

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आर मनी फिनवेस्ट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय दिल्ली राज्य से गुजरात राज्य में स्थाानांरित करने के लिए ,कम्पनी को सक्षम बनाने के लिए शनिवार 14 जनवरी 2023 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के क्लॉज -II के परिवर्तन की पुष्टि /स्वीकृति के लिए कम्पनी (निगमन) नियमावली,2014 के नियम 30 तथा अन्य लागू होने वाले प्रावधानों यदि कोई हो उसके साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कम्पनी कार्यालय माननीय क्षेत्रीय निदेशक ,उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय दिल्ली के माध्यम से केन्द्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के उस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो वे MCA 21 पोर्टल पर (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल कर अथवा उपरोक्त पते पर पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कम्पनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र ,कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ,बी-2 विंग,दूसरी मंजिल ,पं. दीन दयाल,अंत्योदय भवन , सीजीओ कॉम्प्लेक्स ,लोधी रोड,नई दिल्ली -110003 में जमा करे या जमा कराए या पंजीकृत डाक से भेजें।

**कृते आर मनी फिनवेस्ट लिमिटेड**
**(पूर्व में, बी एम बी फिनवेस्ट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था )**
**हस्ताक्षर**
**सौरभ मित्तल**
**निदेशक**
**डीआई एन:00171148 ,**
**दिनांक : 14/01/2023**
**स्थान : दिल्ली**

## दिल्ली के ओबरॉय होटल में आयोजित हुआ उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर समिट कार्यक्रम

नई दिल्ली। ओबरॉय होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर समिट में सहारनपुर के प्रमुख उद्यमी साहब सिंह पुंडीर ने घाड़ क्षेत्र में औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए उत्तराखंड के भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र, सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र, हिमाचल के पांवटा साहिब औद्योगिक क्षेत्र एवं हरियाणा के यमुनानगर में स्थित प्लाईवुड के कई बड़े उद्यमी को साथ लेकर प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा,गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी,ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा,उद्योग मंत्री नंद गोपाल नंदी, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुपम शुक्ला ,आईएएस मनोज कुमार सिंह,से लगभग 1000 करोड रुपए के निवेश पर विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए साहब सिंह पुंडीर ने कहा कि औद्योगिक नीति 2022 का अगर हम अध्ययन करेंगे तो मुझे लगता है कि पूरे देश में पहली पॉलिसी है जो उद्यमियों को अपनी तरफ आकर्षित करती है पूरे देश का इन्वेस्टर आज उत्तर प्रदेश की तरफ देख रहा है उन्होंने कहा की यह वही उत्तर प्रदेश है जो क्राइम की राजधानी क्राइम कैपिटल कहलाता था तमाम तरह की चीजें वहां पर होती थी और आज पूरे विश्व की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व से लोग यहां पर इन्वेस्ट करने के लिए आ रहे हैं उन्होंने कहा कि आने वाले 2 साल के अंदर हमारा एंप्लॉयमेंट लोकल अवेलेबल होगा और औद्योगिक क्षेत्र में बड़े-बड़े डिवेलप होंगे वह इतना जल्दी उपलब्ध होगा जैसे हम कभी दुबई में गए थे और देखते हैं कि वहां पर उधमी सरकार के पास नहीं जाता बल्कि सरकार उधमी के पास आती है ठीक उसी तरीके से जैसे एक टेबल पर सारे अधिकारी बैठे हैं।

## अधिकार मंच ने किया उत्कृष्ट काम करने वाली हस्तियों का सम्मान



नई दिल्ली। समाज सेवा एवं नागरिक अधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिष्ठित संस्था अधिकार मंच द्वारा दिल्ली स्टार अवार्ड 2022 का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा करने वाले लोगों व सरकारी सेवा में रहते हुए बेहतर कार्य करने वाले पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। अधिकार मंच के संरक्षक सांसद प्रवेश वर्मा व मनोज तिवारी की मौजूदगी व अधिकार मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट एवं महासचिव सतेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मान समारोह में खेल, समाजसेवा, प्रशासन, राजनीति, चिकित्सा, शिक्षा, कला, साहित्य सहित जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 सरकारी अधिकारियों सहित 50 से ज्यादा लोगों को दिल्ली स्टार अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री व विशिष्ट अतिथि की भूमिका में बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद मौजूद रहे। इस दौरान अभिनेत्री भाग्यश्री ने कहा कि मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने पर खुद सम्मानित महसूस हो रहा है। इस दौरान भाजपा सांसद हंसराज हंस को सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवार्ड दिया गया। महाभारत के युधिष्ठिर व बॉलीवुड अभिनेता गजेन्द्र चौहान ने दिल्ली स्टार अवार्ड प्राप्त करने के बाद कहा कि लोगों का सम्मान मानवता का सम्मान है,ऐसा कार्यक्रम आयोजित करके अधिकार मंच ने भी मानवता का सम्मान किया है।

## टाटा क्रूसिबल कॉर्पोरेट क्विज 2022 के क्लस्टर 10 फाइनल्स के विजेता बने इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मेनेजमेंट के मुकुंद मरोडिया

TATA CRUCIBLE
THE CORPORATE QUIZ
2022

नोएडा। भारत की सबसे प्रतिष्ठित बिजनेस क्विज टाटा क्रूसिबल कॉर्पोरेट क्विज 2022 के 19 वें संस्करण में क्लस्टर 10 के फाइनल्स में इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मेनेजमेंट के मुकुंद मरोडिया विजेता घोषित कर दिए गए है। क्लस्टर 10 में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में लखनऊ, वाराणसी, इंदौर में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस के डिलीवरी सेंटर हेड श्री अमिताभ तेवारी ने एक वर्चुअल समारोह में पुरस्कारों का वितरण किया। भाग्यशाली विजेता को 35,000 रुपयों के नकद इनाम से पुरस्कृत किया गया और अब वे नेशनल फाइनल्स में पात्र हो पाने के लिए सेमी-फाइनल राउंड में भाग लेंगे। गाज़ियाबाद के लार्सन एंड टूब्रो के सौरव सिन्हा को उपविजेता घोषित करते हुए 18,000 रुपयों* के नकद इनाम से पुरस्कृत किया गया। पिछले दो सालों की तरह इस बार भी टाटा क्रूसिबल क्विज को ऑनलाइन फॉर्मेट में आयोजित किया गया था। इस क्विज के लिए देश को 12 क्लस्टर्स में विभाजित किया गया है और ऑनलाइन प्रिलिम्स के दो लेवल्स के बाद हर क्लस्टर से विजेता 12 फाइनलिस्ट्स को वाइल्ड कार्ड फाइनल्स के लिए आमंत्रित किया गया है और उनमें से विजेता 6 फाइनलिस्ट्स 12 ऑनलाइन क्लस्टर फाइनल्स में भाग लेंगे। 12 क्लस्टर फाइनल्स में से हर एक क्लस्टर का,की विजेता सेमी-फाइनल्स में भाग लेगा, लेगी और सबसे आखिर में 6 विजेता राष्ट्रीय अंतिम राउंड के लिए आमंत्रित किए जाएंगे, इसका आयोजन अक्टूबर 2021 में होगा। इस वर्ष के टाटा क्रूसिबल कॉर्पोरेट क्विज के पुरस्कार टाटा क्लिक के सहयोग से दिए जा रहे हैं।

## सफोला द्वारा पहले सोया भुर्जी स्वादिष्ट विकल्प के रूप में लॉन्च




नई दिल्ली। भारत की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक मैरिको लिमिटेड ने आज एक अनूठे और पहले कभी न देखे गये स्नैक इट अप कुक-ऑफ इवेंट में नई सफोला सोया भुर्जी का अनावरण किया है। यह देश के 10 सबसे लोकप्रिय भुर्जी शेफ्स के बीच एक लाइव प्रतियोगिता थी, जिन्होंने स्नैकिंग का निर्णायक चैम्पियन बनने के लिये मुकाबला किया, सेलेब्रिटी शेफ और ब्राण्ड एम्बेसेडर, शेफ कुणाल कपूर ने जाने-माने एक्टर और टीवी पर्सनैलिटी रणविजय सिंघा के साथ मिलकर इवेंट की धमाकेदार शुरूआत की और काफी अपेक्षित इस उत्पाद को स्नैकिंग के एक सेहतमंद और स्वादिष्ट विकल्प के रूप में लॉन्च कर हर उम्र के लोगों के लिये#NoMoreChotiBhookh" का सीक्रेट पेश किया। सफोला सोया के एक पहले कुक-ऑफ का जादू ना सिर्फ स्थानीय बल्कि देश भर के उपभोक्ताओं में देखने को मिला। नये साल में कदम रखते हुए यह बात और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तो आपको पसंद आने के साथ स्नैकिंग का ज्यादा सेहतमंद और स्वादिष्ट समाधान देने के लिये मैरिको लिमिटेड ने नई सफोला सोया भुर्जी की पेशकश की है। नये लॉन्च हुए उत्पाद में दोगुना प्रोटीन और सोया तथा असली सब्जियों के गुण हैं, जो स्वाद और सेहत का सही संतुलन देते हैं। इसे अकेले स्नैक के तौर पर खाया जा सकता है या इससे स्वादिष्ट व्यंजन बनाये जा सकते हैं।

## बिश्वजीत दुबे लॉ सीखो डायलॉग में अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए



नई दिल्ली। प्रमुख एडटेक ब्रांड लॉ सीखो ने लॉ सीखो डायलॉग पहल के तहत भारत में उत्पाद दायित्व कानून और इसके विकसित होते अभ्यास पर चर्चा करने के लिए ऑफलाइन मीटिंग आयोजित की। इस आयोजन में सिरिल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर बिश्वजीत दुबे, जो कि मुकदमेबाजी और मध्यस्थता के विशेषज्ञ हैं, अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। बिश्वजीत दुबे को विवाद समाधान में 18 से अधिक वर्षों का अनुभव है और उन्हें वर्ष 2022 का एक्रोमिक प्वाइंट विवाद समाधान वकील घोषित किया गया है। उन्हें वर्ष 2021 में फोर्ब्स के सर्वोच्च 100 व्यक्तिगत वकीलों की लिस्ट में भी शामिल किया गया था। भारत में, उत्पाद दायित्व के मामलों में उपभोक्ताओं द्वारा तुरंत कानूनी सहारा नहीं लिया जाता है। कारण स्पष्ट हैं, बहुत से उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के बारे में पता नहीं है और साथ ही साथ उत्पाद दायित्व कानूनों का क्षेत्र उपेक्षित रहा है। दरअसल, भारत में उत्पाद दायित्व कानून अभी प्रारंभिक अवस्था में हैं। इसलिए इस पर जितनी अधिक चर्चा हो, उतना अच्छा है। इस मीटिंग में बतौर स्पीकर बिश्वजीत दुबे ने कहा जब एक व्यक्ति या संस्था के द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था को प्रदान किए जाने वाले उत्पाद या सेवा में कोई दोष अथवा त्रुटि निकले तो ग्राहक को नुकसान पहुंचा सकता है, यहीं से उत्पाद दायित्व उत्पन्न होता है। सेवा अथवा उत्पाद में त्रुटि से पीड़ित ग्राहक निमार्ता, विक्रेता या सेवा प्रदाता के खिलाफ दावा दायर कर सकता है। हालांकि उदाहरण के तौर पर मान लें कि एक नर्स या डॉक्टर को इंजेक्शन का उपयोग करना चाहिए, लेकिन आप स्वयं इसका उपयोग करना शुरू कर देते हैं।

## स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं युवा: डॉ राहुल गुप्ता

भास्कर ब्यूरो

नोएडा। फोर्टिस नोएडा के डॉक्टरों ने अपने कार्यस्थल पर इस्केमिक ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हुए 32 वर्षीय पुरुष का सफल उपचार किया है। डॉ राहुल गुप्ता, डायरेक्टर-न्यूरोसर्जरी एवं न्यूरो-इंटरवेंशन, डॉ ज्योति बाला शर्मा, डायरेक्टर ऑफ न्यूरोलॉजी तथा डॉ अनुराग अग्रवाल, डायरेक्टर-इमरजेंसी मेडिसिन ने थ्रोम्बोलिसिस प्रक्रिया की और 10 दिन के भीतर मरीज को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। समय पर निदान और तुरंत मेडिकल सहायता मिलने की वजह से मरीज को नया जीवन मिल सका। जब मरीज को फोर्टिस नोएडा में इमरजेंसी केस के तौर पर भर्ती किया गया था तो उन्हें बायीं बाजू और पैरों में कमजोरी की शिकायत थी, इसके अलावा उनके चेहरे का दायां भाग भी कुछ टेढ़ा पड़ रहा था जो उनके बाएं चेहरे के लकवाग्रस्त होने का सूचक था। मरीज को अस्पताल में भर्ती करने के तुरंत बाद उनका सीटी स्कैन किया गया, जिसमें कुछ भी असामान्य नहीं दिखाई दिया, लेकिन जब ब्रेन एमआरआई किया गया तो उसमें पता चला कि मरीज को स्ट्रोक पड़ा है। मामले की जानकारी देते हुए, डॉ राहुल गुप्ता, डायरेक्टर-न्यूरोसर्जरी एवं न्यूरो-इंटरवेंशन ने कहा मरीज को हमारे पास काफी गंभीर अवस्था में लाया गया था, उनके ब्रेन के एक हिस्से में ब्लड सप्लाई बाधित थी जिसकी वजह से ब्रेन टिश्यू को ऑक्सीजन तथा अन्य पोषण नहीं मिल रहा था। वे एथेरोस्कलेरॉटिक रोग इसमें आर्टरी की अंदरूणी सतह पर फैट्स, कलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों का जमाव हो जाता है से भी पीड़ति थे।

## आप सांसद की पत्नी ने गरीबों में बांटे कंबल




भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में जारी शीतलहर के बीच शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता और आप सांसद संजय सिंह की पत्नी अनिता सिंह ने सीबीआर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सैकड़ों गरीबों को कंबल बांटे। ट्रस्ट के चेयरमैन रोमी भाटी ने बताया कि लोहड़ी और मकर संक्रांति के मद्देनजर दक्षिणी दिल्ली के आया नगर स्थित संडे मार्केट में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में गरीबों को कंबल का वितरण किया गया। इसके साथ ही गरीबों में मूंगफली, तिलकुट व तिलकुट के लड्डू भी बांटे गए। रोमी भाटी ने कंबल वितरण के बाद कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि हाड़कंपाने वाली इस ठंड में कोई भी गरीब ठंड से न प्रभावित हो। इस मौके पर अनिता सिंह ने कहा कि गरीब मजलूमों की मदद करना सबसे बड़े पुण्य का काम है और हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि सर्दी के मौसम में गरीब लोगों को यथासम्भव मदद करें। इस मौके पर किरण पांडे मौजूद रहीं।

## दी स्टेनलेस आर्ट्स गैलरी में लगने जा रहा दिल्ली आर्ट कार्निवाल



नई दिल्ली। दी स्टेनलेस कला दीर्घा, सोमवार को रंगो की खूबसूरती से सराबोर नजर आएगी। मौका होगा अब्सोल्युटीरट्स.इन की अंतरराष्ट्रीय समूह कला प्रदर्शनी का जिसका नाम दिल्ली आर्ट कार्निवाल हैं, जिस मैं देश विदेश के 51 कलाकारों की सुन्दर कलाकृतियों को प्रदिर्शित किया जाएगा, जो की 16 से 18 जनवरी 2023 तक दी स्टेनलेस कला दीर्घा मैं प्रदर्शित रहेगी। अब्सोल्युटीरट्स.इन के फाउंडर सौरभ कुमार और को-फाउंडर चंद्र भूषण ने बताया दिल्ली आर्ट कार्निवाल मे देश विदेश के कलाकारों की 120 कलाकृतियों को प्रदर्शित जा रहा है, 3 दिन की प्रदर्शनी जो भारत की अनूठी और रचनात्मक कलाकृतियों की शैली का जश्न मनाती है जिसमें आधुनिक और पूर्व आधुनिक कला शैली शामिल हैं, तथा भारत के कुछ वरिष्ठ कलाकार कि कलाकृतियां भी शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने वार्षिक आर्ट बुक यू एंड आर्ट को रिलीज किया है जिस में देश विदेश के 50 कलाकारों के मनमोहक पेंटिंग्स को प्रकाशित किआ गया है यह किताब भी इस प्रदर्शनी में उपलब्ध है।अब्सोल्युटीरट्स.इन के दृष्टिकोण, मुख्यतया कलाकार की आवाज को कला मेले के केंद्र में रखे जाने में विश्वाश करता है।

## दिल्ली मुद्रा उत्सव प्रदर्शनी में दिखी दर्शकों की भारी भीड़




नई दिल्ली। दिल्ली मुद्रा उत्सव 2023 के आज दूसरे दिन भी प्रदर्शनी में सैकड़ों दर्शकों की भीड़ देखने को मिली ' इस अवसर पर आज महाराज अजय भाई भी प्रदर्शनी को देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बोलते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी को इंटरनेशनल लेबल पर लगाया जाए तथा वहीं इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के आगरा से आए विनीत गौतम ने बताया कि हम काफी वर्षों से ब्रिटिश कालीन नोट और 786 नोटों का कलेक्शन करते चले आ रहे है वहीं रवि वर्मा, बाल किशन खंडेलवाल ने भी बताया कि उनके यहां ब्रिटिश शासन काल में चलने वाले गोल्ड उर्दू कॉइन नोटों को हमने संजोकर रखा हुआ है। इस मौके पर सुनील सिंगला ने कहा कि आज हमने देश की बैंक नोट जैसी महान धरोहर और पोस्टल स्टाम्प सामग्री को संग्रहित करने के लिए अग्रसर है तथा वहीं इस सोसायटी में 550 से भी अधिक सदस्य है। इस दौरान दिल्ली मुद्रा उत्सव के अध्यक्ष सुनील सिंघला सोनू भाई सचिव रवि गुप्ता, सचिव अनवर अजीज, कोषाध्यक्ष अरविंद दुबे, अस्सिटेंट कोषाध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में यह परदर्शनी आयोजित की गई है।

## दिल्ली का सर्वप्रथम धर्मार्थ फिजियोथैरपी एवम् पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ



नई दिल्ली। लकवा और पैरालिसिस के मरीजों का 24 घंटे भर्ती की सुविधा वाला विश्व स्तरीय न्यूरो-फिजियोथैरपी एवम् पुनर्वास केंद्र की स्थापना विकलांग चेतना फाउंडेशन के माननीय सदस्य घनश्याम गुप्ता जावेरी,संजय बंसल, श्याम सुंदर अग्रवाल, नरेश चंद जैन, अतुल कुमार गर्ग और डॉ नरेश कुमार के संरक्षण में दिनांक 14 जनवरी मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सुखबीर नगर कंझावला रोड संपन्न हुआ। संस्था के संचालक डॉ नरेश कुमार में बताया की भारत में लकवा और पैरालिसिस के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे है, जिसका प्रमुख कारण है, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, मोटापा, व्यायाम की कमी, सड़क दुर्घटना के कारण रीढ़ की हड्डी की चोट के कारण स्पाइनल कॉर्ड इंजरी, जिसके परिणाम स्वरूप मरीज लकवा ग्रस्त हो जाता है, ऐसे मरीजों के बेहतर उपचार और पुनर्वास हेतु विकसित देशों में 24 घंटे भर्ती की सुविधा वाले फिज़ियोथेरेपी एवम् पुनर्वास केंद्र है, परंतु भारत में ऐसे केंद्र न के बराबर है और यदि प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीज का इलाज कराया जाये तो काफी महँगा होता है, जो गरीब और मध्यम वर्ग के लोगो की पहुँच से बाहर है, और बेहतर ईलाज के अभाव में लकवा के मरीज कभी ठीक नहीं हो पाते और पूरा जीवन दूसरों पर आश्रित

## केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने झांसी में अपने शाखा नेटवर्क का विस्तार कर अपनी मौजूदगी बढ़ाई

भास्कर ब्यूरो

झांसी। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने झांसी के प्लॉट नंबर 32-33, फर्स्ट फ्लोर, एलाइट टू गोविंद चैराहा रोड़, सिविल लाइंस, में झांसी के लिये अपना पहला शाखा कार्यालय खोला है कंपनी ने इस तरह राज्य में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है और शहर के ग्राहकों के एक कदम करीब पहुँचने का काम किया है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के चीफ कॉम्प्लायंस ऑफिसर श्री विकास गुप्ता ने कहा पिछले कुछ वर्षों में जीवन बीमा उद्योग काफी तेजी से बढ़ा है बीमा को अब बचत-उन्मुख समाधान समझा जाने लगा है। बीमा से अनछूए क्षेत्रों के लिये झांसी के पास बड़ी संभावना है और एक समय बीमा के अभिनव समाधानों के साथ हमारी पूरी पहुँच क्षेत्रीय ग्राहकों तक होगी राज्य के भीतर हमारी विस्तार रणनीति में ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद, सलाहकारी और निजीकृत सेवाएं शामिल होंगी। इसके साथ ही हम देश के भीतर जीवन बीमा की पहुँच को बढ़ाने के विनियामक के विचार में भी सहयोग दे रहे हैं। हमारी कंपनी को 6 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों का भरोसा प्राप्त है, जिनके परिवार केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस द्वारा प्रस्तुत विभिन्न बीमा योजनाओं के माध्यम से सुरक्षित हैं।



### रिवर हाइट्स के चक्रव्यूह में बेजुबान

# विरोध और समर्थन में उतरे सामाजिक संगठन, तनाव बरकरार






**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** रिवर हाइट्स सोसाइटी में पनपे स्ट्रीट श्वानों के मुद्दे ने अब जिला स्तर पर तूल पकड़ लिया है। फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद और विभिन्न सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने भी स्ट्रीट श्वानों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इतना ही नही सभी ने मिलकर पशु प्रेमियों और विभिन्न पशु प्रेमी संस्थाओं पर भी गंभीर आरोप लगाए है। खास बात यह है कि स्ट्रीट श्वानों के पुनर्वास की समस्या के समाधान ना होने तक रिवर हाइट्स के प्रवेश द्वार पर चल रहा धरना जारी रहेगा। गाजियाबाद के आरडीसी स्थित एक होटल में आज संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद के प्रेसिडेंट कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि गाजियाबाद में 250 से ज्यादा हाई राइज सोसाइटी है। सभी सोसाइटी में स्ट्रीट श्वानों द्वारा लोगों को काटे जाने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। इस संबंध में नगर निगम, जीडीए व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई लेकिन कोई भी समाधान नही हुआ। स्ट्रीट श्वानों की बढ़ती तादाद और उनके हमलों से सोसाइटी निवासियों के बीच भय का माहौल है। लाइन पार फेडरेशन के अध्यक्ष आरके आर्य ने बताया कि श्वानों को संरक्षण देने के लिए लोगों ने अपने स्तर पर ही संस्थाओं का गठन कर लिया है और पशु प्रेमी बनकर सोसाइटी निवासियों की समस्याओं को दरकिनार किया जाता है। स्ट्रीट श्वानों ने कॉमन रूम से लेकर पार्किंग व अन्य स्थानों पर अपना ढेरा जमा रखा है और वहां से गुजरने वाले बुजुर्ग व बच्चों पर झुंड में हमला कर देते है। उधर दूसरी तरफ कई सामाजिक संगठन व पशु प्रेमियों स्ट्रीट श्वानों के पक्ष में उतर आए है और स्ट्रीट श्वानों को गैर कानूनी ढंग से पकड़कर बेजान इलाकों में छोड़ने का काम किया जा रहा है, वह नंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि बेजुबानों को गलत तरीके से पकड़ने की मांग खारिज की जाए और जो लोग वायरल वीडियो में पशु प्रेमियों को मार रहे है, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर विधिक दायरे में लाया जाए।

#### पशु क्रुरता से जुड़ा है मामला

रिवर हाइट्स में स्ट्रीट श्वानों को पकड़ने



के लिए कानूनी परिधि से बाहर जाकर जो नोटंकी हुई है, उसके तहत पशु क्रुरता अधिनियम लागू होता है और पुलिस किसी भी समय वीडियो फुटेज के आधार पर विधिक कार्यवाही कर सकती है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि बेजुबान को लोग जाल डालकर पकड़ रहे है, जो सीधे पशु क्रुरता अधिनियम के तहत आता है। दोष की प्रकृति के तहत सजा का प्रावधान है।

**गौरव कुमार, अधिवक्ता, जिला एवं सत्र न्यायालय गाजियाबाद**

#### स्ट्रीट श्वानों से नहीं बंदरों से खतरा

स्ट्रीट श्वानों से मानव को कोई खतरा नहीं है। कुछ मुट्ठी भर अभिजात्य वर्ग के लोग स्ट्रीट श्वानों को लेकर बेवजह अपना विरोध प्रकट कर रहे है और कानून हाथ में लेकर बेजुबानों



पर कहर बरपा रहे है जबकि शहर इस समय उत्पाती व हिंसक बंदरों से परेशान है। बंदर वन्य जीव है। उन्हें पकड़कर जंगलों में छोड़ने की जरूरत है। बंदर इस समय पूरे जिले में हजारों लोगों को अपना निशाना बना चुके है और घरों के आंगन में पेड़ पौधों को भी तहस नहस कर रहे है, जिसके चलते पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। जितना ध्यान स्ट्रीट श्वानों पर लोग दे रहे है, यदि उतना ध्यान उत्पाती बंदरों को पकड़ने पर दिया जाए तो शहर को बड़ी राहत मिलेगी।

**आकाश वशिष्ठ, पर्यावरणविद एवं संस्थापक, सोसायटी फॉर प्रोटेक्शन ऑफ एनवायरमेंट एंड बायोडायवर्सिटी**

#### प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास

स्ट्रीट श्वान तभी हमला करते है जब उन्हें लोग लाठी, डंडे व पत्थर से प्रताड़ित करते है। श्वान एक ऐसा जीव है, जो सामाजिक प्राणी के साथ ही रहना पसंद करता है।



श्वानों के प्रति क्रूरता करने के मामले में रिवर हाइट्स सोसाइटी के कई लोग इस समय पशु क्रुरता अधिनियम के तहत आरोपी बन चुके है और उन्हें अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। अपने बचाव के लिए रिवर हाइट्स के कुछ लोग दूसरे लोगों की मदद से धरना प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस का सहारा लेकर नोटंकी कर रहे है ताकि पुलिस प्रशासन पर बेवजह दबाव बनाया जा सके।

**सुरभि रावत डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पीपल फॉर एनिमल**

## स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा : पोषण अभियान कैम्प का आयोजन

**भास्कर ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में दक्षिणी दिल्ली लोक सभा के वार्ड अनुसार छत्तरपुर, मधु विहार, मदनगीर, संगम विहार-बी और श्रीनिवासपुरी वार्ड में स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा के अंतगर्त पोषण अभियान कैम्प आयोजित करवाए गए। इसी प्रकार सभी वार्डों में यह कैंप लगाए जाएंगे जहाँ 0-6 वर्ष आयु तक के बच्चों की स्वास्थ्य जॉच के पश्चात स्वस्थ बच्चों की माताओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया और अस्वस्थ बच्चों की माताओं को पोषक आहार के पैकेट वितरित किए गए। इस




दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी ने छत्तरपुर व मदनगीर वार्ड कायर्क्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्र की प्रेरणा से यह आयोजन किए जा रहे हैं। जिनका उद्देश्य गरीब, कमजोर वार्ड क्षेत्रों में रहने वाले 0 से 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों, गभर्वती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं का पोषण सुनिश्चित कर उन्हें पोषक आहार वितरित करना है जिससे कि भारत कुपोषण मुक्त बन सके। बिधूड़ी ने आगे बताया कि दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में 13 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक वार्ड अनुसार पोषण अभियान कायर्क्रम आयोजित किए जाएंगेइस अवसर पर श्री रणवीर तंवर, श्री पवन राठी, श्री चन्द्रपाल बैरवा, श्री रामनिवास भड़ाना एवं श्रीमती नीतू पुरी सहित भाजपा कायर्कता एवं क्षेत्र के सम्माननीय निवासी उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर ममता की छांव सेवा ट्रस्ट ने किया हवन

**भास्कर ब्यूरो**

गाजियाबाद। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ममता की छांव सेवा ट्रस्ट ने पुराना विजय नगर स्थित संत रविदास कालोनी में संचालित इन्दु शिशु शिक्षा सदन में सभी की सुख शांति के लिए हवन का आयोजन किया। ट्रस्ट की तरफ से बताया गया कि बीती 12 जनवरी को हिन्दी भवन में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन की समस्याओं के निराकरण हेतु मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया, जिसमें ममता की छांव सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी आमोद कपूर व सचिव सीमा शर्मा तीन दिव्यांग संजय, राजेश व रेनू को लेकर उपस्थित हुए और उनके राशन कार्ड, आवास, पेंशन सुविधा हेतु आवेदन किया। उन्होंने बताया कि वहां उपस्थित अधिकारियों ने हमारी



समस्याएं सुनी और उस पर तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। हवन में स्कूल के शिक्षक- शिक्षिकाओं व ट्रस्टी मेघराज अरोड़ा, जगदीश ढोढियाल, राजकुमार आर्य, स्वरूप नारायण, आमोद कपूर, डॉ एमएल त्रिपाठी, मंजू त्रिपाठी, बीडी सागर, सुशीला सागर, सीमा शर्मा, सुधा रानी, अर्चना शर्मा, मंजू मल्होत्रा, शिवानी, प्रिया, राजेश व आयुष प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


## कोका-कोला की कॉस्टा कॉफी ने किया विस्तार, 100वाँ स्टोर खोला



नोएडा। देश में वृद्धि का सफर जारी रखते हुए भारत में कमर्शियल बेवरेज श्रेणियों में कोका-कोला के प्रमुख कॉफी ब्रांड कॉस्टा कॉफी ने अपना 100वाँ स्टोर नई दिल्ली के खान मार्केट में खोला है, जिसका उद्घाटन दिसंबर 2022 में किया गया। देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएल) के साथ साझेदारी में कॉस्टा कॉफी भारत में सबसे पसंदीदा कॉफी ब्रांड्स में से एक के रूप में उभरा है, और 30 शहरों में अपने रिटेल स्टोर स्थापित कर चुका है। इस उपलब्धि के बारे में भारत एवं इमर्जिंग मार्केट्स के जनरल मैनेजर विनय नायर ने कहा, हमें अपना 100वाँ स्टोर खोलने की खुशी है, क्योंकि भारत विश्व में कॉस्टा कॉफी के लिए एक मुख्य बाजार है। इस उपलब्धि से प्रदर्शित होता है कि भारत में लगातार बढ़ते कॉफी प्रेमी समुदाय ने किस प्रकार हमारे सिग्नेचर ड्रिंक-द फ्लैट व्हाईट जैसी हैंडक्राफ्टेड कॉफी को अपना लिया है।

## लोहड़ी व मकर संक्रांति का वैज्ञानिक स्वरूप पर गोष्ठी

**गाजियाबाद।** आर्य युवक परिषद् के तत्त्वावधान में ₹लोहड़ी व मकर संक्रांति का वैज्ञानिक स्वरूप₹ विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 489 वहां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने कहा कि भारत पर्व और परंपराओं का समृद्ध भंडार है। इस देश की परंपराएं वैज्ञानिक तथ्यों और सिद्धांतों पर टिकी हैं क्योंकि इस देश की विचारधारा के मूल स्त्रोत ईश्वर प्रदत्त वेद ग्रन्थ हैं और हर वेद मन्त्र एक वैज्ञानिक तथ्य और उस पर आधारित सन्देश प्रस्तुत करता है।पर्व इसी समृद्ध परंपरा के अंग हैं और हर पर्व या उत्सव का वैज्ञानिक आधार व महत्त्व है।वक्ता ने वर्तमान वर्ष में मकर संक्रांति की काल अवधि की चर्चा करते हुए इसका ऋतु क्रम से सम्बन्ध बताया।नदियों में स्नान और तिल, गुड़ के सेवन की प्रथा के पीछे का वैज्ञानिक उल्लेख किया।शिशिर ऋतु में चन्द्रमा की शक्ति बढ़ती है जिसका अनुकूल प्रभाव मनुष्य, पशु और वृक्ष वनस्पतियों पर पड़ता है।इससे रस की वृद्धि होती है जो इन प्राणियों को पुष्ट करती है।यह ऋतु विसर्गकाल अर्थात दक्षिणायन का अंतकाल कहलाती है और मकर संक्रांति इसी ऋतु का उत्सव




है। शीतकाल का खानपान वर्ष भर प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाता है।उन्होंनें बताया कि मकर संक्रांति के समय सूर्य जब दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है तो सूर्य कि अग्नि प्रबल होने लगती है।इस प्रबल अग्नि से मृतों को स्वत्व धारक बल प्राप्त होता है।इसीलिए इच्छा मृत्युधारी भीष्म ने इसी काल में प्राण त्यागे थे। इस काल मे प्राण त्यागने का मोक्ष प्राप्त करने या स्वर्ग जाने से कोई सम्बन्ध नहीं है।मकर संक्रांति से एक दिन पहले उत्तर भारत में लोहड़ी का पर्व मनाया जाता है।अग्निदेव को तिल,गुड़, चावल और सूखे मक्के की आहुति दी जाती है।यह भी एक देव यज्ञ है।भारत के विभिन्न प्रांतों में विभिन्न प्रकार से यह पर्व मनाया जाता है यह विभिन्न परंपराओं का यज्ञ रूप है।साथ ही महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखा कि पृथ्वी की 90 प्रतिशत जनसंख्या इसके उत्तरार्ध गोलार्ध में ही निवास करती है।अग्नि और शक्ति की वृद्धि का द्योतक यह पर्व पूरी मानव जाति के लिए उल्लास का दिन है।इस दिन सूर्य की किरणें एक विशेष प्रकार की ऊर्जा लिए होती हैं।यज्ञ रूपी परंपराएं हमारे ओज,तेज व बल की वृद्धि करके हमें अधिक समर्थ व उन्नतिशील बनाती हैं।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पहुंचे कल्याण फार्म

**भास्कर ब्यूरो**

**करनाल।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शनिवार को कुटेल स्थित कल्याण फार्म पहुंचे, जहाँ विधायक हरविंद्र कल्याण ने परिवार सहित राज्यपाल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बता दें कि राज्यपाल विधायक हरविंद्र कल्याण को जन्मदिन 15 जनवरी के उपलक्ष्य में उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे थे । राज्यपाल ने विधायक को दीघार्यु व स्वस्थ जीवन के लिए बधाई दी और कहा कि आप सदैव समाजहित के कार्यों को इसी प्रकार गति प्रदान करते रहे , यही मेरी शुभकामनाएं हैं। इस मौके पर राज्यपाल ने विधायक हरविन्द्र कल्याण की माता प्रेम कल्याण से भी बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना और उनके भी स्वस्थ जीवन व दीघार्यु होने की कामना की। इस मौके पर राज्यपाल ने विधायक हरविन्द्र कल्याण और उनके परिवार के साथ जलपान किया और परिवार के सभी सदस्यों के साथ परिचय किया। इस मौके पर विधायक के बड़े भाई एवं आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त देवेन्द्र कल्याण, भाई समर सिंह कल्याण, भाभी डॉ सुनीता कल्याण, पत्नी रेशमा कल्याण, बेटी एशना व दामाद मधुर तथा प्रशासन की ओर से एसडीएम घरौंडा अदिति व डीएसपी वीर सिंह भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कल्याण फार्म पहुंचकर वहां उपस्थित विधायक के जन्मदिन आयोजक समिति के सदस्यों से भी मुलाकात की और एक-एक करके सभी से परिचय किया। राज्यपाल ने सभी को समाज सेवा के कार्यो में बढ़चढ़कर भाग लेने और देशहित में चल रहे सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर नगर पालिका के प्रधान हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा के मंडलाध्यक्ष सुभाष कश्यप, नरेश कैमला, महामंत्री देवेन्द्र शर्मा, रोहित भंडारी, संजय खैंची, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान विशाल कल्याण, समाज सेवी सुरेन्द्र जैन सहित भारी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन पहुंचाएं: सुधीर सिंगला

### विधायक सुधीर सिंगला ने ली सरस्वती मंडल के पदाधिकारियों की बैठक

**भास्कर ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने गुडगांव विधानसभा में सरस्वती मंडल के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सरकार की नीतियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से रूबरू होने के लिए प्रेरित किया।विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि केंद्र और हरियाणा राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। दोनों ही स्तर पर जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। देश के हर व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार प्रयासरत है। गरीबी दूर करना सरकार के एजेंडे में है। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना और परियोजना को हर पदाधिकारी, कार्यकर्ता जनता के बीच प्रचार-प्रसार करे। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के चुनाव होने हैं।



चुनावों में कमल खिलाने के लिए हम सबको कठिन परिश्रम करना है। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुमेर सिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, महामंत्री अशोक डबास, अंकुर गुलाटी, मोहित वजीराबाद, आरपी सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख स्वाति टंडन, कर्मवीर यादव, सिद्धार्थ सिंह सिद्धु, सिद्धार्थ भाटिया, दीपक शर्मा, मोनिका स्वामी, जेके शर्मा, शक्ति केंद्र सहयोगी योगेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## चार लापता बच्चों को पुलिस ने माता-पिता को सौंपा, लौटी मुस्कान

### दिल्ली में लाल किला व इंडिया गेट गए थे घूमने

**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** गरीब तबके के चार बच्चों की घूमने की इच्छा उनके माता-पिता पूरी नही कर पाए तो वह खुद ही योजना बनाकर राजधानी दिल्ली के सेर सपाटे पर निकल पड़े। क्रॉसिंग पुलिस को चार बच्चों के लापता होने की सूचना मिली और चारों को दिल्ली से बरामद कर परिजनों को सपुर्द किया गया। खास बात यह है कि चारों बच्चे स्कूली छात्र है और 8 से 12 वर्ष की आयु के है। चारों बच्चों के माता-पिता गरीब गर्व से है और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। पूरा मामला दिल्ली से सटे हॉट सिटी गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके के सिद्धार्थ विहार बागू का है। सिद्धार्थ विहार बागू निवासी स्कूल में पढ़ने वाले चारों छात्र बीती 12 जनवरी की शाम को घर से लापता हो गए।



परिजन थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पहुंचे और बच्चों के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने तुरंत बच्चों को खोजना शुरू किया और आज शनिवार को दिल्ली से बरामद कर लिया। बच्चों ने पुलिस को बताया कि हम सभी दिल्ली घूमना चाहते थे इसलिए हम चारों ने मिलकर दिल्ली घूमने का प्लान बनाया और घर से निकल गए। थानाध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक महक सिंह ने आज यहां बताया कि चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के समझाने पर बच्चों ने वादा किया है कि वह दोबारा अपने माता-पिता को बिना बताएं कही नही जाएंगे।













संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा ए0जी0एस0 पब्लिकेशन्स, एफ 23, सेक्टर-06, नोएडा से मुद्रित एवं एफ 23, सेक्टर-06 से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। **वेबसाइट:** dainikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालय: 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद-201002 उत्तर प्रदेश, ई-मेल: nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712, लैंडलाइन फोन+911203166405

# शहर में घुसा तेंदुआ, जागृति विहार में देखा गया

■ वन विभाग की टीम के प्रयास के बाद हाथ नहीं आ सका तेंदुआ



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। शहर में एक बार फिर तेंदुआ की दहशत फैल गई है। देर रात करीब डेढ़ बजे तेंदुआ कीर्ति पैलेस के पास नजर आया। सीसीटीवी में उसके गुजरने का फुटेज कैद हो गया है। शनिवार की सुबह विभाग की टीम ने तेंदुए के निशान के आधार पर उसे तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन उसका कही पता नहीं चल पाया है। जाग्रति विहार में तेंदुआ दिखने के बाद लोगों में दहशत फैल गयी है। देर रात करीब डेढ़ बजे के आस-पास तेंदुआ कीर्ति पैलेस पुलिस चौकी के पास से गुजरता हुआ दिखा। वह कीर्ति पैलेस चौकी के पास से जागृति विहार एक्सटेंशन की ओर गया। जिस स्थान पर तेंदुआ दिखाई दिया, वह पूरा रिहायशी इलाका है। कहीं भी घने पेड़ या जंगल नहीं हैं। ऐसे में तेंदुआ कैसे यहां तक पहुंचा। माना जा रहा है कि वह नाले के सहारे यहां तक आया। सीसीटीवी में दिख रहा है कि तेंदुआ ने दीवार कूदने का प्रयास किया लेकिन, विफल रहा। उसके बाद एक्सटेंशन की ओर चला गया।

### लोगों में दहशत, घरों से नहीं निकले बाहर

तेंदुए के जागृति विहार में दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। लोग ने अपने बच्चों को बाहर निकाले पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### नाले के रास्ते आने की संभावना

कीर्ति पैलेस में तेंदुए की सूचना पर शनिवार को डीएफओ राजेश कुमार के निर्देशन में विभाग की टीम तेंदुए को तलाश करने के लिये जागृति विहार कीर्ति पैलेस पहुंची, वहां पर निशान के आधार पर टीम ने कई स्थानों पर सघन सर्चिंग करायी गयी।



आस-पास के नाले के पास झाड़ियों को खंगाला गया, लेकिन तेंदुए का कहीं पता चल पाया।

# सर्राफा व्यापारी से बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में की लूट

लुटेरों ने दिल्ली क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर लूट लिया लाखों का सोना



भास्कर संवाददाता

किठौर। थाना क्षेत्र में कार सवार बदमाशों द्वारा शनिवार को लूट की घटना को अंजाम दिया गया। फिल्मी अंदाज में बदमाशों ने दिल्ली क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताकर कार सवार सरार्फा व्यापारी से लाखों रुपये की कीमत का सोना व चांदी लूट लिया। घटना को अंजाम देकर बदमाश आसानी से फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तलाश की, लेकिन वे हाथ नहीं लगे। मूल रूप से थाना किठौर क्षेत्र के बहरोड़ा निवासी सुधीर वर्मा पुत्र प्रेमचंद वर्मा मोदीनगर में सरार्फा का व्यापार करते हैं। शनिवार को अपनी डैटसन कार से अपने पुत्र नमन वर्मा के साथ पैतृक गांव बहरोड़ा जा रहे थे। जैसे ही वह किठौर थाना क्षेत्र में गढ़ मार्ग से बहरोडा मोड़ पर कुछ ही दूरी पर पहुंचे तो आर्टिका कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक उनको लिया। दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर रोब गालिब किया। गाड़ी के कागजात व अन्य सामान चेक कर सामान चोरी का होना। बदमाशों ने एक डायरी में नाम-पता नोट कर कार में रखा 30 से 35 ग्राम सोना, 600 ग्राम चांदी, 2 हजार की नगदी व मोबाइल गाड़ी में रख लिया और साथ चलने को कहा। कुछ ही दूरी पर चकमा देकर कार सवार बदमाश फरार हो गए।

### ये कहना है सीओ किठौर का

*क्षेत्राधिकारी किठौर रूपाली राय का कहना है, सरार्फा व्यापारी से 600 ग्राम चांदी व 35 ग्राम सोना लूटकर बदमाश फरार हुए हैं, जो कि आर्टिका कार में सवार थे। बदमाशों ने अपने आपको दिल्ली क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताकर लूट की घटना कारित की है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। टीम एक्टिवेट कर दी गई हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।*

# मामूली बात पर मारपीट, पथराव-फायरिंग में दो घायल

दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग नामजद, तीन हिरासत में



भास्कर संवाददाता

मुंडाली। बाइक से कार टच होने पर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट और पथराव के बाद फायरिंग हो गई, जिसमें पत्थर लगने से दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मामला दो संप्रदाय का होने के कारण तनाव की स्थिति बनी हुई है। नंगलामल निवासी रवि पुत्र राजकुमार शनिवार को अपने दोस्त भरत पुत्र सोनपाल के साथ मुंडाली से बाइक पर जेनरेटर लेकर अपने गांव लौट रहा था। मुंडाली नंगलामल रोड पर स्थित कालेआम तिराहे पर नौशाद पुत्र शमशाद अपने घर से कार निकाल रहा था। तभी नौशाद की कार रवि की बाइक से टच हो गई। जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। बताया कि रवि ने नंगलामल फोन कर दिया, जिस पर दर्जनों ग्रामीण लाठी-डंडे व तमंचे लेकर मुंडाली पहुंच गए। नौशाद के घर पर जमकर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि इस दौरान पथराव में रवि व भरत घायल होना बताए गए हैं। अचानक पथराव से गांव में हड़कंप मच गया।

### पुलिस को देख भागे उत्पाती

इंस्पेक्टर विरेंद्र बिसारे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्हें देख उत्पाती भाग गए। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा होने के कारण तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### ये कहना है सीओ किठौर का

*सीओ किठौर रूपाली राय ने बताया, घायलों को अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।*

### मिस अक्षमिता व मिस्टर फ्रेशर रहे विश्वेंद्र



भास्कर संवाददाता, सरधना। मेरठ-करनाल हाई-वे पर बदरुद्दीन नगर नानू स्थित कात्यायनी कॉलिज ऑफ ऐजुकेशन में नव प्रवेशित छात्रों के लिए उद्धभव-2023 फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेम्प वॉक, डान्स, एक्ट व अन्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब विश्वेन्द्र त्यागी व मिस फ्रेशर का खिताब अक्षमिता ने जीता। मंच का संचालन निशांत तोमर, दिव्यांश कौशिक, मीनाक्षी शर्मा आदि ने किया।

# छात्रा को बस में गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छात्रा की हालत में सुधार, आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। चलती बस को रुकवाकर छात्रा को गोली मारने वाले युवक को मवाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है। वही जिला अस्पताल में भर्ती छात्रा की हालत में सुधार हो रहा है। बता दें पिलौना निवासी निकिता कृषक इंटर कालेज से पढ़ाई के बाद बस से घर वापस आ रही थी। निलौहा गांव के पास मोड पर बाइक पर सवार युवकों ने बस को हाथ देकर रोका। बस के रूकते ही एक युवक बस के अंदर चढ़ा, जब तक यात्री कुछ समझ पाते, युवक ने तमंचा निकालकर निकिता पर फायर झौंक दिया। गोली निकिता के कंधे में लगते ही वह बस के अंदर गिर गयी। छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल भिजवाया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। परिजनों ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर वहां पर हंगामा कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# स्थापना दिवस में बुजुर्गों का किया गया सम्मान



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित आभा मंदिर वरिष्ठ नागरिक सेवा सदन मेरठ का 17वां स्थापना दिवस समारोह सेवा सदन परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वृद्धकेयर फाउंडेशन की डायरेक्टर गार्गी लखन पाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋतु दीवान रहीं। सभी बुजुर्गों को माला डालकर व शॉल ओढ़ाकर कर उनका स्वागत किया गया। एलए खान, विकास गोयल, कुणाल दीक्षित द्वारा दयावती मोदी एकेडमी के अध्यापकों राजीव अरोड़ा, संतोष तोमर, चित्रा त्यागी, स्वाति मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की समाप्ति समाप्ति की गई।

### इंचौली थाने पहुंचें आईजी व एसएसपी



भास्कर संवाददाता, इंचौली। पुलिस महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र प्रवीण कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार सजवाण द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाने पर पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

### चिकित्सकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. वीडी पाण्डेय ने बताया, शनिवार को सीएचसी माछरा में आम नागरिकों को जागरूक किया गया। आचार्य डॉक्टर सीमा जैन, सहायक आचार्य डॉक्टर नीलम गौतम, सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर दरक्शा, डॉक्टर गार्गी पांडे, डॉक्टर नेहारिका वर्मा ने सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जा सकता है तथा सड़कों पर चलते वक्त पैदल एवं वाहन चालक को किन-किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए तथा दुर्घटना होने के बाद जान कैसे बचाई जा सकती है इसकी संपूर्ण जानकारी दी।

### चराग बनें ऊर्जा मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** ऊर्जा राज्यमंत्री एवं विधायक डा. सोमेन्द्र तोमर ने शनिवार को 49-मेरठ दक्षिण विधानसभा के लिए तीन कार्यकताओं को नियुक्त दी है। आशाराम जाटव को प्रतिनिधि, चिराग अग्रवाल को जनसम्पर्क अधिकारी एवं मुकुल शर्मा को कार्यालय सहायक मनोनित किया।

## सार सुर्खियां



### पूर्वांचल के युवा महोत्सव में सीसीएसयू ने परचम फहराया

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में आयोजित युवा महोत्सव 12-13 जनवरी 2023 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की टीम ने बड़ी संख्या में पुरस्कार प्राप्त किए। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के नेतृत्व में प्रोफेसर अलका तिवारी को इस समिति का समन्वयक नियुक्त किया गया। महोत्सव में प्रतिभा के लिए गए 20 प्रतिभागियों में 17 प्रतिभागी फाइन आर्ट डिपार्टमेंट विवि और विवि से संबद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आटर्श मोदीनगर के रहे शेष तीन प्रतिभागियों में से दो प्रतिभागी पत्रकारिता विभाग तथा एक अन्य प्रतिभागी मनोविज्ञान विभाग सीसीएसयू से रहे।

### विवि गेट पर किया खिचड़ी वितरण कार्यक्रम



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर के स्टूडेंट कॉस्सियस क्लब के द्वारा विवि मुख्य द्वार पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रो. रूप नारायण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, दिव्या शर्मा, लक्ष्मी शंकर उपस्थित रहें।

### विभिन्न स्थानों पर खिचड़ी का किया गया वितरण



**भास्कर संवाददाता, सरधना।** नगर में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। संक्रांति का पावन पर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा कालंद रोड स्थित प्रतिष्ठान पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विमल शर्मा रहे। बिनौली रोड बस स्टेण्ड के निकट जैन टूरिस्ट बस सर्विस के संचालक मामचंद जैन ने भी खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। रामलीला रोड पर गांधीनगर स्थित मुकेश जैन के प्रतिष्ठान पर मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया।

### गमगीन आंखों से एसएसबी जवान को दी गई अंतिम विदाई



**भास्कर संवाददाता, जानीखुर्द।** अफजलपुर पावटी निवासी एसएसबी के जवान सुदेश की गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गमगीन आखों से परिजनों, शुभचिंतकों व ग्रामीणों ने अंतिम विदाई दी है। गौरतलब है, जानी थाना क्षेत्र के अफजलपुर पावटी गांव के एसएसबी जवान सुदेश की हृदय गति रुकने से शुक्रवार को मौत हो गई थी। एसएसबी जवान की हृदय गति रुकने से मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया था। जवान की पत्नी दुर्गेशवती भी सीमा सुरक्षा बल में तैनात है। जवान दो बेटियों के पिता थे। घटना से क्षेत्र भर में शोक छाया हुआ है। 40 साल के सुदेश पुत्र तिलकराम की ड्यूटी आजकल बिहार और नेपाल बॉर्डर के बीच सिमोर में चल रही थी। सुदेश का अंतिम संस्कार पैतृक गांव अफजलपुर पावटी में हुआ।

### श्री हनुमान की विशाल मूर्ति के दर्शन कर अभिभूत हुए श्रद्धालु



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** आईआईएमटी विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को मारूति नंदन श्री हनुमान की विशाल मूर्ति की स्थापना की गयी। पंडित संदीप शर्मा के नेतृत्व में भजन मंडली ने सुदंरकांड का पाठ शुरू किया। मधुर स्वर लहरियों के माध्यम से सुंदरकांड की चौपाइयां संपूर्ण परिसर में गूंजी तो बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गये। इस अवसर पर माताश्री डा. सत्यप्रभा गुप्ता, आईआईएमटी समूह के चेयरमैन योगेश मोहन गुप्ता, सौरभ गुप्ता, प्रबंध निदेशक डा. मयंक अग्रवाल, पियांशु अग्रवाल ने परिवार सहित हनुमान की पूजा की। स्थापना समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी रहें। यहां पूर्व मेयर हरिकांत अहलूवालिया सहित अनेक वरिष्ठ नेता समारोह स्थल पहुंचें।

### भाजपा नेता ने किया कंबल वितरण समारोह

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** गढ़ रोड गांधी आश्रम चौराहा स्थित जादूगर के मंदिर प्रांगण में भाजपा नेता व समाजसेवी विकास पंडित द्वारा ठण्ड से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरण व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर महामंत्री पीयूष शास्त्री रहें। यहां पार्षद राकेश शर्मा, नीलम कौशिक आदि भाजपाई रहें।

## रेड ने ब्लू को हराया, अभिषेक ने मारा शतक



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** करन क्रिकेट एकेडमी रेड ने करन क्रिकेट एकेडमी ब्लू को तीन विकेट से हराकर मैच जीत लिया। टॉस करन क्रिकेट एकेडमी रेड के कप्तान ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। करन क्रिकेट एकेडमी ब्लू ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 190 रन बनाए। अभिषेक ने 104 व आरिश ने 50 रन बनाए। करन क्रिकेट एकेडमी रेड ने 19.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जुनैद ने 64 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अभिषेक व जुनैद को संयुक्त रूप से दिया गया।

**आयोजन** सीएचसी भावनपुर में हुई समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय

# छूटे हुए बच्चों का शत प्रतिशत हो टीकाकरण



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावनपुर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहित वर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी एएनम, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, बीसीपीएम ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रत्येक कर्मचारी स्टाफ के कार्यों की समीक्षा की गई एवं क्षेत्र में आने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वंदना सिंह ने विशेष टीकाकरण अभियान जिसका प्रथम चरण नौ जनवरी से 20 जनवरी तक चल रहा है, इसमें नियमित टीकाकरण छूटे बच्चों का ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण करने के लिए ग्राम के सम्मानित व्यक्तियों, मदरसा संचालकों, प्रधान आदि का सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया गया। सभी सत्रों पर सभी लॉजिस्टिक एवं बैनर लगाने तथा समय से टीकाकरण आरम्भ करने का निर्देश दिया गया। टीकाकरण के बाद इसकी एंट्री शत-प्रतिशत ई-कवच पर की जाए। उन्होंने कहा, सभी सत्रों पर अपडेट ड्यूलिस्ट हो, जिसमें गर्भवती की चारों जांच के लाभार्थी हो। यदि किसी क्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थी का भुगतान न हुआ हो तो संबंधित आशा उसके डॉक्यूमेंट ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के पास जमा कराएं।

### शत प्रतिशत बनने हैं आयुष्मान कार्ड

बताया, क्षेत्र में शत प्रतिशत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनने हैं। जिसके लिए आशा, सीएचओ, आशा संगिनी, पंचायत सहायक के साथ-साथ एएनएम को भी सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

### सैम बच्चों को चिन्हित करने पर चर्चा

सीडीपीओ ने सैम बच्चों को चिन्हित करने एवं उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भर्ती कराने पर चर्चा की। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग ने ई-कवच में आ रही समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा की। कार्यक्रम में आई पास फाउंडेशन ने सुरक्षित गर्भ समापन पर सभी स्टाफ का अभिमुखीकरण किया।

# छात्रों ने ढोल नगाड़ों के साथ मनाया लोहड़ी पर्व



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** शोभित विवि में छात्रों एवं शिक्षकों ने लोहड़ी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। कुलपति प्रोफेसर डॉ. एपी गर्ग एवं प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ. जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज द्वारा लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर घर के बने रेवड़ी, मूंगफली और तिल के बने व्यंजनों से अग्नि पूजन के बाद सभी छात्रों ने अपनी बुरी आदतों को समाप्त कर सुख समृद्धि की प्रार्थना कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इंस्पेक्टर अंतिक ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ दोनों नशा करने के आदी है। नशे की पूर्ति करने के लिए पैसो की जरूरत पड़ी तो दोनों आरोपियों ने मिलकर गाड़ियों व अन्य स्थानों से बैटरी चोरी करने की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया।

## गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य:ज्ञानचंद

### मकर संक्रांति पर गर्म वस्त्र वितरित

**सक्षम लोगों और अन्य संस्थाओं से भी गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करने का किया आहवान**

जंगशेर राणा/भास्कर न्यूज

**चंडीगढ।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आज महाराजा अग्रसेन चौंक सेक्टर 16 पर श्याम सहारा परिवार की ओर से गरीब और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क गर्म वस्त्र वितरित किए। श्याम सहारा परिवार की सराहना करते हुए गुप्ता ने कहा कि सर्दी के कारण गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गर्म वस्त्र वितरित करके उन्हें सर्दी से राहत पहुंचाई जा सकती है। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने नगर निगम के 50 पुरूष और 30 महिला सफाई कर्मचारियों, जरूरतमंद लोगों और बच्चों को जैकेट, स्वैटर, जुराबें, टोपी इत्यादि वितरित किए और उन्हें मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दी। श्री गुप्ता ने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सर्दी के इस मौसम में हम सब का दायित्व बनता है की गरीब परिवारों को ठंड से बचाव के लिए उन्हें गर्म वस्त्र वितरित किये जायें या कराए जाएं। उन्होंने क्षेत्र के सक्षम लोगों और अन्य संस्थाओं से भी आहवान किया कि वे भी गरीबों व बेसहारा लोगों की मदद करने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि समाज के हर संपन्न व्यक्ति का फर्ज है कि वह अपने क्षेत्र के गरीब परिवारों की देखभाल करें और उन्हें



उनकी जरूरत की वस्तुएं मुहैया कराए। इस मौके पर श्री श्याम सहारा परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर कुलभूषण गोयल, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष उमेश सूद, पार्षद रितु गोयल, सोनिया सूद, ऋतु गोयल, तेजपाल गुप्ता, अशोक जिंदल, बृजलाल गर्ग, जगमोहन गर्ग, सीबी गोयल, अमित जिंदल, रोशन लाल जिंदल, श्याम सहारा परिवार के सदस्य सुरेंद्र गोयल, रोहित जिंदल, अजय जैन, विशाल गर्ग, राकेश गर्ग, गोल्डी जिंदल, विनोद गर्ग, मोहनलाल जैन, अशोक गोयल, श्रवण गोयल, तरसेम लाल और संजय गुप्ता भी उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा वर्कशॉप का आयोजन

भास्कर ब्यूरो/उदी/इटावा। सड़क सुरक्षा माह के दसवें दिन रोडवेज वर्कशॉप इटावा में कार्यरत कर्मचारियों, चालक एंव परिचालकों को सड़क यातायात नियमों के बारे में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा के नियमों प्रति शपथ दिलाई गई यातायात नियमों को भी बताया गया। साथ ही वाहनों के रखरखाव के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही साथ इस मौसम के समय घने कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के बारे में बताया गया। और वर्कशॉप में मरम्मत हेतु आने वाली बसों में विशेष रुप से शत प्रतिशत रिफ्लेक्टर लगाने के लिए तथा वाहन की सभी लाइटों की जांच कर सही करने के लिए कहा गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार यादव द्वारा बताया कि वाहन चलाते समय बी एस आई मार्का हेलमेट ही प्रयोग करना चाहिए तथा यदि वाहन पर दो सवारी बैठी हो तो चालक के साथ-साथ अन्य सवारी को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होता है।

## जिला समाहर्ता वन उमेश शर्मा सम्मानित

भास्कर ब्यूरो

हिमाचल प्रदेश । वन विभाग में फिछले एक वर्ष से उलझे जे ओ ए आई टी की वरिष्ठता के मामले को कानूनी पहलुओं से अध्ययन करने के बाद विभागीय स्तर पर सुलझाने में विशेष भूमिका निभाने वाले वन विभाग के जिला समाहर्ता को हिमाचल प्रदेश मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन ने विशेष रूप से सम्मानित कियो उमेश के शर्मा को वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के अधिवेशन में सम्मानित किया गया गौरतलब है कि लगभग 59 जो ओ ए आई टी की वरिष्ठता का यह मामला पिछले एक वर्ष से वन विभाग उअर सचिवालय के चक्कर काट रहा था लेकिन इसे सुलझाने के लिए कोई रास्ता निकल नहीं पा रहा था` हिमाचल प्रदेश वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन वन विभाग के मुखिया अजय श्रीवास्तव



से इस मामले को सुलझाने के लिए प्रयासरत थी एसोसिएशन के आग्रह पर यह मामला जिला समाहर्ता (वन ) उमेश के शर्मा से कानूनी सलाह के लिए भेजा गया, जिसे उन्होंने अविलम्ब सुलझा कर वन विभाग मुखिया को हरी झंडी दे दी` हिमाचल प्रदेश वन विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ

एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश बादल ने जिला समाहर्ता का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी एसोसिएशन इसी प्रकार कर्मचारियों के हित में सही निर्णय लेने वाले अधिकारियों को सम्मानित करती रहेगी ताकि कर्मचारी हित में सही निर्णय लेने वाले अधिकारियों ,का उनकी कार्यकुशलता और कर्मचारी हित में काम करने का जज्बा बरकरार रह सके

## सार सुर्खियां

### जहर का सेवन करने से मौत

भास्कर ब्यूरो /जसवंतनगर/इटावा। जसवंतनगर के एक युवक ने जहर खा लिया जिसकी उपचार के दौरान सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में मौत हो गई। बताया गया है कि नगर के जैन मोहल्ला पट्टी गली निवासी 35 वर्षीय गौरव ने जहर खा लिया था जिसे उसके पिता किशन कुमार ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है।

### थाना समाधान दिवस पर सुनी समस्याएं

भास्कर ब्यूरो /उदी/इटावा। माह के द्वितीय शनिवार को बढपुरा थाना प्रांगण मे थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्या सुनीं और उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।माह के प्रत्येक दूसरे और चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज माह के



द्वितीय शनिवार को बढपुरा थाना प्रांगण में थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम असवा पूर्वी से घूरे की समस्या को लेकर अपनी फरियाद लेकर पहुँचे फरियादी की समस्या को सुना और उसके तत्काल निस्तारण हेतु थाना प्रभारी ने निर्देशित किया। थान ा समाधान के अवसर पर उदी चौकी प्रभारी प्रेमचंद्र सिंह, एसआई अलख निरंजन, एसआई संजय यादव, के साथ लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### नीलकंठ मंदिर के विकास का रास्ता खुला

भास्कर ब्यूरो इटावा। भाजपा महामंत्री प्रशांत राव चौबे ने लखनऊ जाकर पर्यटन मंत्री से मुलाकात कर नीलकंठ मंदिर के विकास के लिये एक पत्र सौंपा था। इसी क्रम में पर्यटन विभाग की टीम ने नीलकंठ मंदिर का सर्वे किया। पर्यटन मंत्री ने भाजपा महामंत्री प्रशांत राव चौबे को मंदिर का सर्वे कराकर मंदिर को विकसित करने का दिया भरोसा दिया था उसी के तहत आज पर्यटन विभाग की टीम ने नीलकंठ मंदिर पहुच कर सर्वे का काम शुरू किया और मंदिर के प्रबन्धको से बात कर विकास के लिये जरूरी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सर्वे टीम के डिप्टी डायरेक्टर कल्यान सिंह ने आर्किटेक्ट टीम के साथ सर्वे कर बताया की मंदिर में यात्री सुविधायों का विकास किया जाएगा।

### सिक्सलेन हाईवे पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव

बकेवर/इटावा। सिक्सलेन हाईवे पर बिजौली गांव के पास एक अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा मिला शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव के चेहरे पर भी हल्के-फुल्के चोट के निशान थे। सिर पर चोट का निशान था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और फोरेंसिक टीम को बुलवाकर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र कराये। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिक्सलेन हाईवे पर बिजौली गाँव से पहले इटावा से कानपुर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे पर एक अज्ञात शव पड़ा हुआ मिला शव को सबसे पहले बिजौली गांव व अन्य गांव के सुबह दौड़ लगाने आने वाले लोगों ने पड़ा देखा उन्होंने अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना बिजौली चौकी पर पहुंचकर पुलिस को दी गई। सूचना पर बिजौली चौकी इंचार्ज एसआई अनुज कुमार मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बकेवर विक्रम सिंह चौहान व सीओ भरथना विवेक जावला भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों को शव की पहचान कराने का प्रयास किया परंतु शव की पहचान नहीं हो सकी इस संबंध में बकेवर थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया शव किसी लगभग 45 से 50 वर्ष के व्यक्ति का है तथा किसी सामान्य परिवार का व्यक्ति लग रहा है उसके सिर पर किसी चोट के जैसा निशान है तथा शरीर में एक साइड में रगड़ का भी निशान है इसके अलावा चेहरे पर कुछ चोट के निशान हैं ।किसी अज्ञात वाहन से भी एक्सीडेंट होने अथवा किसी वाहन के यहां लाकर डालने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता।

शव की 36 घंटे बीत जाने के बाद भी शिनाख्त नही हो सकी है।

## शातिर चोर गिरोह का पर्दाफास: दो गिरफ्तार ,लाखो का माल बरामद

यशपाल राणा

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने सक्रिय चोर गिरोह के दो आरोपियों को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से चोरी की 18 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपी गाड़ियों व टावर से बैटरी चोरी की वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। आरोपियों की पहचान सादिक पुत्र अब्बल हसन निवासी पावटी कला शामली यूपी व अरूण पुत्र राजबीर निवासी सीताराम कॉलोनी वार्ड नंबर 5 समालखा के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम वीरवार को गश्त के दौरान सनौली रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो एक स्पलेंडर बाइक पर बैटरी व सिलेंडर रखकर संजय चौक की और से सनौली रोड होते हुए यूपी के तरफ जाएगे। युवकों के पास उक्त सामान चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने बलजीत नगर नाका पर नाकाबंदी कर बाइक सवार दोनों आरोपी युवकों को काबू किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सादिक पुत्र अब्बल हसन निवासी पावटी कला शामली यूपी व अरूण पुत्र राजबीर निवासी सीताराम कालोनी वार्ड नंबर 5 समालखा के रूप में बताते हुए उक्त गैस सिलेंडर व बैटरी अगस्त 2022 में रिफाइनरी के पास एक मीट की दुकान से रात के समय चोरी करने बारे स्वीकार। वारदात बारे थाना सदर में राजेश निवासी पबाना करनाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। गहनता से की गई पूछताछ में आरोपियों ने जिला में विभिन्न स्थानों से ट्रक, केंटर, ई रिक्शा, मोबाइल टावर व आंगवाड़ी केंद्र से बैटरी चोरी करने की 17 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदातों बारे जिला के विभिन्न थाना में मुकदमें दर्ज है। इंस्पेक्टर अंतिक ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ दोनों नशा करने के आदी है। नशे की पूर्ति करने के लिए पैसो की जरूरत पड़ी तो दोनों आरोपियों ने मिलकर गाड़ियों व अन्य स्थानों से बैटरी चोरी करने की वारदातों को अंजाम देना शुरू



कर दिया। आरोपी चोरीशुदा सामान को किशनपुरा में किराये के कमरे पर छुपाकर रखते थे। वीरवार को एक बैटरी व गैस सिलेंडर को बाइक पर रखकर बैचने के लिए यूपी जा रहे थे। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को बलजीत नगर नाका पर गिरफतार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर किशनपुरा में उनके किराये के कमरे से 37 बैटरी व 15 मोबाइल फोन बरामद किये। पुछताछ के बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से दोनों को न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

**आरोपियों से चोरी की निम्न वारदातों का खुलाशा हुआ**

1. दोनों आरोपियों ने मिलकर अगस्त 2022 में रिफाईनरी के नजदीक एक मीट की दुकान से एक सिलेंडर व एक बैटरी चोरी की।

थाना सदर में राजेश निवासी पबाना करनाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

2. दोनों आरोपियों ने मिलकर अगस्त 2022 में सेक्टर 25 पार्ट टू में अमेजॉन कंपनी के आफिस की पार्किंग में खड़ी तीन गाड़ियों से बैटरी चोरी की। थाना चांदनी बाग में प्रवीन निवासी ढ़राणा सोनीपत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

3. दोनों आरोपियों ने मिलकर अगस्त 2022 में गांव सिवाह में घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा से चार बैटरी चोरी की। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में वकील निवासी सिवाह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

4. दोनों आरोपियों ने मिलकर सितम्बर 2022 में विकाश नगर गली नंबर 20 में घर के बाहर खड़े ट्रक से बैटरी चोरी की। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में सुधीर निवासी वढला कैथवाडा मेरठ यूपी हाल किरायेदार विकाश नगर पानीपत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

5. दोनों आरोपियों ने मिलकर सितम्बर 2022 में समालखा गांधी कालोनी में जियो कंपनी के टावर से जनरेटर की बैटरी चोरी की। टावर पर टेक्नीशियन तैनात सितेंद्र निवासी पुरखास सोनीपत की शिकायत पर थाना समालखा में मुकदमा दर्ज है।

6. दोनों आरोपियों ने मिलकर अगस्त 2022 में सेक्टर 12 में खाली प्लाट में खड़े तीन हाइवा ट्रकों की बैटरी चोरी की। थाना चांदनी बाग में सेक्टर 12 निवासी प्रमोद की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

7. दोनों आरोपियों ने मिलकर जून 2022 में जलालपुर प्रथम में दो आंगनवाड़ी केंद्रों से बैटरी चोरी की। आंगनवाड़ी वर्कर कविता निवासी जलालपुर प्रथम की शिकायत पर थाना सनौली में मुकदमा दर्ज है।

## नगर निगम चुनाव : कांग्रेस ने कसी कमर

**प्रदेश अध्यक्ष ने की ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति**

**नगर निगम में कांग्रेस की जीत है तय : चौधरी उदयभान**

भास्कर ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने का फैसला लिया है। अभी से पार्टी ने चुनाव की तैयारियों और रणनीति को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान की तरफ से मानेसर, गुरुग्राम और फरीदाबाद के लिए ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति की गई। पूर्व मंत्री गीता भुक्कल को मानेसर के लिए चीफ ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। उनके साथ चार और वरिष्ठ नेताओं को बतौर ऑब्जर्वर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह गुरुग्राम में वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल को मुख्य ऑब्जर्वर बनाया गया है। उनके साथ चार और विधायकों को ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। फरीदाबाद में वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा को चीफ ऑब्जर्वर और उनके साथ 5 और वरिष्ठ नेताओं को ऑब्जर्वर बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान का कहना है कि जनता बीजेपी जेजेपी सरकार की कुनीतियों से परेशान हो चुकी है। आज पूरा हरियाणा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, बढ़ते अपराध और नशे की समस्याओं से जूझ रहा है। प्रदेश में आने वाली सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है। नगर निगम चुनाव से जनता प्रदेश से बीजेपी जेजेपी का सफाया शुरू कर देगी।

## नवविवाहिता की जलकर मौत, रिपोर्ट दर्ज

भास्कर ब्यूरोजसवंतनगर/इटावा। नवविवाहिता की जलकर हुई मौत के मामले में मायके पक्ष ने ससुराली जनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। मैनपुरी जनपद के थाना किशनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगरिया पोस्ट चितायन निवासी दिनेश कुमार ने थाना कोतवाली जसवंतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी पुत्री शिखा की शादी 10 मई को नगला केशोराय मौजा जसोहन निवासी रामनरेश के बेटे सूरज के साथ सामर्थ्य अनुसार दान दहेज के साथ की थी। शादी के बाद से ही दामाद, सास, ननद व चचिया ससुर उनकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज डेढ़ लाख रुपए व एक सोने की चेन तथा मोटरसाइकिल के लिए प्रताड़ित करते थे और पहले भी जान से मारने की नियत से मारपीट कर चुके थे। कई बार पंचायतें होने के बाद 13 जनवरी को उनकी पुत्री को दामाद, सास व ननद और चचिया ससुर ने एक राय होकर उनकी पुत्री को आग लगाकर जला दिया।

## हरियाणा में बनेगा अत्याधुनिक फायर ट्रेनिंग सेंटर: चौटाला

**प्रदेश की सभी एयर-स्ट्रिप पर लगेंगे फॉम-टेंडर फायर फाइटिंग व्हीकल्स**

**विभाग का प्रभार मिलते ही डिप्टी सीएम ने की समीक्षा**

भास्कर ब्यूरो

**चंडीगढ।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने ह्यफायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी एयर-स्ट्रिप्स पर ह्यफॉम-टेंडर फायर फाइटिंग व्हीक्लस का प्रबंध किया जाए ताकि एरोप्लेन आदि की लैंडिंग के दौरान किसी भी संभावित आग की दुर्घटना न हो। उन्होंने प्रदेश में विभागीय कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षित करने के लिए फायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज का ट्रेनिंग सेंटर खोलने और नया डिप्लोमा शुरू करने की संभावनाओं को तलाशने के भी निर्देश दिए। डिप्टी सीएम आज यहां ह्यफायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज विभागी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री श्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। श्री दुष्यंत चौटाला ने ह्यफायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज विभाग का प्रभार मिलते ही प्रथम बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय कार्यप्रणाली, सांगठनिक ढांचा व उपलब्ध स्टाफ व आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के गुरूग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पंचकुला, रेवाड़ी, बहादुरगढ़, पानीपत आदि बड़े शहरों में 14 मंजिल से लेकर 80 मंजिल तक की बहुमंजिला इमारतों में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर जल्द से जल्द काबू पाने के लिए हाइड्रोलिक फायर टैंडर व्हीक्लस को खरीदने के निर्देश दिए। अभी तक ऊंची इमारतों में आग लगने पर दिल्ली राज्य या एयरपोर्ट जैसे संस्थानों से आग बुझाने के लिए गाडियां बुलानी पड़ती थी , परंतु हाइड्रोलिक फायर टैंडर व्हीक्लस की खरीद के बाद प्रदेश की जनता को आगजनी से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद मिलेगी ।डिप्टी सीएम को जानकारी दी गई कि अभी तक मानेसर में ही एकमात्र ह्यफायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज का ट्रेनिंग सैंटर है, जिस पर श्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में किसी वाजिब स्थान पर ह्यफायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज का अत्याधुनिक ट्रेनिंग सैंटर खोलने की प्रक्रिया आरंभ करें ताकि कर्मचारियों को नए-नए उपकरणों से सुसज्जित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस सैंटर में फायर एंड इमरजेंसी सर्विसिज से संबंधित कोई डिप्लोमा भी शुरू करने की संभावनाओं को तलाश करें ताकि राज्य के युवा प्रशिक्षित होकर निजी संस्थानों में भी रोजगार हासिल कर सकें। श्री दुष्यंत चौटाला ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के भीड़ वाले आगजनी संभावित स्थान जैसे सभी मॉल , थिएटर, संस्थान तथा अन्य बड़े व ऊंचे भवनों आदि में फायर-सेफ्टी के उपकरणों का निरीक्षण किया जाए ताकि किसी भी आकस्मिक आगजनी की घटना को रोका जा सके और जनता के जन-धन का नुकसान होने से बचाया जा सके।

## एफसीआई घोटाला : तीन राज्यों में सीबीआई छापेमारी

### एफसीआई के एक सीनियर अधिकारी की गिरफ्तारी

जगंशेर राणा/भास्कर न्यूज

**चंडीगढ।** फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया में पनप रहे भ्रष्टाचार पर सीबीआई ने कड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई की टीम ने हरियाणा, पंजाब और दिल्ली समेत पचास जगह छापेमारी की। एफसीआई के एक सीनियर अधिकारी को भी टीम ने गिरफ्तार किया है। छापेमारी अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकती है। सीबीआई ने फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया, मिल मालिकों, अनाज व्यापारियों, बिचौलियों और गोदाम संचालकों की पहचान करने के लिए ऑपरेशन कोड कनक लॉन्च किया गया था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य यह है कि सिस्टम में जो भ्रष्टाचार आ गया है, उसे जड़ से खत्म किया जाए। 11 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम का मुख्यालय से सीबीआई ने एक डीजीएम-रैंक के अधिकारी को गिरफ्तार करने के बाद पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में 50 स्थानों पर तलाशी ली। इस तलाशी अभियान में पता चला कि हरियाणा और पंजाब में धान और गेहूं की खरीद में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। अब अंबाला, करनाल, यमुनानगर और कैथल के राइस मिल टीम के निशाने पर है। इसी तरह से पंजाब में भी लुधियाना, पटियाला, मोहाली, रोपड़, संगरूर मिलर्स, सीबीआई के निशाने पर आ गए हैं। इस भ्रष्टाचार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो छह महीने से अधिक समय से एक गुप्त ऑपरेशन चल रहा था। इसका नाम रखा गया था कनक । इसी ऑपरेशन के तहत कार्यवाही की गई। टीम ने 74 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिसमें एफसीआई के 34 सेवारत और तीन सेवानिवृत्त अधिकारी शामिल है। आरोपी अधिकारियों में तकनीकी सहायक और प्रबंधकों तक के नाम शामिल है। सीबीआई ने जिस अधिकारी को गिरफ्तार किया,उसकी निशानदेही पर अलग अलग जगह छापेमारी की है। तलाशी के दौरान, एजेंसी ने अब तक आरोपी कार्यकारी निदेशक, प्रबंधक (प्रयोगशाला) , तकनीकी सहायक और के परिसर सहित विभिन्न स्थानों से लगभग 80 लाख रुपये नकद और आभूषण जब्त किए हैं। एक तकनीकी सहायक के आवास पर वाशिंग मशीन के अंदर छिपाकर रखी गई ₹15 लाख की नकदी मिली। कनक नाम का ऑपरेशन कोड भ्रष्ट एफसीआई अधिकारियों, मिल मालिकों, अनाज व्यापारियों, बिचौलियों और गोदाम संचालकों की पहचान करने के लिए शुरू किया गया था, जिनके बारे में संदेह था कि वह भ्रष्टाचार के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। जो किसानों के एमएसपी में गड़बड़ी करने के साथ साथ घटिया अनाज की आपूर्ति करते हैं। सीबीआई जांच से पता चला है कि रिश्वत का पैसा ज्यादातर जुनियर एफसीआई अधिकारियों द्वारा एकत्र किया जा रहा था। फिर यह रिश्वत की रकम एफसीआई विभाग में पद के हिसाब से बंट जाया करती थी। एफसीआई बनाया तो इसलिए गया था कि किसानों के हितों की रक्षा हो सके, उनके फसलों का उचित मूल्य मिल सके। इसी तरह से गरीब लोगों को पर्याप्त मात्रा में सही अनाज मिल सके।

लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त कुछ अधिकारियों ने एफसीआई की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। सी को लेकर अब सीबीआई लगातार जांच कर रही है। यह जांच जारी है। आने वाले दिनों में सीबीआई की ओर से कई और जगह छापेमारी हो सकती है।

## ब्रह्मर्षि बावरा जी महाराज जयंती महोत्सव शुरू


### आश्रम में शतचंडी महायज्ञ






भास्कर ब्यूरो

**चंडीगढ ।** इंटरनेशनल ब्रह्म ऋषि मिशन के संस्थापक गुरुदेव ब्रह्म ऋषि विश्वात्मा बाबरा जी महाराज का शुभ जयंती महोत्सव ब्रह्म ऋषि आश्रम विराटनगर पिंजौर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। मिशन के अध्यक्ष स्वामी कृष्णकांता जी महाराज की अध्यक्षता में श्री शतचंडी महा महायज्ञ से महोत्सव का शुभारंभ हुआ महायज्ञ के उपलक्ष में विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई । इस त्रिदिवसीय महायज्ञ में देश विदेश से संत महात्माओं और श्रद्धालुओं ने आकर गाय के घी से महायज्ञ कर आहुतियां डाली। कनाडा से पधारी साध्वी चैतन्य ज्योति, स्वामी मनीषा, अबोहर से पधारे साध्वी ब्रह्मऋता, फगवाड़ा से पधारी साध्वी आदित्य भारती जी ने मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रृंगार का सामान अर्पित किया गया। आश्रम में विद्वानों की गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमे पंजाब यूनिवर्सिटी से तथा दूरदराज से विद्वान पहुंचें। धर्म रक्षा एवं राष्ट्र रक्षा मे नारी का स्थान विषय पर विद्वानों के विचार हुए। महोत्सव के अंतर्गत भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया गया। 14 जनवरी को मारुति धाम में पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा। भगवान मारुति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आश्रम में सामूहिक सुंदरकांड पाठ भी होगा। तत्पश्चात प्रवचन एवं भंडारा होगा 15 जनवरी को गुरुदेव ब्रह्म ऋषि विश्वात्मा बाबा जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। विश्व शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रह्म ऋषि आश्रम विराटनगर और अन्य मिशन के स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जन्म महोत्सव के उपलक्ष में श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ भी रखा जाएगा। 15 जनवरी को रात्रि 8:00 बजे से लेकर रात्रि 2:25 तक संगीत का कार्यक्रम भी होगा तत्पश्चात गुरु पूजा एवं आरती होगी ।16 जनवरी को रामायण के अखंड पाठ की पूणार्हुति के पश्चात संत सम्मेलन होगा जिसमें दूरदराज से कई संत महात्मा पहुंच रहे हैं।



# मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं!

## ~ सहज योग परिवार ~






**आज धार्मिक पावनता और पुण्य क्रांति का दिन है।**

## सूर्य देव को समर्पित - मकर संक्रांति त्यौहार

मकर संक्रांति त्यौहार, हिंदुओं के देवता - सूर्य देव को समर्पित है। जब सूर्य धनु से मकर राशि या दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर स्थानांतरित होता है, तब संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। संक्रांति का मतलब है, **सूरज का एक राशि से दूसरी राशि मे प्रवेश करना है।**

मकर सर्दियों के मौसम का अंत माना जाता है, और सर्दियों की तुलना में, लम्बे दिनों की शुरुआत हो जाती है। इस त्यौहार पर लोग सूर्य की प्रार्थना करते हैं और आदि गुरु शंकराचार्य के अनुसार गंगा जी, गंगा सागर, कुंभ और प्रयाग राज में स्नान करना चाहिए। परंपरा के अनुसार भक्त नदियों विशेषकर गंगा, यमुना, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी में डुबकी लगाते है।

सामान्यत: सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है। यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छ:-छ: माह के अन्तराल पर होती है। भारत देश उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। सामान्यत: भारतीय पंचांग पद्धति की समस्त तिथियाँ चन्द्रमा की गति को आधार मानकर निर्धारित की जाती हैं, किन्तु मकर संक्रान्ति को सूर्य की गति से निर्धारित किया जाता है।

## मकर संक्रांति के अनेको नाम

भारत के अलग-अलग हिस्से में मकर संक्रांति विभिन्न नामों के साथ मनाई जाती है, कर्नाटक में संक्रांति, तमिलनाडु और केरल में पोंगल, पंजाब और हरियाणा में माघी, गुजरात और राजस्थान में उत्तरायण एवं उत्तराखंड मे उत्तरायणी के नाम से जानी जाती है।

मकर संक्रांति (संक्रान्ति) के दिन किसान अपनी अच्छी फसल के लिये भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद माँगते हैं। इसलिए मकर संक्रांति (संक्रान्ति) के त्यौहार को फसलों एवं किसानों के त्यौहार के नाम से भी जाना जाता है।



## पतंग है स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और शुभता का प्रतीक

इस दिन पूजा-पाठ और दान, स्नान का जितना महत्व होता है उतना ही महत्व पतंग उड़ाने का भी है. कई जगह मकर संक्रांति को पतंग पर्व भी कहा जाता है. इस दिन लोग छत पर जाकर रंग- बिरंगी पतंग उड़ाते हैं. पतंग को भारतीय संस्कृति में स्वतंत्रता, उन्मुक्तता और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ से बने लड्डू और गजक जैसी चीजें खाने की परंपरा है.





## मकर संक्रांति से जुड़ी पौराणिक कथाएं।

**प्रसंग 1:** चूंकि, शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, कहा जाता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाया करते हैं। अत: इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है।

**प्रसंग 2:** महाभारत के महान योद्धा भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए , सूर्य के मकर राशि मे आजाने तक इंतजार किया था।

**प्रसंग 3:** इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की एवं सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत के नीचे दबा दिया था। इस प्रकार यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता के अंत का दिन भी माना जाता है।

## सूर्य का ताप मानव जाति के लिए कल्याणकारी है।

भारत में सभी त्यौहार चंद्रमा की स्थिति के अनुसार होते हैं। इसलिए अलग-अलग वर्षों में इनकी तारीखें अलग-अलग होती हैं। मकर संक्रांति सूर्य की स्थिति पर आधारित है और यह त्योहार सूर्य के धनु राशि से मकर राशि राशि में, दक्षिणी गोलार्ध से उत्तरी गोलार्ध में परिवर्तन का प्रतीक है, इसलिए यह हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। .मकर संक्रांति पूरे भारत और दक्षिण एशिया में विभिन्न नामों से मनाई जाती है, **असम में बिहू, तमिलनाडु में पोंगल, बिहार में दही-चुरा, शिशुर संक्रांत (कश्मीर), माघे संक्रांति (नेपाल), सोंगक्रान (थाईलैंड), थिंग्यान (म्यांमार) और मोहन सोंगक्रन (कंबोडिया)।**

मकर संक्रांति का अर्थ "संक्रमण" (transition) है, अर्थात वह दिन जो कुछ परिवर्तन लाता है। इस दिन सूर्य उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी गति प्रारंभ करता है। यह उस दिन को इंगित करता है जब सूर्य गर्म हो जाता है। सूर्य का ताप मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। यह पृथ्वी से प्राप्त होने वाली सभी वनस्पतियों और संसाधनों के लिए जिम्मेदार है। सूर्य के ताप के कारण ही हम चल पाते हैं, बात कर पाते हैं। इसलिए इस दिन हम देवी को फल और सब्जियां चढ़ाते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

कभी-कभी सूर्य की गर्मी मनुष्य को क्रोधित कर देती है। यदि मौसम का परिवर्तन या प्रकृति का परिवर्तन हमारे भीतर परिवर्तन लाता है तो यह उचित नहीं है और क्रोध करना गलत है। हमारे अस्तित्व के छह शत्रुओं में क्रोध सबसे बड़ा है। **यही कारण है कि हम इस दिन गुड़ का सेवन करते हैं ताकि सूर्य की गर्मी बढ़ने पर मीठी-मीठी बातें करें।**

सूर्य-शक्ति का अर्थ आत्मविश्वास भी होता है। सूर्य हमें गर्मी और प्रकाश देता है। अब यह हम पर निर्भर करता है कि सूर्य के ताप से झुलसना है या सूर्य के प्रकाश से आत्म-विश्वास प्राप्त कर दीप्तिमान बनना है।

## सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के शब्द मकर संक्रांति पर

यह आज का दिन इतना शुभ है कि आप सभी को यहां होना चाहिए; क्योंकि आप चुने हुए सैनिक हैं - जो इस पृथ्वी पर सतयुग की स्थापना तक लड़ने जा रहे हैं। क्रान्ति का दिन है। "संक्रांत" का अर्थ है: "सं" का अर्थ है, आप जानते हैं, शुभ, "क्रांत" का अर्थ है क्रांति। आज पुण्य क्रांति का दिन है।


## हमारे सूक्ष्म तंत्र में सूर्य की बहुत ही विशेष भूमिका है

दायीं नाडी (पिंगला नाड़ी), जिसे सूर्य नाड़ी भी कहा जाता है, हमारी शारीरिक और मानसिक या संज्ञानात्मक गतिविधि को नियंत्रित करती है। यह क्रिया का चैनल है। यह रचनात्मकता के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

दायीं नाडी या पिंगला नाड़ी , हमारे दाहिने तरफ की सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम की देखभाल करता है और मानसिक (संज्ञानात्मक) और शारीरिक कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। यह न केवल हमारी शारीरिक ऊर्जा और गतिशीलता को बढ़ावा देता है, यह बौद्धिक ऊर्जा प्रदान करता है जो स्मृति, ध्यान, फोकस, तर्कसंगत और विश्लेषणात्मक सोच जैसी संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ावा देता है। यह रचनात्मकता का चैनल भी है।

सूर्य नाड़ी क्रिया, योजना और भविष्यवादी सोच की ऊर्जा के लिए वाहक है, जो हमारी मानसिक और शारीरिक गतिविधियों को संचालित करता है।

इसीलिए जब हम सहज योग ध्यान का अभ्यास करते हैं, हम अपने ऊर्जा चैनलों को साफ करते हैं और इस प्रकार हम सांसारिक समस्याओं के चमत्कारी उपचार और समाधान प्रकट करते हैं क्योंकि हमारे चारों ओर दैवीय शक्तियों से जुड़ने के बाद, हम परम पिता परमेश्वर के यंत्र बन जाते हैं!




Sahaja Darshan Prachaar Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800

FREE

www.nirmaldham.org
www.sahajayogamumbai.org

सहज योग ध्यान पूर्णतः निःशुल्क है